राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 70
लखनऊ, शनिवार 26 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मौदहा आईटीआई में छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए टैबलेट 07

भारत शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए बाध्य 12



# जिलाधिकारी ने किया पांच परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण, हड़कंप

- शिक्षक बनीं डीएम: बच्चों से हल करवाएं गणित के सवाल, परखी शिक्षा की गुणवत्ता
- नौनिहालों को नहीं बंटा दूध, डीएम खफा, सप्लायर एनजीओ पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए
- यूपीएस राजापुर में विद्युत कनेक्शन न होने पर भड़की डीएम, बाधाओं को दूर कराकर कराए कनेक्शन



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर क्षेत्र अंतर्गत संविलियन विद्यालय सदर, पीएस नौरंगाबाद, यूपीएस खीरी टाऊन और विकास खंड सदर के अंतर्गत पीएस राजपुर, यूपीएस राजापुर का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, बीईओ देवेश राय, सुभाष वर्मा मौजूद रहे।

सर्वप्रथम डीएम नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय सदर पहुंची, जहां उन्होंने मौजूद अफसरों को परिसर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं घास कटवाने के निर्देश दिए। इस दौरान मिड डे मील रोस्टरनुसार तहरी परोसी जा रही थी। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता परखी और दिवाली से पूर्व सभी बच्चों को भोजन की थाली प्रदान किए जाने के लिए बीईओ को निर्देशित किया। बर्तन की गुणवत्ता व स्वयं परखने की बात कही। *बच्चों से संवाद के दौरान जाना फल और दूध मिलता है। बच्चों ने फल तो मिलने की पुष्टि की पर दूध न दिए जाने की बात बताई। दूध न मिलने की बात सुनकर डीएम काफी नाराज हुई। सप्लायर एनजीओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।* विद्यालय परिसर में लगे झूले को ठीक करने के लिए भी निर्देशित किया। नगरीय क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने हेतु बेसिक महकमे के अफसरों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने नौनिहालों को शैक्षिक स्तर जांचा और दुलारते हुए चॉकलेट का वितरण भी किया।

## 1200 कुंटल धान की खरीद के साथ सरकारी क्रय केंद्र पर हुई शुरुआत

**बेलराया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कृषि उत्पादन मंडी समिति तिकुनिया में सरकारी क्रय केंद्र पर 1200 कुंतल धान की खरीद की गई है। केंद्र प्रभारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि किसानों को धान सुखाकर पंखा लगाकर लाने को कहा गया है।

मंडी समिति में 6 धान क्रय केंद्र खोले गए हैं। जिसमें चार धान क्रय केंद्र मार्केटिंग विभाग तथा एक एक पीसीएफ,पीसीयू का है। मार्केटिंग के अलावा अन्य केंद्रों पर अभी तक एक दाना धान की खरीद नहीं की गई है। मार्केटिंग विभाग के एमआई अभिषेक तिवारी ने बताया कि उनके केंद्र पर 1200 कुंतल की खरीद की गई है। धान गीला आने के कारण किसानों को धान सुखाकर,पंखा लगाकर साफ करके लाने को कहा गया है। वही मंडी समिति परिसर में गल्ला व्यापारी किसानों का धान तेजी से खरीद रहे हैं। मंडी समिति के सचिव सुरेंद्र कुमार विमल ने बताया कि किसानों का धान मानक के अनुसार 1800 रुपए से अधिक की बोली लगाकर बिक्री कराया जा रहा है किसी किसान को धान बिक्री करने में यदि कोई दिक्कत है तो उनसे जाकर कार्यालय में संपर्क कर सकता है। किसान की पूरी मदद धान बिक्री करने में की जाएगी। फिलहाल किसानों ने कहा है कि सरकारी केंद्र पर मानक बहुत कठिन है जिसके चलते गल्ला व्यापारियों को धान बिक्री करना पड़ रहा है।

## निघासन में निर्माणाधीन गौशाला का औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम

- ईंट और मसाले का सैंपल लेकर भेजा लैब

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद लखीमपुर की नगर पंचायत निघासन में योगी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत आवारा गौवंशीय पशुओं के संरक्षण के लिए करोड़ों रुपयों की लागत से बनाई जा रही कान्हा गौशाला के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने की खबरों का संज्ञान लेकर तकनीकी टीम के साथ एसडीएम के रात में अचानक निर्माणाधीन गौशाला पहुंचने पर गौशाला के निर्माण स्थल पर अफरा तफरी मच गई।

भ्रष्टाचार का यह मामला नगर पंचायत निघासन के पटेल नगर वार्ड का है, जहां एक करोड़ बयासी लाख की लागत से बन रही कान्हा गौशाला में ठेकेदार के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण में लगने पीला दोमा ईट का प्रयोग किया जा रहा है, वहीं पूरे निर्माण में मौरंग की जगह बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जहां सभासद के पति ने खराब निर्माण को लेकर नाराजगी जताते हुए ईंटों की गुणवत्ता का रियल्टी चेक करते हुए ईट तोड़ने और खराब मसाले का वीडियो भी वायरल किया था, जिसकी गुणवत्ता को लेकर 23 अक्टूबर को समृद्धि न्यूज ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया।

प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर गुरुवार की रात तकनीकी टीम के साथ एसडीएम राजीव निगम ने गौशाला कार्यस्थल का औचक निरीक्षण किया, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ, वायरल वीडियो में स्वयं एसडीएम ईंटों सहित पुरानी दिवाल में लगे मसाले की गुणवत्ता को चेक किया, निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की पुष्टि के चलते निर्माण में प्रयोग किए गए ईट और मसाले का सैंपल एक बोरी में भरकर सील करते हुए लैब में जांच के लिए भेज दिया।

जांच के दौरान, सभासद पति अमित भार्गव ने जेई अरविंद यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने बाउंड्री वॉल की नींव में घटिया ईट का प्रयोग किया है, जिसका सैंपल अभी नहीं लिया गया है। अब सवाल यह उठता है कि जब कार्यों में तकनीकी जांच के लिए जेई को मौके पर जाकर कार्य की गुणवत्ता जैसे ईंट, सरिया, मौरंग सीमेंट आदि का चुनाव स्वयं करना होता है, तो शासन प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर ठेकेदार इतना बड़ा गोलमाल कैसे करते हैं, क्या इस भ्रष्टाचार में ठेकेदार से लेकर जेई, अधिशाषी अधिकारी सब शामिल हैं। अब यह जांच का विषय है। मामले में एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर तकनीकी जांच के लिए जेई के साथ कार्यस्थल पर जाकर निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने संविलयन विद्यालय से कीमती सामान चुराया



**ईसानगर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय चहमलपुर का है जहां बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़कर कार्यालय में रखा 20 किलोग्राम आटा ,35 किलोग्राम चावल, 8 किलोग्राम अरहर की दाल, कुर्सी , 5 किलोग्राम तेल ,बर्तन, बच्चों के खेल की सामग्री सहित अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। सुबह चोरी की घटना की जानकारी होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मिथिलेश राना द्वारा खमरिया पुलिस को तहरीर देकर चोरी के शीघ्र खुलासे की मांग की गई है।

### प्रतिबंधित पशु हत्या मामले में दस गिरफ्तार, बारह फरार



**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने प्रतिबंधित गो वंशीय पशु का वध मामले में दस व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वही बारह व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। अमीरनगर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी ने बताया कि पुलिस शांति व्यवस्था तलाश वारंटी, वांछित की तलाश व देख रेख में मामूर थे ।तो स्थानीय पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कस्बा अमीरनगर के पश्चिम मोहल्ले में गन्ने के खेत में पिछले दिनों रात में कुछ लोगों ने प्रतिबंधित पशु को काट दिया और मांस को स्वयं के उपयोग के लिए आपस में बांट लिया है। बृहस्पतिवार को देर रात मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि प्रतिबंधित पशु की हत्या करने बाले एक विद्यालय के पास बैठकर आपस में बात चीत कर हैं। सूचना पाकर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी मय हमराहियों के साथ मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंच कर दस व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं बारह व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। चौकी प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से अवैध शस्त्र, प्रतिबंधित पशु को काटने के औजार एवं गौवंशीय खाल व अवशेष बरामद हुए हैं। वांछित व्यक्तियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता पुरस्कृत



**मितौली खीरी।** विकास खंड मितौली क्षेत्र के संविलियन विद्यालय कैमहरा में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेलो दौड़ ऊंची कूद खो खो कबड्डी आदि का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव के द्वारा किया गया जिसमें निम्नलिखित शिक्षक साथियों ने उपस्थित रहकर अपना, अपना योगदान प्रदान किया। प्रतियोगिता संपन्न करवाने में मुख्य भूमिका राजीव कुमार,रामवीर सिंह,सौरभ पांडेय,अनुपम बाजपेई रवि शंकर शुक्ला, दिनेश चौहान, अरविंद कुमार,आशीष कुमार मिश्रा सहित निर्णयक मुनेश कुमार व अमित शर्मा उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न



**बेलरायां खीरी।** तिकुनिया क्षेत्र में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में संपन्न हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिसमें आर. एन. इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया दो परीक्षा भवन बनाये गए जिसमे 60 बच्चों ने भाग लिया संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी विक्रांत दीक्षित ने विद्यालय का निरीक्षण किया तथा परीक्षा के नियमों के बारे में बताया और उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पूरे भारत में प्रतिवर्ष होती है जिसमे विद्या भारती व गायत्री परिवार के सहयोग से परीक्षाएं संपन्न होती हैं। इसका मकसद यह है की हमारे देश की महान विभूतियों को हमेशा याद रखा जाये एवं संस्कार केंद्रों को बचाया जाये जिससे आने वाले भविष्य में हमारी संस्कृति को सुरक्षित रखा जा सके द्य जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा, प्रधानाचार्य अजय अवस्थी, उपप्रधानाचार्य विक्रांत दीक्षित, शैलेश शुक्ला, प्राइमरी अध्यापिका काजल वर्मा, अंचन तिवारी आदि लोगों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता दिखाई। महाराजा अग्रसेन इंटरकॉलेज और अन्य क्षेत्रीय स्कूलों में भी परीक्षा हुई हैं।

### रिलायंस ट्रेंड्स लखीमपुर का भव्य शुभारंभ एवं म्युज़िकल नाइट का हुआ आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** शहर के झंडी पेट्रोल पंप स्थित रिलायंस ट्रेंड्स का दिनाँक 24 ऑक्टूबर ब्रहस्पतिवार को भव्य शुभारंभ उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी द्वारा किया गया एवं म्युज़िकल नाइट का आयोजन रिलायंस ट्रेंड्स के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि चारु चौधरी का स्वागत में रिलायंस ट्रेंड के लखनऊ से पधारे एरिया मैनाजर अवनीश पांडे व मारकेटिंग हेड रक्षान खान, रजनीश वर्मा , शाखा प्रबंधक शुएब अहमद व रिलायंस परिवार के लोग उपस्थिति थे व उदघाटन मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर बिल्डिंग के स्वामी राजा राजेश्वर सिंह, विधायक धौराहरा विनोद शंकर अवस्थी, रमाकांत शुक्ला व अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थिति थे।

## युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता



**बेलरायां खीरी।** कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के बेलरायां तकिया पुरवा के निवासी राजा पुत्र जाहिर मिस्री जोकि घर से 23/10/2024 को सिंगाही थाना क्षेत्र बेलरायां में स्थित जिम सेंटर जाने के लिए अपनी मोटर साइकिल से बुधवार की शाम करीब आठ बजे निकला था काफी समय बीत जाने के बाद राजा पुत्र जाहिर जब घर नही पहुंचा तो परिजनों ने फोन किया तो मोबाइल बंद बताने लगा। तब परिजनों ने राजा की तलाश आस पास सहित रिश्तेदारी में भी की। काफी तलाश किया लेकिन कही जब पता नहीं चला तो परिजनों ने सिंगाही थाना में प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कर युवक को बरामद करने की मांग की है।

## कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना मैलानी क्षेत्र के नेशनल हाईवे गोला खुटार पर कस्बा संसारपुर मे पुलिस चौकी के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर मय हमराही पुलिस के साथ अपनी पुलिस जीप से घायल को तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुमित शुक्ला 25 वर्ष पुत्र भानु प्रकाश शुक्ला ग्राम लुधौरा थाना गोला जिला खीरी का निवासी था, जो कि अपनी बाइक से अपनी बहन के यहां दिवाली का सामान लेकर खुटार जा रहा था रास्ते में कस्बा संसारपुर पुलिस चौकी के पास गोला की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर संख्या क्र21सी एन 3159 ने सुमित की बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। सुमित भानु प्रकाश शुक्ला का तीन बेटियों में इकलौता पुत्र था। मौत की सूचना पाकर स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के पिता भानु प्रताप शुक्ला गोला कोतवाली में तैनात होमगार्ड है। चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने बताया ,कंटेनर को कब्जे में ले लिया गया है एवं मृतक के शव का पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया गया है।



## परास्नातक परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर भानु प्रताप ने लहराया परचम

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा दो स्वर्ण पदक पहना कर दी गई बधाई

**लखीमपुर खीरी।** 21 अक्टूबर 2024 को आयोजित राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ के प्रथम दीक्षांत समारोह में जनपद के अंतर्गत ब्लाक बिजुआ के निवासी भानु प्रताप पुत्र अवध नारायण बाजपेई ने परास्नातक परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेल पटेल के द्वारा दो स्वर्ण पदक पहना कर बधाई दी गई।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड के निरीक्षण के साथ बलवाड्रिल का किया आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस लाईन्स खीरी मे परेड के पश्चात शान्ति-व्यवस्था के मद्देनजर आयोजित मॉक बलवा ड्रिल का भी आयोजन किया गया। जिसमें एंटी राइट गन, अश्रु गैस गन आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों का प्रयोग कर पुलिस बल द्वारा अभ्यास किया गया। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा बलवाईयों एवं दंगाइयों पर नियंत्रण हेतु मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया।

## नपं निघासन में भ्रष्टाचार को लेकर सभासदों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी की नवसृजित नगर पंचायत निघासन में निर्माण कार्यों में व्याप्त भरी भ्रष्टाचार को लेकर सभासदों ने मोर्चा खोल दिया है। भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग करते हुए सभासदों ने डीएम को संबोधित एक शिकायती पत्र एडीएम को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत में करोड़ों रुपये के कार्य बगैर टेंडर प्रक्रिया के ही किए जा रहे हैं। वहीं सभासदों ने आरोप लगाते हुए बताया कि नगर पंचायत द्वारा की जाने वाली बोर्ड की बैठक में पास किए गए प्रस्तावों को ओवरराइटिंग करके बदल दिया जाता है। सभासद प्रतिनिधि अमित कुमार, बाबूराम, मो. असलम, मुन्ना खान, अमित वर्मा पिंटू, शिवदेवी, नीलू गिरी, रमेश मौर्य, सहित दयाशंकर पाल का आरोप है कि बोर्ड बैठक में कार्यवाही रजिस्टर में ओवरराइटिंग कर मनमाने ढंग से प्रस्ताव पास किए जाते हैं। बिना किसी मरम्मत कार्य के लाखों की धनराशि निकाली जा रही है।

वहीं निघासन नगर पंचायत में बिना टेंडर के मनमाने तरीके से निर्माण कार्य और भर्तियां भी की जा रहे हैं, चंद्रगुप्त नगर वार्ड में चेयरमैन के घर से रामखेलावन के घर तक और श्रवन के घर से रपटा पुल तक सीसी रोड का निर्माण बिना किसी टेंडर के कराया गया है। ऊषा इवेंट गार्डन के सामने नियमों की अनदेखी कर निजी जमीन पर इंटरलॉकिंग का काम करवाया गया है। साथ ही, नगर पंचायत कार्यालय में बिना किसी प्रक्रिया के कर्मचारियों की भर्तियां की जा रही हैं। वहीं स्वच्छ पेयजल योजना में भी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सभासदों का कहना है कि सिद्धि इंटरप्राइजेज और मधुबाला फर्म द्वारा निर्माण कार्य में मानकों को दरकिनार कर किया जा रहा है। यहां तक कि नगर पंचायत की स्वच्छ पेयजल योजना में भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सभासदों की शिकायत पर एडीएम संजय सिंह ने कहा कि मामले की गहराई से जांच कराई जाएगी, आरोपों की सत्यता परखने के लिए सभी तथ्यों की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं स्वच्छ पेयजल योजना में भी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सभासदों का कहना है कि सिद्धि इंटरप्राइजेज और मधुबाला फर्म द्वारा निर्माण कार्य में मानकों को दरकिनार कर किया जा रहा है। यहां तक कि नगर पंचायत की स्वच्छ पेयजल योजना में भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सभासदों की शिकायत पर एडीएम संजय सिंह ने कहा कि मामले की गहराई से जांच कराई जाएगी, आरोपों की सत्यता परखने के लिए सभी तथ्यों की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## टीडीएस के प्रावधानों पर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के रोटरी क्लब में चार्टर्ड अकाउंटेंट ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सीए विजय गुप्ता ने सीए यू बी अवस्थी के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला का उद्देश्य बजट में टीडीएस के प्रावधानों में आये बदलाव व आयकर रिटर्न दाखिल करने में आने वाली जटिलताओ से अवगत कराना था। कार्यक्रम में सीए सोमेश बरतरिया ने 194क्यू व टीडीएस के नये प्रावधान 194टी पर अपने विचार रखे तथा उपस्थित सदस्यों की शंकाओ का समाधान किया। कार्यक्रम में सीए रोशन अग्रवाल ने अपने संबोधन में आयकर रिटर्न दाखिल करने में आने वाली दिक्कतों से मेम्बर्स को अवगत कराया। कार्यक्रम के सभी वक्ताओं को मूमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीए अमित गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे सीए शगुन बाथम, सीए महेंद्र बाजपेयी, सीए छैल बिहारी समेत अन्य सदस्यो ने कार्यक्रम में भाग लिया एंव कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## घर में घुसकर किया जानलेवा हमला, पीड़ित की शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

- बीती रात पुलिस ने पीड़ित व उसके परिवार का कराया मेडिकल उसके बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**ओयल खीरी।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भले ही अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात भले कह रहे हो लेकिन उनके आदेशो का पालन होता दिखाई नही दे रहा है। आदेश धराशाही होते दिखाई दे रहे है। इसी क्रम में मामला ओयल चौकी अंतर्गत क्षेत्र का है। 24 अक्टूबर को थाना खीरी क्षेत्र के ओयल कस्बे के ग्राम डिप्टी पुरवा निवासी हरेराम पुत्र श्री राम अपने भाई के साथ मजदूरी फसल धान काटी थी जिसके चलते अत्यधिक रात्रि हो गयी थी तो फसल का सुबह बटवारा करने को कहा था लेकिन उसी रात पीड़ित हरेराम के घर मे विपक्षी राम चरन अजय नीरज घुस गए और पीड़ित उसकी पत्नी बिट्टो पुत्री काजल पर बेलचा लोहे का ,डंडो से मारने पीटने लगे जानलेवा हमला कर दिया। जैसे तैसे पीड़ित ओयल चौकी पहुंचा तो वहां से उसका मेडिकल जिला अस्पताल करवाया गया लेकिन जानलेवा हमला होने के बावजूद पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार नही किया न ही मौके पर पहुंचे। जिसके कारण पीड़ित दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। फिलहाल पीड़ित ने पुलिस से सुनवाई न होते देख अपनी शिकायत जन सुनवाई पर दर्ज कराई।



> इस सम्बंध में चौकी इंचार्ज प्रवीर कुमार गौतम से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है देख रहा हूँ।

## धरा को सजाने, हरा-भरा बनाने वाले पर्यावरण मित्र समूह को नपा अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




लखीमपुर नगर की धरा को सजाने इसे हरा-भरा बनाने वाले पर्यावरण मित्र समूह के अद्वितीय कार्यों को नगर पालिका परिषद द्वारा सराहते हुए कोर कमेटी सदस्यों का सार्वजनिक अभिनंदन कर सम्मानित किया गया।

दशहरा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिष्ठित मंच पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद शंकर अवस्थी, विधायक धौरहरा, दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख लखीमपुर एवं भारी संख्या में उपस्थित जन मानस के मध्य नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डा इरा श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, मेला कमेटी एवं विभिन्न सभासदों द्वारा नगर भर में ट्री गार्ड्स सहित पौधारोपण, सतत देखभाल करते हुए सफलता पूर्वक हरियाली महा अभियान चला रहे पर्यावरण मित्र समूह को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पर्यावरण मित्र समूह की संरक्षक डा इरा श्रीवास्तव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, पर्यावरण मित्र समूह कोर कमेटी सदस्य विशाल सेठ, राम मोहन गुप्त, मयूरी नागर, अनुश्री गुप्ता, प्रिया दीक्षित, पूनम श्रीवास्तव, कुमकुम गुप्ता, रश्मि महेंद्रा, सपना कक्कड़, सीमा गुप्ता, पूजा सिंह, मधुलिका त्रिपाठी एवं संजय गुप्ता को माल्यार्पण, शाल्यार्पण और विशिष्ट सहयोगी प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विनोद शंकर अवस्थी द्वारा पर्यावरण मित्र समूह के कार्यों को अद्भुत और अनुकरणीय, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव ने अभूतपूर्व, अविश्वसनीय और कीर्तिमान योग्य तथा अधिशासी अधिकारी संजय कुमार द्वारा अकल्पनीय और हरित क्रांति का पर्याय की संज्ञा प्रदान करते हुए उत्तरोत्तर इस दिशा में कार्य करने, सभी में ऐसे ही जागरूकता पैदा करने के साथ निकट भविष्य में स्वच्छता जागरूकता अभियान में भी सक्रिय सहयोग की कामना की।

ज्ञातव्य है विगत दिनों पड़ी भीषण गर्मी और असहनीय तापमान से प्रभावित जीवन की संरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए गठित पर्यावरण मित्र समूह ने विभिन्न संस्थाओं और सेवियों के सहयोग ने सम्पूर्ण नगर में वृहद वृक्षारोपण कर उन्हें ट्री गार्ड्स और नेट की सुरक्षा प्रदान की तथा नगर पालिका एवं समाज के सहयोग से निरंतर पौधों की देखभाल और जल सेवा कर धरा को सजाने इसे हरा भरा बनाने का सफलतम कार्य किया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 70
लखनऊ, शनिवार 26 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जन जागरुकता रैली 10

चिकित्सा पेशेवरों का काम जिम्मेदारियों भरा : द्रोपदी मुर्मु 12

## अगले पांच वर्षों में बढ़ाई जाएंगी मेडिकल की 75 हजार सीटें : नड्डा

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के 53वें स्थापना दिवस समारोह और दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में एमबीबीएस और एमडी की सीटों में 100 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

इसके साथ आने वाले पांच सालों में सरकार एमबीबीएस की 75 हजार सीटें और बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ ही लोगों को प्रदान करता है।

सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र के लिए 30-35 लाख रुपये खर्च करती है। उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाएं।

## महाकुम्भ में विश्व को चौंकाएगा देश का इकलौता बिना मूर्ति वाला शक्तिपीठ

- सरकार के निर्देश पर चल रहा अलोपशंकरी के सिद्धपीठ का नव निर्माण

विकास तिवारी

**प्रयागराज।** प्रयागराज का आदिकालीन अलोपशंकरी का सिद्धपीठ श्रद्धा एवं आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा है। इस महाकुम्भ में यह सिद्धपीठ भी आस्था के प्रमुख केंद्रों में एक होगा।

अलोप शंकरी मंदिर दुनिया का एकमात्र ऐसा शक्तिपीठ है, जहां माता की कोई मूर्ति नहीं है। इसीलिए इसके पुनर्निर्माण के लिए सरकार की ओर से 7 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। वर्तमान में करीब 55 फ़ीसदी से अधिक निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। 15 दिसम्बर तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में यहां के धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण का कार्य चौबीसों घंटे अनवरत चल रहा है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालु महाकुम्भ की पौराणिक मान्यता के अनुरूप दुनिया के सबसे भव्य सांस्कृतिक आयोजन के उत्सव के भागीदार बनें। सरकार ने इसके लिए करीब साढ़े छह हजार करोड़ रुपए की 500 से अधिक परियोजनाओं को साकार रूप देना शुरू कर दिया है।



सरकार की ओर से सात करोड़ रुपए की राशि की जा रही खर्च

### सभी धर्मों के लोग करते हैं दर्शन

स्थानीय लोगों बीच मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन मात्र से व्यक्ति का दु:ख दूर हो जाता है। यहां की सबसे खास बात ये है कि सभी धर्मों के लोग इस मंदिर में आते हैं। कहा जाता है कि बच्चों की कई बीमारियां जब डाक्टर भी नहीं ठीक कर पाते तब लोग इस मंदिर में आते हैं। मंदिर के कुंड के पानी से बीमारियां ठीक हो जाती हैं।

### प्रयागराज में दारागंज के पश्चिम में स्थित है मंदिर

प्रयागराज में दारागंज के पश्चिम अलोपीबाग में देवी का मन्दिर है। अलोपशंकरी देवी के इस मन्दिर के गर्भगृह के बीचो बीच एक रंगीन कपड़ा लटकता रहता है, जिसके नीचे एक खटोली बंधी रहती है। भक्त यहीं आकर माला-फूल चढ़ाकर दर्शन करते हैं। पौराणिक मान्यता है कि सती की एक अंगुली यहां पर गिरी थी। मन्दिर में एक चबूतरा है, जिसमें एक कुण्ड है। इस कुण्ड के ऊपर ही खटोली रहती है।

### अंग्रेजी व चीनी लेखकों ने भी किताबों में बताया महाकुंभ का महत्व

सरस्वती पत्रिका के संपादक अनुपम परिहार के मुताबिक प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक मार्क ट्वैन ने 1896 में जब यहां की यात्रा की तो प्रयागराज के धार्मिक उत्सव देखकर बड़ा आश्चर्यचकित हुआ। उन्होंने अपनी एक पुस्तक में यहां का जिक्र किया है। उन्होंने लिखा है कि सौ राज्यों, हजारों बोलियों तथा लाखों देवों का राज्य है ये। यह मानवीय बोली की जन्मस्थली है। भाषाओं की जननी है। यह एक ऐसा राज्य है जिसे एक बार देख लेने के बाद कहीं और जाने की जरूरत नहीं। सातवीं शताब्दी के चीनी यात्री व्हेनसांग ने भी अपनी प्रयागराज की यात्रा को लेकर महाकुम्भ का अद्भुत वर्णन किया है।

### यह है पौराणिक मान्यता

पुराणों के अनुसार, यहां मां सती के दाहिने हाथ का पंजा एक कुंड में गिरकर लुप्त हो गया था। जिसके बाद इस मंदिर का नाम देवी अलोपशंकरी रखा गया है। यह मंदिर मां शक्ति के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है।

सीएम योगी ने महराजगंज में 940 करोड़ की 505 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण, कहा

## रोजगार सृजन करें निकाय-पंचायतें

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नगर पंचायत और स्थानीय निकाय विकास के आयामों से जुड़ें और नागरिक सुविधाओं का विस्तार करने के साथ ही रोजगार सृजन भी करें।

महराजगंज के चौक बाजार में शुक्रवार को 940 करोड़ रुपये की 505 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास तथा नगर पंचायत चौक बाजार के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर तथा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों तथा आम नागरिकों के लिए भी विचारणीय आत्मावलोकन का अवसर है कि विकसित भारत के निर्माण में उनकी क्या भूमिका होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग, एमएसएमई, कृषि विभाग, उद्यान विभाग की लाभार्थीपरक योजनाओं समेत मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, दिव्यंगविजन सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, चाबी, प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत युवाओं को टैबलेट वितरित किए। योगी ने राजस्व विभाग, युवा कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, होमगार्ड तथा समाज कल्याण विभाग में नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रही है। कहीं पर बड़े-बड़े हाईवे बन रहे हैं, एयरपोर्ट बन रहे हैं, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, स्कूल कॉलेज बन रहे हैं। तो इसके साथ ही उद्योग और रोजगार को लेकर भी अनेक कार्य आगे बढ़ाए जा रहे हैं। सरकार के इस काम में साथ देने के लिए स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायत और नागरिकों को भी अपनी भूमिका पर विचार करना होगा। उन्होने ग्राम सचिवालय की तर्ज पर नगर पंचायत के सचिवालय का स्वरूप तय करने पर जोर दिया।

### योगी ने किया बहुउद्देश्यीय इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महराजगंज जिले के चौक बाजार में महंत दिग्विजयनाथ बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण किया। यह स्टेडियम श्री दिग्विजयनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बना है। स्टेडियम के लोकार्पण अवसर मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का अवलोकन करते हुए वहां उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि खिलाड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। स्टेडियम का लोकार्पण करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि खेल की अवस्थाना सुविधाओं के बढ़ने से यहां के खिलाड़ी भी ओलंपिक, एशियाड और कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने के अपने सामर्थ्य को दिखा सकेंगे। प्रदेश सरकार के खेल विकास मिशन के अंतर्गत इस स्टेडियम का निर्माण खेल विभाग की तरफ से कराया गया है। इस स्टेडियम के निर्माण पर 9 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत आई है। यह जिले में ग्रामीण अंचल के लिए पहले अत्यधिक स्टेडियम है।

### कृषक समृद्धि योजना के जरिए प्रदेश में आएगी दुग्ध क्रांति

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने एवं गौ पालकों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें बड़ी सौगात दी है। योगी सरकार मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना लॉन्च कर योजना के तहत प्रदेश में आधुनिक डेयरी इकाइयों की स्थापना करेगी। इससे दुग्ध उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार होगा। इसके लिए योगी सरकार 1015 लाख रुपये खर्च करेगी। दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में योगी सरकार का कदम योगी सरकार ने प्रति पशु दुग्ध उत्पादन के राष्ट्रीय औसत को बढ़ाने के लिए मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की शुरुआत की है। दरअसल, उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में से एक हैलेकिन प्रति पशु दुग्ध उत्पादन की दृष्टि से राज्य राष्ट्रीय औसत से पीछे है। राज्य में वर्तमान में प्रति गाय औसतन 3.78 लीटर दूध का उत्पादन होता है, जो कि राष्ट्रीय औसत से कम है। वहीं, योजना के तहत योगी सरकार ने उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्लों की गायों का चयन कर हाइटेक डेयरी इकाइयों की स्थापना का निर्णय लिया है।

## शाइन सिटी का वाइस प्रेसीडेंट गिरफ्तार, 50 हजार का था इनाम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले शाइन सिटी के डायरेक्टर को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। उसके ऊपर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि आरोपी अकरम ने हजारों लोगों को प्लॉट से लेकर निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए ठगा था। गोमतीनगर इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गोमतीनगर में ठगी के दर्ज मामले में अमेठी के कमरौली नियांवा निवासी मो. अकरम को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ गोमतीनगर थाने चार मुकदमे दर्ज हैं। शाइन सिटी में मो. अकरम खुद को वाइस प्रेसीडेंट बताकर लोगों को जमीन, फ्लैट और शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपए लगवाए थे। जिसके बाद लोगों ने शाइन सिटी के निदेशक से लेकर कर्मचारियों तक के खिलाफप्रदेश भर के कई थानों में 650 मामले दर्ज कराए थे। जिसके बाद पूरे मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई थी। वहीं इसका डायरेक्टर राशिद नसीम अभी तक फरार है।

## फैसला : ज्ञानवापी मूल वाद में शेष परिसर के सर्वे का आवेदन खारिज

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** ज्ञानवापी के मूल 32 साल पुराने मामले में शुक्रवार को सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट युगुल शंभू की अदालत ने वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी का आवेदन खारिज कर दिया। न्यायालय के इस फैसले से वादी हिन्दू पक्ष को बड़ा झटका लगा है। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एएसआई सर्वे का शेष हिस्सा सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर संरक्षित है। इसके साथ ही वादी पक्ष ने सम्पूर्ण सर्वेक्षण करने की मांग के लिए ठोस कारण प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसलिए आगे का सर्वेक्षण आवश्यक नहीं है।

वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी और उनके अधिवक्ता मदन मोहन ने बताया कि हम निचली अदालत के आदेश को इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती देंगे। कोर्ट के आदेश की कॉपी का इंतजार है। वादमित्र ने कहा कि पिछला एएसआई सर्वे अधूरा हुआ। बिना खुदाई के सही रिपोर्ट पेश करना संभव नहीं है। इसलिए ज्ञानवापी क्षेत्र में खुदाई कराने की मांग की गई। वजू खाना, मुख्य गुंबद के नीचे सर्वे नहीं हुआ है। सर्वे सिर्फ एएसआई टीम ने किया है जबकि हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि उसमें पांच सदस्यों की टीम एकत्र करनी थी। एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी का एक विशेषज्ञ को भी इसमें रहना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। एएसआई बिना खुदाई के सही रिपोर्ट नहीं दे सकती। इसके पहले ज्ञानवापी से जुड़े वर्ष 1991 के लार्ड विश्वेश्वर वाद में प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ताओं ने न्यायालय में अपना पक्ष रखा था। मसाजिद कमेटी और वक्फ बोर्ड के अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी दलील में ज्ञानवापी में खुदाई कराकर एएसआई सर्वे कराने का विरोध किया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय का विवरण और उसकी नकल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की थी। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने पत्रावली आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### जि. सहकारी बैंक में 102 करोड़ के घोटाले में दो अफसर निलंबित

**इटावा।** यह घोटाला साल 2016 से 2023 के बीच हुए लेनदेन की ऑडिट के दौरान पाया गया। विगत 16 जुलाई को गबन के मामले में कोतवाली इटावा में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इस अवधि में कुलदीप सिंह और दीपक गुप्ता बैंक के सचिव एवं सीईओ रहे। कुलदीप फिलहाल इसी पद पर झांसी में तैनात थे। आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता बीएन सिंह ने दोनों को निलंबित करते हुए डीजीपी को पत्र लिखकर इस प्रकरण में संलिप्त रहे अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है।

### मुंबई से कंडला आ रही फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**भुज।** मुंबई से कंडला आ रही स्पाइस जेट एयरलाइन्स के विमान को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। स्पाइस जेट एयरलाइन्स के एक्स एकाउंट पर मुंबई-कंडला फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद कच्छ पूर्व की पुलिस समेत विभिन्न जांच और सुरक्षा एजेंसियों ने कंडला हवाईअड्डे पर जांच की है। कंडला हवाईअड्डा प्राधिकरण के अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है। जेट के एक्स अकाउंट पर बम संबंधी धमकी के बाद कंपनी ने इसकी जानकारी हवाईअड्डा प्राधिकरण को दी। हवाईअड्डा पर विमान आने से सभी सुरक्षा व जांच एजेंसियां कंडला हवाईअड्डा पर पहुंच गईं।

### बिश्नोई के भाई अनमोल की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**नई दिल्ली।** एनआईए ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी को लेकर लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। साथ ही उसकी गिरफ्तारी के लिए 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। एनआईए के बयान के मुताबिक अप्रैल माह में अभिनेता सलमान खान के मुंबई आवास के बाहर गोलीबारी की घटना में संलिप्तता के आरोप में अनमोल को जांच एजेंसी की मोस्टवांटेड सूची में डाल दिया गया है।

## यूपी में अब डीएम-कमिश्नर को देना होगा निवेश व रोजगार का ब्योरा

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने अधिकारियों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के अनुसार, अब सभी डीएम और कमिश्नर को अपने-अपने जिलों में निवेश और रोजगार सृजन के संबंध में एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट (एसीआर) देनी होगी।

बताया जा रहा है कि आने वाले दो तीन हफ्तों के अंदर इस व्यवस्था को लागू कर दिया जाएगा। यह जानकारी मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने दी। इस व्यवस्था को लागू करने वाला यूपी देश का पहला राज्य बनेगा। वहीं, इस फैसले को लेकर मनोज सिंह ने कहा- बेहतर कार्य करने वाले जिलाधिकारियों की छवि भी बेहतर बनेगी। वार्षिक आधार पर निवेश और सीडी रेशियों की मॉनिटरिंग होगी।

## भाजपा, सपा व एआईएमआईएम प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे

समृद्धि न्यूज

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विधानसभा उप चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सिंह राज और एआईएमआईएम के रवि गौतम समेत शुक्रवार को अंतिम दिन कई प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किए। हालांकि इस दौरान कल 30 नामांकन खरीदे गए थे लेकिन 19 नामांकन दाखिल हुए हैं।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा ने पहले नवयुग मार्केट स्थित चुनाव कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के साथ बैठक की। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ महापौर सुनीता दयाल प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सिंह राज ने भी अपना पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनीष त्यागी, महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। वहीं एआईएमआईएम के प्रत्याशी रवि गौतम ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ जिला अध्यक्ष मनमोहन गामा उपस्थित थे। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में कुलभूषण त्यागी निर्दलीय, पवन सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी, विनय कुमार शर्मा निर्दलीय, मिथुन जायसवाल निर्दलीय, श्रीमती पूनम हिन्दुस्थान निर्माण दल, गयादीन अहिरवाल राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी, सोम प्रताप गहलोत अखिल भारतीय आर्य सभा, वीरेन्द्र कुमार पब्लिक पॉलीटीकल पार्टी एवं सत्यम शर्मा ने निर्दलीय नामांकन किया गया।

## सहारनपुर स्टेशन के पास टला रेल हादसा, मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**सहारनपुर।** सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर उस वक्त बड़ा रेल हादसा टल गया जब स्टेशन से कुछ ही दूरी पर अनाज से भरी मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी पंजाब के गुरुहरसहाय से मेरठ के बामनहेड़ी की ओर जा रही थी। इसी दौरान जब मालगाड़ी सहारनपुर रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची तो दो डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना सुबह 6 बजे की बताई जा रही है। सूचना पर रेलवे स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी समेत रेलवे के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के पास मालगाड़ी के आने-जाने के लिए अलग से ट्रैक बनाया गया है। देर रात को एक मालगाड़ी पंजाब जिले के फिरोजपुर के गुरुहरसहाय से अनाज लेकर निकली थी।

## कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन तक पहुंचने वाले सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

एजेंसी



**पुणे।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शुक्रवार को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन एक कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गए। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने दिलीप वेंगसरकर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1979 में 23 साल की उम्र में 1000 रन का आंकड़ा छुआ था। वर्तमान में, जायसवाल 2024 में सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वालों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 14 मैचों में 1305 रन बनाए हैं। इस साल जायसवाल ने सिर्फ 10 मैचों में 59.23 की औसत से 1007 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। 2024 में तीन और टेस्ट मैच बचे हैं, ऐसे में उनके पास भारतीय दिग्गजों द्वारा बनाए गए कुछ सबसे बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है। सचिन तेंदुलकर के नाम एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय द्वारा सबसे ज़्यादा टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड है, जिन्होंने 2010 में 14 मैचों में 1562 रन बनाए थे।

## दाना का कहर : एक की मौत 2.16 लाख लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आए चक्रवाती तूफान दाना ने तबाही मचाई है, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। प्रशासन ने अब तक 2.16 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस संकट पर नियंत्रण के लिए रातभर राज्य सचिवालय में रहकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री प्रभावितों तक पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि एक व्यक्ति घर पर तारों से जुड़ा काम कर रहा था। इस बीच हादसा हुआ और उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी और यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार मृतक के परिवार की सहायता करेगी। ममता ने कृषि विभाग से चक्रवात से प्रभावित कृषि भूमि का सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए हैं।

## गैस, एलर्जी, सर्दी जुखाम, उल्टी सहित 49 दवाओं के सैंपल फेल

समृद्धि न्यूज

- बाजार से दवाईयां होगी वापस लेने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** गैस, एलर्जी, सर्दी जुखाम, उल्टी, कैल्शियम, विटामिन-12 के साथ कुल 49 दवाओं के सैंपल मानकों में फेल पाए गए हैं। शुक्रवार को केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने इसको लेकर अलर्ट जारी किया है।

ड्रग्स कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया राजीव सिंह रघुवंशी ने मीडिया को बताया कि हर महीने 3000 दवाइयों के सैंपल्स की जांच की जाती है। इसमें जो भी मानकों की जांच में फेल पाए जाते हैं, उनकी वेबसाइट पर रिपोर्ट जारी की जाती है। इसी क्रम में इस महीने करीब 49 दवाओं के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं जिसकी सूची वेबसाइट पर डाल दी गई है। इन सभी दवाओं को बाजार से वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं। इन दवाओं की सूची में डायबिटीज की दवा, दर्द निवारक, आई ड्रॉप्स और बुखार, उल्टी के सिरप शामिल हैं। राजीव सिंह रघुवंशी ने बताया कि सीडीएससीओ द्वारा की गई दवाओं की जांच और निगरानी से कम प्रभावकारिता वाली दवाओं के प्रतिशत में भारी कमी आती है। परीक्षण किए गए लगभग 3000 नमूनों में से 49 दवाओं को वापस लेने के लिए कहा गया क्योंकि उन्हें कम प्रभावकारी पाया गया।

संबोधन

प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में 18वें एशिया प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन को किया संबोधित

## भारत की विकास गाथा से जुड़ने का यह सही समय : मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 18वें एशिया प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई स्थान नहीं है। उन्होंने विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत की विकास गाथा से जुड़ने का यह सही समय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, मांग और डेटा के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और बुनियादी ढांचा भारत के विकास के उपकरण हैं। इन सभी को आगे बढ़ाने के लिए भारत के पास आकांक्षी भारत (एआई) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दोहरी शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य की दुनिया की जरूरतों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विविधीकरण और जोखिम-मुक्ति का सबसे बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। भारत वैश्विक व्यापार और विनिर्माण केंद्र बन रहा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रिकॉर्ड निवेश कर रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा में भाग लेने, मेक इन इंडिया पहल और मेक फॉर द वर्ल्ड में शामिल होने का यह सही समय है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब भारत की गतिशीलता और जर्मनी की सटीकता मिलती है, जब जर्मनी की इंजीनियरिंग और भारत का नवाचार मिलता है और जब जर्मनी की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलती है तब इससे इंडो-पैसिफिक सहित दुनिया का बेहतर भविष्य सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी व्यवसाय की दुनिया से जुड़े हैं और आपकी प्राथमिकता व्यवसाय होता है लेकिन भारत आना केवल व्यवसाय नहीं है।

यदि आप भारत की संस्कृति, भोजन और खरीदारी के लिए समय नहीं देते हैं तो आप कई चीजों से चूक जाएंगे। जर्मनी में कुशल भारतीय कर्मचारियों के लिए वीज़ा की संख्या को 20 हजार से बढ़ाकर 90 हजार करने के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की स्किल्ड मैनपावर पर जर्मनी ने जो भरोसा जताया है, वो अद्भुत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जर्मनी के विकास को नई गति मिलेगी।

# दो युवकों की हत्या, एक को मारा चाकू, दूसरे को ट्रेन के नीचे फेका







**गोण्डा समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की बीती रात्रि में दो युवकों की हत्या करने की खबर मिलते ही हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के भट्ठा परेड बन्दरहा निवासी 25 वर्षीय बब्बन पांडेय उर्फ विजय कुमार पांडेय पुत्र राम कुमार पांडेय व 32 वर्षीय दीपक पांडेय पुत्र सुरेश कुमार पांडेय की हत्या कर दी गई। बब्बन पांडेय उर्फ विजय की चाकू से गोद कर करने के बाद मेडिकल कालेज के पीछे लाश को झाड़ी में लाकर फेक दिया गया। दीपक की हत्या करने के बाद उस के शव को छिटना पुर रेलवे क्रासिंग के पास ला कर फेका गया। हत्या होने की खबर मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल और नगर कोतवाली मनोज पाठक मौके पर पहुँच गये। घटना की जानकारी किया। डाक स्कायड और फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल की जांच किया।

मृतक के भाई दद्दन पांडेय ने बताया कि उस के भाई बब्बन पांडेय उर्फ विजय पांडेय के मोबाल पर गुरुवार की सुबह लगभग तीन बजे के आस पास किसी का फोन आया। फोन आने के बाद बब्बन घर से किसी को बिना बताये निकल लिया। मृतक दीपक पांडेय गुरुवार की दोहर में ही घर से निकला था। इस के बाद वापस घर लौट कर नही आया था। घर वाले खोज बीन कर रहे थे। बब्बन पांडेय की लाश मिलने की सूचना एक स्थानीय युवक शिव कुमार पांडेय ने उस के पिता राम कुमार को बताया की पठान पुरवा मेडिकल कालेज के पीछे सड़क के किनारे में खून से सनी लाश पड़ी हुई है। मौके पर जा कर देखा तो लाश बब्बन पांडेय की निकली। हत्यारों ने उस को फोन कर के बुलाया और फिर चाकुओं से कई बार कर उस की हत्या कर दी गई। हत्यारो ने ही दीपक पांडेय की भी हत्या करने के बाद उस के शव को उठा कर छिटना पुर रेलवे क्रासिंग के पास लाकर फेंक दिया और उस को ट्रेन दुर्घटना दिखाने दिखाने का प्रयास किया गया। मृतक दीपक पांडेय के पिता सुरेश पांडेय ने बताया कि उस के पुत्र की हत्या करने के बाद शव को ट्रेन के नीचे फेका गया।

सुरेश पांडेय भूसा का व्यापारी है। घटना का कारण रंजिश बताई जा रही है। मृतक दीपक पांडेय के बच्चे है। अनमोल और मनवा है। मृतक बब्बन पांडेय और दीपक पांडेय आपस मे चचेरे चाचा भतीजा बताये गये है। बॉक्स पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि हत्या का खुलासा करने के लिए पांच टीमें गठित की गई है। शीघ्र ही हत्यारे पकड़े जायेंगे।

# सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण आयोजित



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों को स्वावलंबी बनाकर व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में छात्राओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई आदि का प्रशिक्षण साप्ताहिक दिया जा रहा है। विद्यालय की कला अनुदेशक पूजा मनमोहिनी द्वारा छात्राओं को विगत कई सप्ताह से यह हुनर सिखाया जा रहा है, बच्चों के रुचि के अनुसार यह शिक्षा दी जा रही है जिसमें दर्जनों बच्चे शामिल हो रहे हैं, कला अनुदेशक पूजा मनमोहिनी ने बताया बिना सिलाई मशीन के बच्चों को सुई, धागा से यह कार्य कराया जा रहा है। खुशी, अंतिम, ममता, शुभी, रोशनी पाल, रश्मि, रोशनी गिरी, अंशिका, माही, महिमा, आरती, शिवा, हिमांशु, राकेश, अमित, दिव्यांशु, पीयूष, मन्नत, गजानंद, शिवानी आदि बच्चे ये हुनर सीख रहे हैं।

# सिविल बार का चुनाव शान्तिपूर्ण संपन्न



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

ज्ञात हो कि विगत वर्षों की भर्ती इस वर्ष भी सिविल वर एसोसिएशन का चुनाव आयुक्त/एल्डर कमेटी अध्यक्ष रामकरण मिश्रा के निर्देशन में उनकी कमेटी द्वारा शास्त्र पूर्ण ढंग से कराया गया मतदान।

जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुरेंद्र मिश्रा, राम लक्ष्मण तिवारी, महाराज कुमार श्रीवास्तव, सुरेश पाठक के साथ ही विजय प्रकाश तिवारी ने अध्यक्ष पद के लिए ठोकी है ताल देखना होगा कि जातीय समीकरण को ध्यान रखते हुए मतदाता करते हैं अपने मतों का प्रयोग या वरिष्ठ शालीन और कुशल नेतृत्व की तलाश करते हुए बुद्धिजीवी वकील समाज का अधिवक्ता किसे चुनता है अपना अध्यक्ष वहीं महामंत्री पद पर नामांकन के प्रत्याशी अंजलि नंदन श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, संतोष पांडे, उमाकान्त श्रीवास्तव, मुजीबउद्दीन ने अपनेङ्मअपने समर्थकों को अपने पक्ष मे मत करने के लिए खुब रिझाया अब देखना होगा कि मतदाता किसके पक्ष मे करते है मतदान अब तो समय की प्रतीक्षा करे कि ऊंट किस करवट बैठता और कौन पहनता है अध्यक्ष व महामंत्री पद का ताज?

पिछले कई बार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों पर अपना दम लगाते हैं या उनकी तलाश किसी ऐसे कुशल नेतृत्व की है जो अधिवक्ताओं के हित की लड़ाई लड़ सके।

## पीड़ित महिला की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा है कि 15 अगस्त की देर शाम को वह शौंच के लिए अपनी जेठानी के साथ खेत में गई थी।जब खेतों में देखा तो छुट्टा जानवर खेत में चर रहे थे। उनकी जेठानी जानवरों को भगाने लगी। इतने में गांव के ही तिलई ने आकर उसके साथ अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ किया उसके कपड़े फाड़ दिये और अश्लील हरकत करते हुए खेत में पटक दिया। इसी बीच उनकी जेठानी आ गई और शोर मचाने पर जब लोग दौड़े तो वह धमकी देते हुए भाग निकले। जब वह अपने घर पहुंची तो तिलई, उनकी पत्नी और बेटी उनके घर पर आए और घर में घुसकर मारपीट किया। पीड़ित महिला की तहरीर पर मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि पुराना मामला है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है,विवेचना की जा रही है।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को डीएम ने लगाई फटकार

- जिलाधिकारी ने की आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त विभागवार शिकायतों की गहन समीक्षा
- आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का स्थल निरीक्षण एवं शिकायतकर्ता से वार्ता के बाद शिकायतों का किया जाए निस्तारण : डीएम



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आइजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न विभागों के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के सभी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। समीक्षा के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न करते हुए समय से शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

बैठक में उन्होंने कहा है कि जिन विभाग के अधिकारियों के द्वारा आईजीआरएस के निस्तारण में लापरवाही की जा रही है उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि शिकायतों के निस्तारण में स्थलीय निरीक्षण के साथ ही शिकायतकर्ता से वार्ता करने के बाद ही शिकायतों का निस्तारण किया जाय। वहीं बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा है कि अपने-अपने कार्यों में सुधार लाएं और शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो, अन्यथा आप सभी की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अपने-अपने विभागों में प्राप्त होने वाले शिकायतों की समीक्षा प्रतिदिन करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी शिकायतों का निस्तारण पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर किया जाय। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि आप सभी लोग अपने-अपने विभागों में आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु विभाग के किसी एक व्यक्ति को नोडल अवश्य बनाएं और उस व्यक्ति से शिकायतों की समीक्षा प्रतिदिन करें, तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न की जाय। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ल, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा, कर्नलगंज, तरबगंज तथा मनकापुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, एआरटीओ प्रशासन, पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी, जिला डीआरडीए चन्द्र शेखर, जिला कृषि अधिकारी, बीएसए, ईडीएम अमित गुप्ता सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ग्रामसभा निंदूरा में पंचायत भवन पर अवैध अतिक्रमण जिम्मेदारों की कार्यशैली उठे सवाल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के विकास खंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत निंदूरा में पंचायत भवन पर नट जाति के लोगों द्वारा किया गया अतिक्रमण चिंता का बड़ा विषय बन गया है। पंचायत भवन जो जनसुनवाई और ग्रामीण विकास के लिए एक अहम केंद्र होना चाहिए था,अब कूड़ा घर बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन के ताला-चाभी गायब हैं और इसके सभी कमरों पर कब्जा कर लिया गया है। ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव की भूमिका पर सवाल, कहीं उनकी मिलीभगत से तो नहीं है यह अतिक्रमण। स्थानीय लोगों का कहना है क्योंकि न तो कोई शिकायत दर्ज कराई गई है और न ही पंचायत भवन को खाली करवाने की कोई पहल की गई है। स्थानीय लोग नाराज हैं। पिछले कई महीनों से कोई जनसुनवाई या बैठक नहीं हुई है,जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वे सवाल कर रहे हैं कि यदि पंचायत भवन जैसी महत्वपूर्ण संपत्ति का इस तरह से दुरुपयोग हो रहा है,तो ग्राम विकास कैसे संभव हो पाएगा? इस संबंध में जानकारी करने के लिए खंड विकास अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया,लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला। क्या प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही के कारण यह समस्या और जटिल हो गई है? यह घटना स्पष्ट करती है कि राज्य सरकार की योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने उक्त अतिक्रमण को हटवाये जाने और पंचायत भवन को जनहित में फिर से उपयोग किये जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन द्वारा इस मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जाती है या नहीं अथवा जांच के नाम पर महज खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

### डीएम ने वनटांगिया ग्राम अशरफाबाद के सभी परिवारों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को विकासखंड मनकापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अशरफाबाद वनटांगिया ग्राम में समस्त परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। वनटांगिया ग्राम अशरफाबाद में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग का कैम्प लगाकर गांव के समस्त परिवारों का सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनकापुर ने अपनी उपस्थिति में सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

### डीवी कॉलेज के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** शहर के प्रतिष्ठित दयानन्द वैदिक कॉलेज उरई के परास्नातक कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) जून 2024 में विभिन्न विषयों के कुल 09 विद्यार्थियों ने नेट एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जेआरएफ) परीक्षा उत्तीर्ण कर अद्भुत कीर्तिमान स्थापित कर महाविद्यालय को गौरवान्वित करने का कार्य किया। हिन्दी विषय से वैष्णवी पांडेय और ज्योति गुप्ता दोनों छात्राओं ने नेट के साथ जेआरएफपरीक्षा भी उत्तीर्ण की। राजनीति विज्ञान से अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने नेट परीक्षा और साथ ही भूगोल विषय से साक्षी पटेल, सचिन कुमार और साक्षी देवी इन तीनों विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण की। संगीत विषय से सत्यम अवस्थी ने नेट परीक्षा पास की। इसके साथ ही इतिहास से ऋषभ सैंड्रोच और इशू राव ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। विशेष उपलब्धि के रूप में हिन्दी विभाग की छात्रा वैष्णवी पाण्डेय ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रैंक लाकर अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश चन्द्र पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाइयां दीं और शोधकार्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निशा शुक्ला बनीं एसडीएम, सुनी समस्याएं



- मिशन शक्ति के तहत कक्षा 12 की छात्रा बनी एक दिन की एसडीएम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नानपारा नगर क्षेत्र में संचालित सआदत इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा निशा शुक्ला शुक्रवार को एक दिन की एसडीएम बनी।

छात्रा ने फरियाद लेकर आए लोगों की समस्या सुन आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रदेश सरकार की ओर से बालिका सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए, छात्राओं को अधिकारी बनाया जा रहा था।उसी के तहत शुक्रवार को नानपारा नगर में संचालित सआदत इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली मैनहिया गांव निवासी निशा शुक्ला पुत्री नरेंद्र शुक्ला को एक दिन का उपजिलाधिकारी बनाया गया। एसडीएम की कुर्सी पर बैठते ही छात्रा ने महिला और पुरुष फरियादियों की समस्या सुनी। साथ ही जमीन से संबंधित मामले राजस्व और उत्पीड़न से जुड़ी समस्या पुलिस को निपटाने का निर्देश दिया। एक दिन की एसडीएम बन निशा काफी खुश दिखी। वहीं नानपारा के एसडीएम अश्विनी कुमार पांडेय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पुलिस अधिकारी भी मौके पर जमा रहे। छात्रा के गांव के लोग भी काफी खुश दिखे।

## डंपर की टक्कर से बिजलीकर्मी की मौत ड्यूटी कर वापस घर जाते समय हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर में स्थित विद्युत उपकेंद्र बशीरगंज से ड्यूटी कर वापस घर जा रहे बिजली कर्मी को डंपर ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर तिलक गांव निवासी राम आधार उर्फ मून (33) पुत्र पतीराम कोतवाली नगर के मोहल्ला बशीरगंज में स्थित विद्युत उपकेंद्र में सीढ़ी मैन के पद पर तैनात था। गुरुवार शाम को ड्यूटी कर वह बाइक से वापस अपने गांव जा रहे थे। बहराइच राम गांव मार्ग पर फतेपुरवा गांव के पास डंपर ने टक्कर मार दी। मौके पर ही बिजली कर्मी की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक बिजली कर्मी था।

# लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई, रोका जाए हिंदू पक्ष का उत्पीड़न



- राष्ट्र धारक दल के पदाधिकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के महाराजगंज में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान हुए विवाद के विरोध में राष्ट्र धारक दल के पदाधिकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट को दिया। जिसमें हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने समेत पांच मांग शामिल हैं।राष्ट्रधारक दल के जिलाध्यक्ष राहुल पांडेय की अगुवाई में शुक्रवार को कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विसर्जन जुलूस के दौरान समुदाय विशेष के लोगो ने पत्थरबाजी शुरू की थी। इसके बाद भी हिंदू समाज को पुलिस द्वारा परेशान कर जेल भेजा जा रहा है। सभी मृतक राम गोपाल मिश्रा के परिवार को 50 लाख रूपये मुआवजा देने, पत्थरबाजों पर कड़ी कार्रवाई करने, हिन्दू पक्ष का उत्पीड़न रोकने, लाठीचार्ज के दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा सभी ने कहा कि अजान के लाउडस्पीकर को तेज आवाज में बजाने पर रोक लगाया जाए। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह, श्यामू शर्मा, दीपू सोनकर, अभय, श्याम यादव, सचिन यादव, डॉक्टर शैलेन्द्र मोहन, गुलाब चंद्र जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय स्कूल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन

- बालिका और बालक वर्ग के विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय जनपद स्तरीय स्कूल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन हुआ । समापन के मुख्य अतिथि डॉ विकास मिश्रा (हड्डी रोग विशेषज्ञ) के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में इशरत महमूद खान सचिव डीसीए रहे। उप क्रीड़ाधिकारी अभिषेक धानुक ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को बुके देकर व बैच लगाकर स्वागत किया। बालक वर्ग में स्टेडियम टीम 15 पदक के साथ चैंपियन रही जबकि एम्स इंटरनेशनल स्कूल की टीम 9 पदको के साथ उपविजेता रही। बालिका वर्ग में गुरुकुल पब्लिक स्कूल की टीम 7 पदको के साथ चैम्पियन रही जबकि 5 पदको के सूर्या एकेडमी टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग में बेस्ट बॉक्सर स्टेडियम के प्रबल प्रताप सिंह व रुद्राक्ष बुद्धा स्कूल रहे। बालिका वर्ग में बेस्ट बॉक्सर दिव्या वर्मा स्टेडियम व एकता वर्मा गुरुकुल पब्लिक स्कूल रही । बालक वर्ग में उभरता हुआ खिलाड़ी का पुरस्कार स्टेडियम सुमित सिंह एम्स स्कूल अंश कुमार सिंह बुद्धा स्कूल रहे। जबकि बालिका वर्ग में वर्चा कुमारी राजा रजीत सिंह सीनियर सेकेंड्री स्कूल व सुमन सूर्या ऐकेडमी रही। चैंपियनशिप में निर्णायक के रूप में अनुराग चौधरी, सोम यज्ञसैनी, सोनाली निषाद,अमित राणा बलरामपुर, सूरज सिंह,नित्यानंद पासवान, विपिन शाहू मौजूद रहे। आंखों देखा हाल कुसुमेन्द्र सिंह राणा ने सुनाया। इस दौरान बॉक्सिंग सचिव कैलाश यादव, अभिषेक, दिव्या, आस्था, वर्तिका, अरविंद, पंकज सहित खिलाड़ी व अभिभावक मौजूद रहे।

# मकान निर्माण में गिरा विद्युत पोल नगर की बिजली बाधित, टला हादसा

- राजगीर की चेतावनी के बाद भी भवन स्वामी ने करवा दी अधिक खुदाई

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

शहर के मोहल्ला बड़ीहाट मोहल्ले में एक व्यक्ति मकान निर्माण करवा रहा था। इसी दौरान अधिक खुदाई से बिजली का पोल गिर गया। जिसके चलते पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं काम में लगे राजगीर बाल बाल बच गए ।कोतवाली नगर के मोहल्ला बड़ीहाट में मकबरा चौराहा स्थित है। चौराहे के पास पाटन बाल भवन के पास शहर के प्रतिष्ठित मारको टेलर द्वारा मकान का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसके लिए श्रमिक और राजगीर लगे हुए हैं।



मकान निर्माण में अधिक मात्रा में खुदाई करवा दी गई। जिसके चलते बिजली का पोल नीचे गिर गया। लोग मौके से भाग गए, जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया ।वहीं राजगीर का कहना है कि मना करने के बाद भी अधिक खुदाई के चलते घटना घटी है। वहीं विद्युत पोल गिरने क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। इस मामले में सभी ने बिजली विभाग और नगर मजिस्ट्रेट से कार्रवाई की मांग की है।

## उन्माद करने वालों की खैर नहीं : दुर्गा प्रसाद तिवारी

**थाना खैरीघाट में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक**



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना परिसर में आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सभी को सकुशल त्योहार मनाने की अपील की। जिले के खैरीघाट थाना परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गाप्रसाद तिवारी की अगुवाई में आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हिंदू, मुस्लिम एवं अन्य समुदाय के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार को भाईचारे एवं सौहार्द पूर्वक बनाए। उन्होंने कहा कि उन्माद करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। महराजगंज वाली घटना जैसी कोई पुनरावृति न हो इसके लिए आप सभी सतर्क एवं सजग रहे।क्षेत्राधिकारी महसी रवि खोखर ने कहा कि त्यौहार सौहार्द से मनाए उन्माद से नहीं। अराजकता एवं अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस कठोर कार्यवाही करेगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश सिंह ने भी शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शिवपुर राजेंद्र प्रसाद, थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग एवं पुलिस के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिले में बिना मान्यता के 495 मदरसे संचालित, 40 हजार छात्र ले रहें तालीम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- जिले के नानपारा और सदर क्षेत्र में संचालित हैं सर्वाधिक मदरसे

**गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या**
सदर तहसील 110, नानपारा 108, कैसरगंज 105, पयागपुर 70, मिहीपुरवा 58, महसी 44

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 495 मदरसे बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इनमें सदर और नानपारा तहसील क्षेत्र में इनकी संख्या सबसे अधिक है। इन मदरसों में फंडिंग से प्राप्त होने वाली राशि से ही सभी को वेतन दिया जाता है। नेपाल सीमा से सटे बहराइच जिले में 495 मदरसे बिना मान्यता के संचालित है। इन मदरसों को विभिन्न मद से फंड प्राप्त हो रही है।गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को प्राप्त हो रही फंडिंग की जांच और सत्यापन के लिए शासन की ओर से जिले के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को पत्र भेजा गया है। यह पत्र बहराइच जिले में भी दो दिन पूर्व आया है। जिसमें निदेशक जे रीभा ने पत्र जारी कर इनके जांच एटीएस से करवाने की बात कही है।इनमें सबसे अधिक मदरसे नानपारा और सदर तहसील में संचालित हैं। इन मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्राप्त होने वाले फंड से ही वेतन दिया जाता है। मालूम हो कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों में 40 हजार और मान्यता प्राप्त मदरसों में 70 हजार छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शासन का पत्र आया है, इसके बारे में बुधवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी से वार्ता हुई है। एटीएस की यूनिट जिले के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों में फंडिंग की जांच कर रही है। जिसमें सभी को सहयोग के भी निर्देश दिए गए हैं।

# राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

- जिले में 29 अक्टूबर से संचालित होगा पुनरीक्षण अभियान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु 29 अक्टूबर 2024 से संचालित होने वाले अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी की जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को किया जायेगा। डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 09, 10, 23 व 24 नवम्बर 2024 विशेष अभियान तिथियां होंगी। डीएम ने बताया कि निर्धारित समयावधि में प्राप्त होने वाले दावे और आपत्तियों के निस्तारण की तिथि 24 दिसम्बर 2024 निर्धारित है। जबकि निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। डीएम ने बताया कि विशेष अभियान की तिथियों में जनपद के समस्त 2711 बूथ लेवल आफिसर अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक उपस्थित रहकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे। डीएम ने राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि बूथ लेबिल एजेन्टों की तैनाती कर जिला निर्वाचन कार्यालय को सूची उपलब्ध करा दें। डीएम ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण अभियान की सफलता के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बीएलओ की बैठक कराएं तथा पुनरीक्षण अभियान के दौरान शिक्षण संस्थाओं पर फोकस कर विशेषकर 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु करने वाली छात्राओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य जोड़े जाएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि पुनरीक्षण अभियान की विशेष तिथियों में मतदान केन्द्रों पर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय तथा घर-घर भ्रमण के दौरान सभी बीएलओ परिवार में आयी नई बहुओं का नाम अवश्य मतदाता सूची में जोड़े। इस अवसर पर भाजपा से सुनील श्रीवास्तव, कांग्रेस से गोपीनाथ, समाजवादी पार्टी से जफर उल्लाह खां बन्टी, बीएसपी से अशर्फी लाल गौतम, अपना दल से सत्येन्द्र कुमार वर्मा सहित अपर जिला अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निवार्चन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# मॉकड्रिल: दंगाइयों ने पुलिस पर किया हमला

- पुलिस ने दिखवाया अपना दम भीड़ हुई बेदम, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया बाल्वा ड्रिल अभ्यास
- मॉकड्रिल मे उपकरणों के प्रयोग का दिया गया प्रशिक्षण, जनता के बीच में दंगाइयों को पहचानने की क्षमता का करवाया गया अभ्यास





रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

आगामी त्यौहार के मद्देनजर रायबरेली के रिजर्व पुलिस लाइन में बलवा / मार्क ड्रिल जैसे कार्यक्रमों का पुलिस में तैनात कर्मचारी और अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बलवा में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की जानकारी देते हुए प्रयोग करने के तरीके बताए गए।

आपको बता दें कि सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रिजर्व पुलिस लाइन मे पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा के तत्वाधान में बलवा / मार्क ड्रिल के दौरान उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। मीडिया से रूबरू होते हुए पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह ने बताया कि आगामी चुनाव के मद्देनज़र रायबरेली के रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाहियों को और कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण बोर्ड योजना के तहत बलवा/ मॉक ड्रिल के कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके तहत प्रयोग किए जाने वाले उपकरण जैसे रबर बुलेट गन, अश्रु गैस गन,डंडा, हेलमेट,बॉडी प्रोटेक्टर जैसे उपयोग में आने वाले उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान पांच टुकड़ियों में सिपाहियों और उप निरीक्षक के साथ-साथ निरीक्षकों को पूरे प्रोटेक्टर के साथ जनता के बीच में दंगाइयों को पहचानने की क्षमता का भी अभ्यास कराया जा रहा है ।

**मॉक ड्रिल संदेश है... सुरक्षा के अहसास:** मॉक ड्रिल एक क्रिया कलाप है कि कितने तैयार है हम, आम पब्लिक के बीच अचानक कोई विषम स्थिति उत्पन्न हो जाए वो चाहे आंतरिक सुरक्षा को लेकर हो या विषम परिस्थितियों को लेकर और ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए जिसकी वजह से कानून व्यवस्था बिगड़ने लगे। उसे स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन समय-समय पर मॉक ड्रिल करके लोगों के बीच सामंजस्य और उन्हें सुरक्षा का आभास कराया जाता है बलवा या दंगा की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब अफवाहों का बाजार गर्म हो जाता है। इतिहास गवाह है देश में प्रदेश में या किसी भी जिले में जब भी कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हुई है तो इसका मुख्य कारण लोगों के द्वारा फैलाई गई अफवाह या आसामाजिक तत्वों के द्वारा उपद्रव की स्थिति को उत्पन्न करना। इसीलिए समय रहते कितने तैयार हैं हम को लेकर प्रशासन समय-समय पर मॉक ड्रिल के माध्यम से अपनी स्थिति को दर्शाने और सामाजिक तत्वों को यह संदेश देने का काम करती है कि अगर किया अपराध तो मिलेगा आपको अवसाद।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने जैनुल आबदीन को बनाया महासचिव



**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जैनुल आबदीन उर्फ लाला मनिहार को जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली द्वारा अल्पसंख्यक कांग्रेस में जिला महासचिव के पद पर पदोन्नति की गई है ।वही लाला मनिहार ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी को अब और मजबूत करेंगे तथा पार्टी जो भी दिशा निर्देश देगी उस पर कार्य किए जाएंगे और मुझ से छोटे कार्यकर्ता को इतना बड़ा पद देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली एवं कांग्रेस पार्टी को में धन्यवाद देता हूं ।इस मौके पर प्रिन्सू वैश्य अंकुर जायसवाल शाहिद अन्य कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक कांग्रेस में जिला महासचिव बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

# आईटीआई परिसर के सोलर सिस्टम में लगी आग, दो घंटे तक जूझते रहे दमकलकर्मी

मिलएरिया रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के आईटीआई परिसर में देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल और फैक्ट्री की गाड़ियां आग बुझाने के लिए कोशिश करती रही, लेकिन आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल कर्मियों की मेहनत के दो घण्टे बाद आग पर काबू पाया जा सका। नुकसान के बाबत आईटीआई प्रशासन कुछ भी जानकारी देने से इनकार किया है। उनका कहना है कि जांच के बाद ही पता चल सकेगा।



घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री परिसर की है। जहाँ देर रात अचानक आग लगने से आईटीआई में हड़कंप मच गया। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री परिसर में देर रात लगी आग पर दो घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग सोलर सिस्टम के बैटरी सेक्शन में लगी थी।

बताया जा रहा है कि देर रात सोलर सिस्टम के पावर बैकअप की बैट्रियां जहाँ रखी गई हैं वहां अचानक धुआं उठता देख कर सिक्योरिटी ने फायर सेक्शन को जानकारी दी थी। फायर सेक्शन ने तुरंत आग बुझाने का काम किया। उसी बीच सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़िया मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मियों की दो घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। आग लगने से किसी प्रकार की अनहोनी की कोई सूचना नही है। हालांकि इस घटना में सोलर सिस्टम के लिए लगी लाखों रुपये की बैट्रियां नष्ट हो गई है। मौके पर मिल एरिया पुलिस समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

# जिला कारागार में माटी कला केंद्र का शुभारंभ

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

- वन जेल वन प्रोडक्ट के अन्तर्गत बन्दियों द्वारा किया गया अपनी कला का प्रदर्शन



जिला कारागार मे बंदी कल्याण एवं पुनर्वास सहकारी समिति द्वारा, शुरू किये गए माटी कला केन्द्र का जेल अधीक्षक ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस आउटलेट के माध्यम से जेल में निरुद्ध बंदियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका दिया जा रहा है। इस माटी कला केन्द्र में ''वन जेल वन प्रोडक्ट के अन्तर्गत बन्दियों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया जा रहा है। केंद्र में बंदियों द्वारा गणेश-लक्ष्मी जी एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां, लालटेन, ग्लास, कुल्हड़, परई, फ्लावर पाट, कप-प्लेट, पानी के बोतल, कलश, विभिन्न प्रकार के गमले एवं दीवाली के उपलक्ष्य में मिट्टी के साधारण एवं डिजाइनर टाईप के दीये, इत्यादि दर्जन भर से अधिक वस्तुएं निर्मित की जा रही हैं।मिट्टी के निर्मित वस्तुओं की बिक्री एवं उपयोगिता को बढ़ावा देने हेतु कारागार प्रशासन द्वारा समय-समय पर आयोजित लोक अदालत कार्यक्रमों/प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मिट्टी के निर्मित वस्तुओं की उपयोगिता के दृष्टिगत् उत्पादन में वृद्धि एवं विक्रय हेतु सुलभ बाजार मुहैया कराये जाने के सम्बन्ध में स्थानीय माटी कला बोर्ड, रायबरेली से पत्राचार कर बोर्ड के पदाधिकारियों से सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। 25 अक्टूबर 2024 को ''जिला कारागार रायबरेली, विक्रय केन्द्र'' नामक आउटलेट की स्थापना भी की गयी है।अमन कुमार सिंह जेल अधीक्षक रायबरेली ने बताया की पुरुष और महिला बंदी मिलकर 16 लोगों ने माटी कला की आकृतियां बनाई गई है जिनको मार्केट में भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## थाने में आयोजित हुई फीस कमेटी की बैठक

**डलमऊ रायबरेली।** आगामी त्यौहारों मैं शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली डलमऊ परिसर में पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के प्रधान व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं कस्बे की गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे पीस कमेटी बैठक में आगामी त्यौहार धनतेरस,दीपावली,भैया दूज व कार्तिक पूर्णिमा को लेकर कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर की मौजूदगी में त्योहारों को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई और सभी से शांत गोवर्धन से त्योहार मनाने की अपील की गई कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने कहा पर्व दिलो को जोड़ने वाले होते है इसलिए हमे सभी त्यौहार आपसी प्रेम व सौहार्द एवं सादगी पूर्ण ढंग से मनाना चाहिए किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे !अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की अफवाह फैलाता है तो सबसे पहले इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दे अराजकता एवं अफवाह फैलाने लोगो पर सक्त कार्यवाही की जाएगी। वही व्यापारियों के साथ कोई अपनी घटना ना हो इसके लिए सतर्क एवं सजग रहने को कहा प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि यदि किसी व्यापारी को बैंक या घर आते जाते समय पुलिस सुरक्षा की जरूरत हो तो वह पुलिस की सुरक्षा ले सकता हैंवअगर किसी सर्राफा व्यापारी को दुकान के आस पास कोई भी व्यक्ति संदिग्ध दिखे तो पुलिस को तुरंत सुचना दे त्योहारों पर भीड़भाड़ का फायदा कोई उचक्के न उठा पाएं इसके लिए सभी व्यापारियों को कोतवाली की तरफ से विशेष सुरक्षा दी जायेगी कोतवाल ने व्यापारियों से निवेदन करते हुए दुकानों व अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लगे कैमरे को दुरुस्त करा लेने की अपील की बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष राम गोपाल वैश्य, आशीष सोनी, ग्राम प्रधान समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# खबरें एक नजर में

## सीमेंट की ईंटों से लदा पिकअप खाई में पलटने से बचा, बाल-बाल बचे चालक खलासी



**बछरावा रायबरेली।** पिकअप में ब्रेक ना लगने से अनियंत्रित पिकअप खाई में लटक कर रुक गया, गनीमत यह रही किसी को कोई चोट नहीं आई। घटना मध्य रात्रि बृहस्पतिवार शुक्रवार की है जब समय लगभग 12 : 30 बजे एक पिकअप जो लखनऊ से सीमेंट की ईट लोड कर पश्चिम गांव के लिए जा रहा था। तभी गजियापुर मोड़ के निकट हाईवे पर पहुंचने से पहले ही, हाईवे पर चढ़ाई होने के चलते पिकअप में ब्रेक न लगने से पीछे को बैक होकर खाई में जाकर लटक गया। रात्रि होने के चलते पीछे से कोई दूसरा वाहन नहीं आ रहा था, नहीं तो दूसरे वाहन से भी टकराकर घटना हो सकती थी। पिकअप चालक टोल बचाने के चक्कर से अपना वाहन लेकर गजियापुर मार्ग से पश्चिम गांव के लिए जा रहा था। पिकअप में सवार चालक व खलासी दोनों बाल बाल बच गए कोई हताहत नहीं हुआ है।

## विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास, पिता ने थाने में की शिकायत

**बछरावा रायबरेली।** शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी एक विवाहित महिला ने एक व्यक्ति के ऊपर छेड़छाड़ अथवा दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। दिए गए शिकायती पत्र में विवाहिता ने आरोप लगाया है कि गुरुवार शाम वह खेतो में स्थित अपने ट्यूबवेल पर जा रही थी । रास्ते मे गांव का ही एक व्यक्ति सड़क किनारे स्थित कुटिया में छुपा बैठा था। जिसने उसे पीछे से पकड़ कर खेतों में गिरा दिया, तथा छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ दिए। फिर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। रोक-टोक करने पर मारपीट भी की है। जब उसने चीख पुकार मचाई। तो पीछे से आ रहे परिजनों को देख वह जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक से भाग गया है। घटनास्थल से ही सूचना 112 पुलिस को दी गई। पुलिस के द्वारा थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराने की बात कही गई। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है ।

## वृद्ध पर कच्ची दीवार पर रखी टीन गिरी, घायल

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार शाम सुबंस खेड़ा मजरे इचौली गांव निवासी रामसनेही पुत्र अगनू उम्र लगभग 70 वर्ष अपने घर में कच्ची दीवार के ऊपर रखी टीन के नीचे कुछ काम कर रहा था। तभी अचानक टीन व टीन पर पड़ा मलबा उस पर भरभरा कर गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे मलबे से निकाल कर सीएचसी पहुंचाया।

## अवैध वसूली का दबाव बनाकर दबंगों ने दी युवक को जान से मारने की धमकी

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दे रहे हैं लेकिन यूपी के जिले रायबरेली में बदमाशों के हौसले बुलंद है थाना लालगंज क्षेत्र के अंतर्गत अनुपम शुक्ला को दबंगों ने एसडीएम कोर्ट के बाहर दी जान से मारने की धमकी की मारपीट, पूर्व में पीड़ित को रु. 1 लाख रुपए ब्याज पर देकर अब तक वसूल चुके 10 लाख रुपए, और रुपए मांगने का बनाते है दबाव, विरोध करने पर लगातार दबंगों द्वारा दी जा रही जान से मारने की धमकी, यह सभी आरोप पीड़ित अनुपम शुक्ला ने लगाए हैं अनुपम शुक्ला ने आरोपी अनु सिंह को जो 10 लख रुपए दिए हैं उसका ट्रांजैक्शन बैंक द्वारा दिया गया है इसको भी मीडिया के सामने प्रस्तुत किया है। थाना लालगंज निवासी पीड़ित अनुपम शुक्ला ने लालगंज थाने में तहरीर देकर बताया है कि 24 अक्टूबर को वह निजी कार्य से लालगंज एसडीएम कार्यालय गया हुआ था जहां पर चार लोगों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी है पीड़ित ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को सुरक्षित थाने पहुचाया, मौके से घटना के आरोपी फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पीड़ित अनुपम शुक्ला ने बताया बीते वर्ष पूर्व अन्नू सिंह समेत 3 अन्य लोगों द्वारा रु. 10 लाख रुपए ब्याज के रूप में लिए गए है जो समय रहते धीरे-धीरे 10 लख रुपए तक ब्याज सहित चुका दिए गए हैं लेकिन जबरन दबंगों द्वारा और रुपए मांगे जा रहे हैं मना करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी जा रही है सभी आरोपी आपराधिक किस्म के हैं जिनके आपराधिक इतिहास भी है। पुलिस अधीक्षक रायबरेली से शिकायत कर न्याय के गुहार लगाई है पुलिस पूरे मामले में शिकायत के अनुसार जांच में जुटी है।

## पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व वाँछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द. नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना सादुल्लानगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25.10.2024 को 02 नफर वांछित अभियुक्त सम्बन्धित मुअसं. 127/24 धारा 108 बीएनएस बनाम 1. घनश्याम चौहान पुत्र राधेश्याम 2. राधेश्याम पुत्र सोमई निवासी गण पिपराग्रन्ट बनकटवा लोनियनडीह थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

## जिला पंचायत सदस्य अनूप सिंह ने सहकारी विकास निगम समिति का किया उद्घाटन



**गैसड़ी,बलरामपुर।** भारत सरकार केंद्रीय सेक्टर योजना कार्यदाई संस्था राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम एवं सी, बी, बी, ओ, अभिनव विकास समिति के सहयोग से संवर्धित एवं विकसित किसान उत्पादक संगठन भोजपुर संतरी में समिति का उदघाटन क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अनूप सिंह ने फीता काट कर किया। उदघाटन में क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समिति के सचिव संतोष तिवारी ने बताया कि सरकार लगातार किसानों के आय को दुगना करने में लगी हुई है उसी क्रम में ब्लाक स्तर पर एफ पी ओ का गठन करके समूचे क्षेत्र के किसानों को सौगात देने का कार्य सरकार ने किया है। सी, बी, बी, ओ, के जिला कॉर्डिनेटर राघवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि किसानों के उत्थान में सबसे बड़ी बाधा बीज और उपज का उचित मूल्य का न मिलना है। किसान को अच्छी बीज नहीं मिल पाती, बीज के नाम पर उन्हें मिश्रित बीज दुकानों से दे दिया जाता हैं जिससे किसान के उत्पादन पर कुप्रभाव पड़ता है और किसान को घाटा सहन करना पड़ता है। किंतु अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि किसानों को प्रमाणित बीज और उसके उपज का उचित मूल्य किसान उत्पादक संगठन एवम औद्यानिक विपणन सहकारी समिति भोजपुर संतरी से मिल सकता है, किसान अपना फ़सल लगाने के लिए बीज भी ले जाए और उपज को अपने एफपीओ को बेंच कर तुरंत भूगतान ले सकता है। इस मौके पर प्रिंस कुमार, राकेश कुमार, समेत दर्जनों गणमान्य किसान उपस्थित रहे।

## सोशल साइट पर अभद्र टिप्पणी करने वाले दो गिरफ्तार



**सलोन रायबरेली।** सोशल साइट पर अभद्र टिप्पणी कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ना दो युवकों को महंगा पड़ गया।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मामला सलोंन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा मटका का हैं।जहां के मोहम्मद इरफान सिद्दीकी पुत्र रसीद निवासी मटका,वसीम खान पुत्र नसीम खान पूरे जोधी निवासी दोनों अभियुक्तों ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं तथा देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी आमर्यादित पोस्ट किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।जिनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी की जा रही है।किसी भी भड़काऊ पोस्ट कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की कोशिश की तो कार्रवाई की जाएगी।

# डलमऊ के पूर्व चेयरमैन की मनाई गयी पुण्यतिथि

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



नगर पंचायत डलमऊ के पूर्व अध्यक्ष रहे स्वर्गीय सुरेश दत्त गौड़ की पुण्यतिथि मनाई गई स्वर्गीय गौड़ 1962 से 1990 तक डलमऊ के नगर पंचायत अध्यक्ष रहे शुक्रवार को उनकी 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय डलमऊ में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद गिरि उपस्थित रहे स्वामी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय सुरेश दत्त गौड़ अदम्य साहस और अद्भुत प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे वह डलमऊ के नागरिकों के हृदय में आज भी जीवंत हैं आज उनसे प्रेरणा लेकर ऐसे ही समाज सेवा सबको करनी चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि पूज्य पिता हमेशा से गरीब एवं असहायों की मदद के लिए रात दिन तात्पर्य रहते थे और असहाय एवं गरीबों की मदद के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया करते थे उनकी प्रेरणा और आशीर्वाद से डलमऊ की सम्मानित जनता ने मुझे चौथी बार सेवा करने का अवसर दिया है मैं भी अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए समाज की सेवा हमेशा करता रहूंगा श्रद्धांजलि सभा के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों व तीमादारों को फल वितरित किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**सलोन रायबरेली।** ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीडा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह का आयोजन किया गया।सलोन के मिनी स्टेडियम में 13 न्याय पंचायतों के विजेता प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दिखाई।मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी रहे।100 मीटर रेस को हरी झंडी दिखाकर खेल का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा खेल से बच्चों की प्रतिभाओं में निखार आता है।सीमित संसाधनो में बेसिक शिक्षक बधाई के पात्र हैं।विजेता छात्रो को खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया।प्राथमिक बालिका वर्ग में मखदूमपुर की गौरी चैंपियन रही।जबकि जूनियर बालक वर्ग में आदित्य पहाड़गढ़ चैंपियन रहे।बच्चों ने तन्मयता और लगन के साथ खेले कार्यक्रम की आयोजक डॉक्टर साधना शर्मा एवं कदीर अहमद ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।इस मौके पर मोहम्मद वसीम, चंद्रबाबू, प्रदीप कुमार,अनिल कुमार, प्रवीण कुमार, पवन कुमार, वेद प्रकाश सुनील कुमार, सुरेंद्र, गौरव शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## चोरों ने एक बोरी सरसों और तीन बोरी गेहूं चुराया

**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे अहलादी मजरे मऊ गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर के बरामदे में रखे भूसे के अंदर बोरियों में रखा आनाज चोरी कर हाथ साफ कर दिया। जब सुबह हुई तो घर मालिक ने देखा, उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी पुलिस को अभी तक नहीं दी गई है। बीते गुरुवार की रात महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे अहलादी मजरे मऊ गांव के रहने वाले श्यामलाल पुत्र महावीर पासी के घर के बरामदे में रखा भूसा में बोरियों में पैक सरसों और गेहूं रखा गया था। अज्ञात चोर भुसैला में प्रवेश कर उसमें रखा तीन बोरी गेहूं और एक बोरी सरसों उठाकर साइकिल से चलते बने। गृह स्वामी ने भुसैला में देखा तो वहां से तीन बोरी गेहूं और एक बोरी सरसों गायब थी। खबर लिखे जाने तक घटना की सूचना गृह स्वामी द्वारा पुलिस को नहीं दी गई।

# रामलीला के पांचवें दिन बाणासुर संवाद और धनुष यज्ञ का आयोजन

सादुल्लानगर(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।



स्थानीय क्षेत्र के लौकिया ताहिर में स्थित बाबा लौकिया में रामलीला के पांचवे दिन रावण बाणासुर संवाद और धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया। राम लीला के पांचवे दिन की प्रस्तुति में दर्शकों को रावण बाणासुर संवाद और धनुष यज्ञ का दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर, प्रभु श्रीराम और उनके भाई लक्ष्मण ने अपनी वीरता और पराक्रम से लोगों का मन मोह लिया। लक्ष्मण ने राजा जनक के निराशा शब्द सुनकर क्रोधित हो गए उन्होने कहा कि सच्चे योद्धा संच्चे क्षत्री अपमान नही सह सकते है जिनको सुनने की ताब नही वह चुप कैसे रह सकते है रघुवंशी वीरों के होते ऐसा भी कोई कहता है जैसा अफसोस भरा भाषण मिथला राज का है। लक्ष्मण को गुरू विश्वामित्र ने समझाया और शांति का परिचय दिया गुरू ने राम से कहा कि जनक के संदेह पर विराम लगाकर धनुष का खंडन करे। गुरु की आशीष पाकर राम जी ने धनुष तोडं कर सबका संदेह मिटा दिया। दर्शकों ने श्रीराम के इस पराक्रम पर जोरदार तालियाँ बजाई। दूसरे भाग में, धनुष यज्ञ का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें राजा जनक ने शिव धनुष को उठाने की चुनौती दी थी। कई वीरों के असफल प्रयासों के बाद, श्रीराम ने भगवान शिव के धनुष को सहजता से उठाकर तोड़ दिया, जिससे उनका विवाह सीता जी से तय हो गया। दर्शक इस अद्भुत दृश्य को देखकर भावविभोर हो उठे। इस प्रकार, राम लीला के इस चरण ने श्रीराम के चरित्र की महानता और साहस को भव्यता से प्रस्तुत किया, और दर्शकों के मन में भक्ति व श्रद्धा की भावना जागृत की। इस अवसर आयोजक मंहन्थ पूर्व व्लाक प्रमुख महंन्थ वीरेन्द्र दास रामलीला के कार्यक्रम सफल बनाने के लिए मनोज यादव,जगत नारायण यादव, रामकुमार व शिवाजी नये कमेटी सदस्य गठित किए गए। इस अवसर पर संतोष कुमार सिंह ऊर्फ पिंकू सिह, नवनीत ओझा, देवानंद तिवारी, मनमोहन दास ऊर्फ राजन ओझा, प्रीतम शास्त्री कृष्ण तिवारी व विनोद कृष्ण शास्त्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने का प्रचलन बढ़ा



**उतरौला/बलरामपुर।** नाबालिग बच्चों द्वारा ई-रिक्शा चलाने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों और यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। इन नाबालिग चालकों का सड़क पर नियंत्रण कम होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार ये बच्चे ई-रिक्शा चलाते समय मोबाइल पर बातचीत में मशगूल रहते हैं, जिससे वे सड़कों पर हो रही हलचल और पीछे से आ रहे वाहनों के हॉर्न को सुन नहीं पाते। इसका परिणाम यह होता है कि ओवरटेक करने वाले वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता से यह समस्या लगातार बढ़ रही है। मुख्य मार्गों और चौराहों पर ये ई-रिक्शा चालकों की उपस्थिति से यातायात बाधित हो रहा है। गूमा तिराहा, मुबारक मोड़ तिराहा, और थाना के पास टैक्सी स्टैंड पर नाबालिग चालकों की भरमार है, जिससे यात्रियों में डर बना रहता है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की इस पर अनदेखी से स्थिति और गंभीर हो गई है। फुटपाथ पर दुकानें लगाने और सड़कों पर वाहनों की अवैध पार्किंग से यातायात और अधिक अव्यवस्थित हो जाता है, जिससे दुर्घटना की संभावना और भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोग प्रशासन से इस पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं, ताकि इन नाबालिग चालकों पर रोक लगाई जा सके।

## एमएलके पीजी कालेज के एनसीसी कैडेटों को 51वीं बटालियन ने किया सम्मानित

**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के एन सी सी कैडेटों के कार्य व्यवहार व उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए 51 वीं बटालियन द्वारा रैंक प्रमोशन करके सम्मानित किया गया है। गुरुवार की देर शाम महाविद्यालय के अंडर ऑफिसर वीरेन्द्र कुमार को प्रोन्नति देते हुए सीनियर अंडर ऑफिसर का रैंक प्रदान किया गया। इसके साथ ही कुल 23 कैडेटों का रैंक प्रमोशन किया गया। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने कैडेटों को रैंक प्रदानकर सम्मानित किया। उन्होंने कैडेटों का आह्वान किया कि राष्ट्रसेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी कैडेटों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान वीरेन्द्र कुमार को सीनियर अंडर ऑफिसर, अंशू वर्मा, तनु मिश्रा, विजय वर्मा, दीपक को अंडर ऑफिसर, रूबी,मांडवी त्रिपाठी, निशि गुप्ता व अवधेश कुमार वर्मा को सार्जेंट,श्रीओम कसौधन,संजीत कुमार गुप्ता ,मुकेश कुमार व अनूप सिंह को कॉर्पोरल तथा योगेन्द्र पाण्डेय, अनिल कुमार निषाद,राशी, खुशबू साहू,आरती चौधरी, महिमा शुक्ला, खुशी मिश्रा, विशाल कुमार गुप्ता, देवीदीन व रविकांत मिश्र को लॉन्स कॉर्पोरल का रैंक प्रदान किया गया। इस अवसर पर बटालियन के सूबेदार मेजर ऑनरी कैप्टन रामनिवास व सूबेदार खड़का बहादुर आदि उपस्थित रहे।



सदस्यता अभियान-2024

# अटल भवन में सक्रिय सदस्यता की समीक्षा बैठक संपन्न

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत गुरुवार को तुलसी पार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता जिला समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपाइयों से जिले में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि जिले में सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी ईमानदारी के साथ भाजपा में नए सदस्यों को जोड़ने का कार्य किया है जो कि सराहनीय है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए सभी लोगों को लक्ष्य निर्धारित किया गया था। ऐसे कार्यकर्ता जिन्होंने अभी तक लक्ष्य को पूरा नहीं किया है वह सभी लक्ष्य को पूरा करने के लिए थोड़ा सा जोर और लगा ले। जिससे सक्रिय सदस्य में शामिल हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान में जुड़े हुए सभी लोग अपने-अपने फार्म को अपने मंडल अध्यक्षों के पास जमा कर दें।सभी कार्यकर्ता अपना सक्रिय सदस्यता वाला फॉर्म पार्टी कार्यालय पर उपलब्ध करवा दे। कहाकि भाजपा सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर सामान्य कार्यकर्ता एक समान है। पीएम मोदी एवं सीएम योगी नेतृत्व में विकास का तेजी से किया जा रहा है। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, वरुण सिंह मोनू, रवि कुमार मिश्रा, विधानसभा प्रभारी डॉ अजय सिंह पिंकू, बिंदु विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष आध्या सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामकरन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, विधानसभा संयोजक शिव प्रसाद यादव, जिला मंत्री अवधेश त्रिपाठी तरुण, जिला मंत्री मनोज श्रीवास्तव, जिला मंत्री सुनीता मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शशांक सिंह गौरव, भाजपा वरिष्ठ नेता विनय प्रकाश त्रिपाठी, अंशुमान शुक्ला, संदीप उपाध्याय, सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समरसता की सोच

देश की सर्वोच्च अदालत ने अपने दो अहम फैसलों में स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। साथ ही यह भी कि भारतीय संदर्भ में यह सोच सदा से रची-बसी रही है।
धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने अपने दो हालिया फैसलों के संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या की है। पहले बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया। वहीं अदालत ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता को लेकर अपनी सुविधा अनुसार व्याख्या नहीं की जा सकती। कोर्ट का निष्कर्ष यह भी था कि संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता शब्द जोड़े जाने से पहले भी यह भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण सोच रही है। अदालत का कहना था कि समानता व बंधुत्व शब्द इसकी मूल भावना को ही अभिव्यक्त करते हैं। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये कहा। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। निस्संदेह, यह वक्त की जरूरत भी है।
वहीं दूसरी ओर बीते मंगलवार को शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफमदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द करने के फैसले को भी अनुचित ठहराया। इसके बजाय कोर्ट ने ऐसे कदम उठाने की जरूरत बतायी जो मदरसों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ सकें। कोर्ट को मानना था कि ऐसे मामलों की की गई संकुचित व्याख्या से उत्पन्न होने वाली विसंगतियों को दूर किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इससे पहले संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से तल्ख सवाल भी किए थे। कोर्ट न जानना चाहा कि क्यों उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप से परहेज है। इस बाबत याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप से परेशानी नहीं है। उन्हें राजनीतिक दलों द्वारा राजनीतिक लक्ष्यों के लिये कालांतर संविधान संशोधन के जरिये इस शब्द को शामिल करने पर आपत्ति है।
दरअसल, अदालत का कहना था कि भारतीय जीवन दर्शन में इस सोच का गहरे तक अंगीकार किया गया है। साथ ही कोर्ट ने मदरसा एजुकेशन एक्ट को रद्द करने को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत बताया। यह भी कि इस शब्द की संकुचित व्याख्या के चलते ही उत्तर प्रदेश के हजारों मदरसों के लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया था। अदालत का मानना था कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढालना जाना चाहिये। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। अदालत ने दो टूक कहा भी कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततरू इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा। यह भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण की भी अपरिहार्य शर्त है। साथ ही एक वाइब्रेंट लोकतांत्रिक समाज की आवश्यकता भी है। निश्चित तौर पर शीर्ष अदालत की ये टिप्पणियां जहां राजनीतिक दलों को आईना दिखाती हैं, वहीं आम लोगों को उदारवादी दृष्टिकोण के साथ सह-अस्तित्व की सोच का पोषण करने की जरूरत भी बताती हैं। जो वक्त के हिसाब से तार्किक भी है।

# पीएम इंटर्नशिप योजना : करके सीखने के विचार का लोकतंत्रीकरण

**वी. अनंत नागेश्वरन/ दीक्षा सुप्याल बिष्ट**



**व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में 'रोजगार रहित प्रतिभा' के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।**
**जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं।**

कल्पना कीजिए रीना (काल्पनिक नाम) के बारे में, जो देश के तीसरी श्रेणी के एक शहर के एक राज्यस्तरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले एक कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक है। उसके कॉलेज में कोई प्लेसमेंट सेल नहीं है और शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद, शिक्षा प्राप्ति के बाद के उसके विकल्प सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी, पड़ोस के स्कूल में पढ़ाने (जिसके लिए उसके पास योग्यता हो भी सकती है और नहीं भी) या शादी कर लेने तक सीमित हैं। कुल मिलाकर, देश के एक तिहाई युवाओं (15-29 वर्ष की आयु के) और आधी से अधिक युवतियों की उपस्थिति शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में नहीं हैं। यही नहीं, देश के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।
पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए आदि को छोड़ कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रुपये भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।
लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकर्ताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है।
युवा उम्मीदवारों के लिए पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देशभर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं। देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है।
नियोक्ता के लिए इंटर्नशिप न केवल दीर्घकालिक रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का परीक्षण करने का कम लागत वाला बेहतरीन प्रयोग है, बल्कि कौशल संबंधी अंतर को पाटने और उसके सीएसआर संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने का रणनीतिक उपकरण भी है। 12 महीनों के दौरान कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ प्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षण की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है।
व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में 'रोजगार रहित प्रतिभा' के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।
जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं।
इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

*(वी. अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं और दीक्षा सुप्याल बिष्ट भारतीय आर्थिक सेवा में अधिकारी हैं।)*

## विचार

# बाघों के बहाने वीरान होते गांव

*राजकुमार सिन्हा*

मध्यप्रदेश में आजकल राजधानी भोपाल से लगे हुए रातापानी अभ्यारण्य को 8 वां टाईगर रिजर्व बनाने की तैयारी चल रही है जिसमें 2170 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें राज्य के सीहोर और औबेदुल्लागंज के वन क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इसके अंदर 32 गांवों के दस हजार परिवार निवासरत हैं। दूसरी ओर अलग- अलग टाईगर रिजर्व के बीच कॉरीडोर बनाया जाना प्रस्तावित है जिसमें अनेक गांवों के विस्थापन की संभावना है। इस कॉरीडोर में कान्हा से पेंच टाईगर रिजर्व, पेंच से सतपुडा टाईगर रिजर्व और बांधवगढ़ से संजय टाईगर रिजर्व को जोडा जाएगा। देश के 19 राज्यों के 53 टाईगर रिजर्व से 848 गांव के 89808 परिवारों को टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्रों से विस्थापित किया जाना प्रस्तावित है जिनमें अधिकांश आदिवासी समुदाय के लोग हैं। अभी तक 257 गांवों के 25007 परिवारों को हटाया जा चुका है। विगत 19 जून 2024 को पर्यावरण मंत्रालय के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने एक आदेश जारी किया है। इसमें सभी राज्यों के अधिकारियों को राज्य में घोषित किए गए टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्रों में मौजूद 591 गांवों और उनके 64801 परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर स्थानांतरित करने का निर्देश शामिल है और इस पर कार्य योजना तथा नियमित प्रगति रिपोर्ट मांगी गई है। एनटीसीए द्वारा विस्थापन को लेकर उठाये गए ये कदम पूर्ण रूप से कानून और संरक्षण के ढाचों व भावनाओं की अवहेलना करते हैं और अनेक संबंधित कानूनों का उल्लंघन करते हैं। इनमें वन अधिकार कानून -2006, वन्यप्राणी संरक्षण कानून 1972 व संशोधित 2006, भू-अर्जन, पुनर्वास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम -2013, पेसा कानून - 1996, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 शामिल हैं। एनटीसीए द्वारा निर्देशित यह विस्थापन वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में संरक्षण के नाम पर सबसे बड़ा विस्थापन होगा।



बाघ परियोजना की शुरूआत 7 अप्रेल 1973 को हुई थी। इसके तहत शुरू में देशभर में 9 श्बाघ अभ्यारण्य बनाए गए थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 53 हो गई है। एनटीसीए के गठन सबंधी प्रावधानों की व्यवस्था करने के लिए वन्यजीव संरक्षण अधिनियम - 1972 में संशोधन किया गया। इन्हीं संशोधनों के बाद वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम-1972 तथा संशोधित 2006 की धारा 38-(4) (ii) के अनतर्गत प्रत्येक टाइगर रिजर्व में बफर क्षेत्र अधिसूचित किया जाना अनिवार्य किया गया है। बफर क्षेत्र क्रिटिकल टाईगर हैबीटेट (संकटग्रस्त वन्यजीव आवास क्षेत्र) या कोर क्षेत्र के चारों ओर का वह क्षेत्र है, जहां कोर क्षेत्र की तुलना में कम प्रतिबंधों की आवश्यकता होती है एवं क्रिटिकल टाईगर हैबीटेट की समग्रता के लिए आवश्यक है। श्वन अधिकार कानून 2006 की कंडिका - 4(2) में प्रावधान है कि संकट ग्रस्त बाघ आवासों की स्थापना राज्य सरकार द्वारा इस विषय पर गठित विशेषज्ञ समिति के परामर्श के आधार पर अधिसूचना के माध्यम से की जाएगी। इन क्षेत्रों की स्थापना वैज्ञानिक तथ्यों और उद्देश्यों के आधार पर बाघ संरक्षण के उद्देश्य के लिए की जाती है। इन क्षेत्रों की अधिसूचना जारी करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि जनजातियों या वन-निवासियों के अधिकारों को किसी प्रकार के प्रभाव से मुक्त रखा गया है। बफ्र क्षेत्र में लोगों की आजीविका, विकास, सामाजिक-सांस्कृतिक अधिकारों के साथ वन्यजीव तथा मानवीय कार्यों के सह-अस्तित्व के उद्देश्यों को बढाना जरूरी है।

बफ्र क्षेत्र की सीमाओं का निर्धारण वैज्ञानिक तथा उद्देश्यों के आधार पर सबंधित ग्रामसभा और इस उद्देश्य के लिए गठित विशेषज्ञ समिति से परामर्श द्वारा होता है। स्थानीय समुदाय और संरक्षित क्षेत्रों (अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान) में वन्यजीवों के बीच टकराव की स्थिति में श्संरक्षित क्षेत्र के अन्तर्गत संकटग्रस्त वन्यजीव आवास क्षेत्र घोषित किए जाने की पूरी प्रक्रियाओं के चरण निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत पहले वन अधिकारों की संपूर्ण मान्यता दी जाती है। उचित प्रतिनिधित्व के साथ विशेषज्ञ समिति गठित की जाती है जिसमें स्थानीय समुदाय का प्रतिनिधि भी शामिल होता है। यह समिति विमर्श की खुली प्रक्रिया अपनाती है। प्रत्येक मामले के लिए व्यक्तिगत रुप से वैज्ञानिक और निष्पक्ष आधार का उपयोग किया जाता है।

संकटग्रस्त वन्यजीव आवास क्षेत्र घोषित करने के पहले वन्यजीवों को होने वाली अपरिवर्तनीय क्षति और उनके अस्तित्व के लिए खतरे को स्थापित किया जाना जरूरी है। यदि क्षेत्र में सामूहिक रूप से कोई खतरा होता है तो सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजनाओं में संशोधन या फ्रि, यदि जरूरी हो तो योजनाओं में दिए गए अधिकारों या उसे लागू करने के तरीकों में संशोधन के माध्यम से सह-अस्तित्व का परीक्षण किया जाता है। अगर सह-अस्तित्व संभव है तो लंबे समय के लिए सह-प्रबंधन प्रणाली बनाई जाती है। अगर सह-अस्तित्व संभव नहीं है तो सबंधित हिस्सों के लिए एक व्यापक पुनर्वास पैकेज तैयार किया जाता है जो मौजूदा कानूनों और नीतियों के अनुरूप हो और जिसे सबंधित ग्रामसभाओं की पूर्ण सहमति प्राप्त हो गई हो। टाइगर रिजर्व की घोषणा के पहले उपरोक्त सभी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज कर गांवों को स्थानांतरित करने पर जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में बांधवगढ़, कान्हा, पेंच, संजय-दूबरी, सतपुडा, पन्ना और वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजव हैं जो अन्य राज्यों से अधिक है। इन 7 टाईगर रिजर्व में से 165 गांवों के 18626 परिवारों को नोटिफाई किया जा चुका है और जिसमें से 109 गांवों के 9058 परिवारों को विस्थापित किया जा चुका है। अब 56 गांवों के 9568 परिवारों को विस्थापित किया जाना शेष है।

विस्थापित परिवारों को जो आश्वासन दिए गए थे, वे पूरे नहीं हुए हैं। सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के गांव साकई, झालई, नया माना और खामदा को जमानी के पास बसाया गया है, परन्तु यहां पीने के पानी तक का संकट है। इसी वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर नई दिल्ली स्थित एक मानव अधिकार समूह द्वारा भारत के बाघ अभ्यारण्य आदिवासी बाहर निकलें, पर्यटकों का स्वागत शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रोजेक्ट टाईगर के कारण अनुसूचित जनजातियों और अन्य वन-निवासी परिवारों के कम-से-कम 5.5 लाख लोग विस्थापित होंगे। 2021 से पहले 50 बाघ अभ्यारण्यों से विस्थापित लोगों की संख्या 254794 थी।

## साहित्य

# नींद



**अनीता वर्मा**



नींद में हम सबसे पवित्र होते हैं
पतित कुछ नहीं होता पतित
अनुभव गोद में झुके होते हैं
गंधक पारे के पीले सफ़ेद फूलों में
एक लड़की है नींद
उसके केशों से गिरता है प्यार
जीवन के दृश्य क्षमा लेते हैं
उदासी पोंछने का एक झाड़न टँगा रहता है
सुबह के फीके बल्ब पर
अपना कोई प्रिय वर्तमान
हम अतीत से माँग लाते हैं
पाँच लाख फूलों पाँच हज़ार नदियों के बीच
शांत बहती हैं साँसें
नींद कहती है आओ गिरो।



# राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# सारे विश्व ने भारत से सीखा परोपकार

*आर.के. सिन्हा*

रतन टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कामों की विस्तार से चर्चा हो रही है। वैसे, जरा गौर करें तो न केवल टाटा समूह बल्कि भारत के हरेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी या उद्योगपति अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे मिल जायेंगे। यह कहना सरासर गलत होगा कि परोपकार की भावना हमने यूरोप से सीखी है। यह कुछ नासमझ अज्ञानियों का प्रचार भर है। भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीनकाल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे संतु निरामया में विश्वास करने वाले हैं। अभी भी आपको पहली रोटी गौ माता को में विश्वास करने वाले लाखों लोग मिल जायेंगे। धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्वपूर्ण स्थान रहा है।
वेद और उपनिषद् जैसे ग्रंथों में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। हिन्दू धर्म में दान और सेवा का बहुत महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास- इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में दान को अहिंसा के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है।
भारत भूमि की देन बौद्ध धर्म में भी दान का खासा महत्व है जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गांधीजी ने सर्वोदय के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवनभर काम किया। मदर टेरेसा ने भी गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा करके मानवता की सेवा की।
रतन टाटा की तरह बिड़ला समूह, अजीम प्रेमजी, नंदन नीलकेणी, शिव नाडार जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपया दान देते हैं। भारत के कारोबारियों के डीएनए में समाज सेवा है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया। जमशेद जी के परोपकार के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद थे, जिसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी निभा रही है। इसी तरह जिस फक्कड़ संन्यासी के आशीर्वाद से घनश्याम दास बिड़ला ने अपना उद्योग जमाया, उस संन्यासी के आशीर्वाद से करनी और बरनी का काम आज भी बिड़ला समूह अपना रहा है। यह अपने धर्मार्थ कार्यों के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।
जमशेदजी टाटा को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है। तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगे और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज़्यादा धन अर्जित करो और ज़्यादा लोगों को रोज़गार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढ़ाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास है कि तुम ऐसा ही करोगे।
स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल विज्ञान का एक बढ़िया संस्थान शुरू कर दिया जो आज फ्रइण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंसफ्र के नाम से विश्वविख्यात है और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज़्यादा आईआईएस में जाना ज़्यादा पसंद करते हैं।
स्वामी विवेकानंद ने दीन-दुखिया जन के लिए सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उनका मानना था कि सामाजिक सेवा ही सच्चा धर्म है। विवेकानंद ने सर्वधर्म समभाव और मानवतावाद का संदेश देते हुए, हर व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की जो आज भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है।
महात्मा बुद्ध, गुरुनानक और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। मध्ययुगीन भारत में राजाओं और धनिकों द्वारा अनेक धर्मार्थ संस्थानों की स्थापना की गई जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और गरीबों की सहायता के लिए समर्पित थे। आपको हरेक गांव, कस्बे, शहर वगैरह में गैर सरकारी प्रयासों से चल रहे स्कूल, कॉलेज, धर्मशालाएं, लंगर और प्याऊ वगैरह मिल जाते हैं।
अभी कुछ दिन पहले शारदीय नवरात्र समाप्त हुए। इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम शहरों में भंडारे चलते रहे। आप कह सकते हैं इस दौरान भंडारों की बहार थी। सब भंडारे के प्रसाद को प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण कर रहे थे। भंडारों में समाजवादी व्यवस्था वास्तव में बहुत प्रभावशाली होती है। भंडारों में प्रसाद के रूप में बंटते हैं छोले, कुलचे, हलवा, पूड़ी-आलू, ब्रेड पकोड़ा आदि। कुछ भंडारों में खीर का प्रसाद भी वितरित होता है। देश की राजधानी दिल्ली भंडारों की भी राजधानी है। कहने वाले कहते हैं कि कैसेट किंग गुलशन कुमार ने भंडारा संस्कृति का पुनर्जागरण किया था। उन्होंने वैष्णो देवी में भंडारे का आयोजन शुरू किया था। तब दिल्ली वाले वैष्णो देवी जाकर गुलशन कुमार की तरफ से चलने वाले भंडारे में भोग अवश्य लगाया करते थे। यहां से ही भंडारा संस्कृति ने पैर जमाए थे।
भंडारे के प्रसाद की बात ही अलग होती है। इसका स्वाद अतुलनीय होता है। ये भंडारे की महिमा ही मानी जाएगी। भंडारा अपने आप में जात-पात और वर्ग की दीवारों को तोड़ता है। इसमें सब प्रेम से प्रसाद लेते हैं। भंडारे का प्रसाद पूरे अनुशासन से लिया जाता है। कनॉट प्लेस में रोज हजारों लोग नवरात्रों के दौरान भंडारे का प्रसाद खाते हैं। जो भंडारा आयोजित करते हैं, वे या तो हनुमान मंदिर के आगे से प्रसाद खरीद कर बांट देते हैं या फिर खुद ही कहीं से बनवा कर लाते हैं। भंडारों की एक खास बात ये भी है कि इनसें प्रसाद हिन्दू, मुसलमान,सिख, ईसाई सब ग्रहण करते हैं।
साउथ दिल्ली के पिलंजी गांव में कुछ युवकों ने कुछ साल पहले 'बालाजी कुनबा' नाम से संगठन स्थापित किया। इसका मकसद जरूरतमंदों की भूख मिटाना है। ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पातल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश वगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन हैं बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमानजी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला बैनर लगा होता है। जिस पर बालाजी कुनबा- एक परिवार भूख के खिलाफ लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग करते हैं। ये अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं। आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार औस समाज सेवा हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है। यकीन मानिए आपको अमेरिका या यूरोप में कहीं कोई भंडारा नहीं मिलेगा। अब आप भारत और यूरोप अंतर को समझ गए होंगे।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# खेल और जीवन एक-दूसरे के पर्याय: डीएम

- कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद स्तरीय कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की खेल कूद प्रतियोगिता बीआरसी कुरारा खेल मैदान में शुभारम्भ हुयी।प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी घनश्याम मीनाए मुख्य विकास अधिकारी नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा ने किया। सर्वप्रथम सरस्वती माँ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजव्वलन कर माल्यार्पण किया गया। तदोपरान्त बालिकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह द्वारा जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा को पुष्पगुच्छ भेंट कर और कैप पहनाकर स्वागत किया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को अपने उद्बोधन में कहा कि खेल और जीवन एक दूसरे के पर्याय है और जीत जाने पर हम सुखद अनुभव करते है जबकि हार जाने पर अगले प्रयास के लिए तैयार होते है। साथ ही उन्होने तेज धावक उसैन बोल्ट का उदाहरण देते हुए समय प्रबन्धन खेल और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि जीवन में नियम संयम आचरण और अनुशासन को जीवन में उतारना है तो खेल को जीवन का अंग बनाइये। समस्त विकास खण्डों की टीमों ने जिलाधिकारी को ध्वज प्रणाम दिया तदोपरांत 100 मीटर प्रतियोगिता को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता प्रारम्भ हुयी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिंकी कुरारा द्वितीय स्थान पर मानसी सुमेरपुर तृतीय स्थान पर अनामिका गोहाण्ड से विजय हुयी। कबड्डी प्रतियोगिता में कुरारा विजेता और राठ उपविजेता रहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह द्वारा पुरस्कार वितरण करके अपने उदबोदन में बच्चों को खेलों में स्वस्थ प्रतियोगिता करते हुए अपना नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया जिससे बच्चों के अभिभावकों के साथ जनपदए प्रदेश और राष्ट्र का नाम रोशन हो सके।

## भरत मिलाप लीला का किया गया मंचन

**राठ(हमीरपुर)।** शुक्रवार को ऐतिहासिक मेले में केवट संवाद और भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। इस दौरान चौपरेश्वर मंदिर में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। कस्बे के चौपरेश्वर मंदिर के तालाब में केवट संवाद का मंचन किया गया। रामए सीता और लक्ष्मण के साथ बनवास जा रहे थे। तभी नदी पार करने के लिए केवट से मित्रता हो गई। इस लीला का मंचन चौपरा मंदिर स्थित श्री हरि मंदिर के तालाब में किया गया। जहां केवट ने रामए लक्ष्मण और सीता को नदी पार कराई। साथ ही भरत मिलाप का मंचन सिकंदरपुर मोहल्ला स्थित सुरेश खेवरिया के घर पर आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया सुरेश खेवरिया कैलाश चंद्र अग्रवाल अजय अग्रवाल प्रशांत बुधौलिया, मुकेश बुधौलिया, केजी अग्रवाल सुनील नगायच काशी प्रसाद अवधेश पाठक आदि मौजूद रहे।

# मौदहा आईटीआई में छात्र-छात्राओं को वितरण किए गए टेबलेट

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्र छात्राओं को सरकारी योजना अन्तर्गत निशुल्क टेबलेट वितरण किए गए। शुक्रवार को कस्बे के छिमौली रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मौदहा में टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कालेज के प्रभारी एवं कार्यदेशक शमशाद अहमद ने मुख्यमंत्री विवेकानंद युवा टेबलेट एवं स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग 50 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किए। टेबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं कार्यक्रम के दौरान कार्यदेशक शमशाद अहमद ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को शासन की इस योजना का लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाए के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान कालेज के अध्यापक धीरेन्द्र कुमार, आनंद पांडेय, लीपिक सौरभ निगम, कमलेश कुमार, छोटे लाल, रियाज़ आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### एकल अभियान खंड पनवाड़ी द्वारा नए 30 एकल विद्यालयों के प्रारंभ को पाठ्य सामग्री का हुआ वितरण



**पनवाड़ी महोबा।** तीस आचार्य बहनों ने 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत मासिक अभ्यास वर्ग के दौरान नए विद्यालयों को प्रारंभ करने के लिए पाठय सामग्री का वितरण हुआ। इस प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य एक गांव एक विद्यालय एक शिक्षक दूर दराज तक के प्रत्येक गांव में कोई बालक, बालिकाएं शिक्षा से वंचित न रह जाए जिसमें शिक्षिकाओं को बोर्ड डस्टर कैलेंडर पेन किताबे कॉपी कैलेंडर बैंग समेत अन्य सामग्री वितरण की गई। कार्यक्रम के दौरान साथ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कार्यवाह सचिन शंकर जी महोबा सह जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख श्री मान जयप्रकाश जी, पनवाड़ी खंड बौद्धिक प्रमुख हरिकिशन गुप्ता जी, एकल अभियान खंड पनवाड़ी के प्रभारी सुरेंद्र राजपूत एवं विद्यालयों में शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षित आचार्य बहनें उपस्थित रही।

### दबंगों ने सब्जी की गुमटी को किया आग के हवाले

**राठ(हमीरपुर)।** बीती रात अराजकतत्वों ने सड़क किनारे रखी सब्जी की गुमटी में आग लगा दी। आग लगने से गुमटी सहित हजारों की सब्जी जलकर राख हो गई है। दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी सुनील पुत्र रामफल ने बताया कि वह गांव में सड़क किनारे सब्जी की गुमटी रखें हुए हैं। साथ में उसकी चाची देव कुंवर भी सब्जी लगाती है। बताया कि सब्जी बेचकर ही घर का गुजर बसर होता है। गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह व चाची दुकान बंद करके घर चले गए। रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि अराजकतत्वों ने दुकान में आग लगा दी। जब तक वह व उसकी चाची दुकान पर पहुंची तो सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया गुमटी सहित करीब 50 हजार की सब्जी जलकर राख हो गई। बताया कि दुकान में बच्चे की साइकिल भी। वह भी जल गई। उसका करीब 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। मौके पर ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई गई। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### सरकारी पुस्तकें कबाड़ी को बिक्री करने पर हेडमास्टर निंलबित, सहायक अध्यापिका ने किया एतराज

**हमीरपुर।** कल सोशल मीडिया में हेडमास्टर द्वारा सरकारी पुस्तके कबाड़ी को बेचने का वीडियो वायरल होने के बाद मामला जांच में सही पाये जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हेडमास्टर को निलंबित कर दिया है। निलंबित हेडमास्टर को कन्या विद्यालय पौथिया में संबद्ध कर दिया गया है। सुमेरपुर कस्वा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती अंजना वर्मा द्वारा बच्चों को मुफ्त बितरित करने वाली पुस्तके बच्चों को न देकर कल कबाडी को बिक्री कर यही नही पुस्तको के साथ अग्निशमन यंत्र भी कबाड में बेच दिया इस पर शिक्षा मित्र व अनुदेशक की पूरी मिली भगत थी। जब इस मामले में सहायक अध्यापिका ममता प्रजापति ने आपत्ति जतायी तो उसे बुरा भला कहा इस पर शिक्षिका ने मामले की जानकारी एबीएसए को दी। वही कल इंटरनेट सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही मामले की जांच शुरु हो गयी। बीएसए आलोक सिंह ने बताया कि जांच में मामला सही पाये जाने पर जिलाधिकारी के आदेश पर प्रभारी हेडमास्टर को निंलबित कर दिया गयाहै वही जांच अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अजीत कुमार निगम को बनाया गया है। मामला चर्चा का विषय् बना हुआ है। इसी प्रकार पुस्तको की विक्री करने की शिकायत पहले और कई स्थानों से प्राप्त हो चुकी है।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट कबरई में मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**महोबा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट पसवारा में ब्लाक कबरई की मिनी बाल क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी कबरई श्री अवनीश यादव जी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया उच्च प्रा.वि. पसवारा की बात छात्राओं द्वारा सरस्वती बन्दना यथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी कबरई ने एवं जिला व्यायाम शिक्षक भूपेन्द्र राजपूत द्वारा हरी झण्डी दिखाकर 50 मीटर दौड़ से किया गया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं की प्रतियोगिता के पश्चात सामूहिक प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराई गयीं। समस्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को जलपान एवं भोजन की व्यवस्था व्यवस्थित रूप से की गयी। प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ में बालक अमन प्राथमिक विद्यालय मकबरई ने प्रथम व शिवम प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर ने द्वितीय स्थान-प्राप्त किया। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में शिवानी प्रा.वि. बबेड़ी ने प्रथम, रिया प्रा.वि. पचपहरा ने दितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तरीय खो-खो वालिका वर्ग में उच्च प्रा.वि. पसवारा विजेता ने उ. प्रा.वि.सीज़हरी उपविजेता रहा। अन्त में सभी विजेता छात्रों व छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पसवारा श्री मति अंशु उपस्थित रहे तथा जागेश्वर गौतम प्र. उच्च प्रा.वि. पसवारा, मनोज मनोज वर्मा सुशील त्रिपाठी नरेन्द्र कुशवाहा, राजेन्द्र सोनी, सुनील पाठक व ब्लॉक के समस्त खेल अनुदेशक व टीम प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कृष्ण कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील त्रिपाठी नारायण तिवारी ने किया।

### एसपी ने भटीपुरा चौकी का किया औचक निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र की चौकी भटीपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है। औचक निरीक्षण के दौरान चौकी में साफ सफाई का स्तर उच्चकोटि का न पाये जाने पर आपत्ति प्रकट की गयी साथ ही चौकी परिसर में खड़े माल मुकदमाती वाहनों में सम्बन्धित मुकदमें का स्पष्ट अंकन न होने के साथ-साथ उनका रखरखाव बेतरतीब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी परिसर में उचित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने व वाहनों का रखरखाव सुव्यवस्थित ढंग से किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित चौकी में तैनात उ.नि. इम्तियाज अहमद व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मछली पकड़ने गए युवक की नदी में डूबने से मौत



**कुरारा(हमीरपुर)।** गुरुवार शाम यमुना नदी में मछली पकड़ने गये युवक की नदी में नहाने के दौरान डूबकर मौत हो गई। देर रात तक गोताखोरों ने खोजबीन की परंतु कोई पता नही चला वही शुक्रवार सुबह गोताखोर युवक के शव को तलाश पाए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव निवासी आशीष कबीर उर्फ टीटू पुत्र रामबाबू कबीर गुरुवार शाम मनकी गांव स्थित पुल के नीचे मछली पकड़ने गया था। वही पर नहाने के दौरान वह नदी में डूब गया। वहीं पास ने ही मछली पकड़ रहे मनकी गांव के ही छोटे ने बताया कि आशीष मछली पकड़ने की डोर डालकर आशीष वही बैठ गया और थोड़ा देर बाद अचानक उठकर कपड़े उतारने लगा और बोला नहाना भी है और नदी में कूद गया काफी देरतक ऊपर न आने पर छोटे ने शोर मचाना शुरू किया तब आसपास मौजूद ग्रामीण वहां पहुचे और आशीष को खोजने का प्रयास किया परंतु सफलता नही मिली। मौके पर पहुची मनकी चौकी पुलिस ने मूसानगर से एक गोताखोर को बुलवाया परंतु देर रात तक आशीष का कोई पता नही चला वही सुबह गांव के कुछ ग्रामीण व गोताखोरों ने एक बार फिर से खोजबीन शुरू की तब सुबह करीब उन्हें आशीष का शव बरामद हुआ। शव बरामद होते ही स्वजनों में चीख पुकार मच गई।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में पांच घायल, कई जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

अलग-अलग दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो सभी घायलों को राहगीरों एवं परिजनों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालात नाजुक होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के सिसोलर गांव निवासी रामसुफल ने गृह कल के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ पी लिया जिससे उसकी हालत गंभीर होने लगी यह देख परिजनों ने आनन फानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत चिंता जनक होने पर प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों जिला अस्पताल के लिए रेफर कर




दिया वहीं जमशेद निवासी फतेहपुर बाइक में सवार हो तड़के हमीरपुर की ओर से मौदहा की ओर जा रहा था तभी बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया वही राहगीरों के मदद से मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया इसी प्रकार रामकिशोर भुलसी गांव निवासी बाइक द्वारा मौदहा की ओर आ रहा था तभी अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से वाइक सहित रोड पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं राय जिलों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया इसी प्रकार गया प्रसाद नगर निवासी बाइक द्वारा घर से बड़े चौराहा की ओर जा रहा था तभी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया हालत चिंता जनक होने पर डॉक्टरो ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं रवि कुमार भूलसी गांव निवासी अपने गांव से मौदहा की ओर आ रहा था तभी बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## नकली सामग्री से पटा पड़ा बाजार, छापा मारकर की जा रही है खानापूरी

**हमीरपुर।** जिले में दीपावली का पर्व नजदीक आते ही नकली खाद्य सामग्री बाजारों में धड़ाधड़ विक्री की जा रही है ,खाद्य सुरक्षा विभाग गिनी चुनी दुकानों मे छापा मारकर खानापूरी कर ली है।

जानकारी के मुताबिक जिले में सिंथेटिक्स दूध से लेकर खोवा तक की विक्री की जा रही है। कानपुर व महोवा नगर सीमा से नकली खाद्य सामग्री की जमकर विक्री की जा रही है। यही नही बाजार में सब्जियां रंग रोगन की विक्री की जा रही है। मगर खाद्य सुरक्षा विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। बताया जाता है कि गैर जिले से टैकरों में मिलावटी दूध जिले में आकर विक्री की जा रही है। यह टैंकर देर रात यहां से निकलकर कस्वाई क्षेत्रो में जाता है। वही पर पहले से मौजूद लोग ग्राहकों को दूध एक सुनियोजित ढंग से देकर बिक्री कराते है जो सेहत के लिये बहुत ही हानिकारक होता है। इधर जिला अस्पताल के डाक्टरों का कहना है कि इस समय पेट के रोगी अस्पताल में बहुत आते है। यह सभी मिलावटी सामग्री की खाने से रोगी हो रहे है ज्यादातर खाद्य सामग्री होटलो व ढाबों में नकली विक्री हो रही है इधर खाद्य सुरक्षा विभाग का कहना है कि उन्हे सैम्पल भरने के लिये लक्ष्य निर्धारित किया जाता है उससे ज्यादा सैम्पल नही भरा जा सकता है। क्योकि शासन से उतनी ही कोर्ट स्लिप जारी की जाती है।

इधर उपभोक्ताओं का कहना है कि गांव से जो दूधिया आते है वे दूध में यूरिया के अलावा केमिकल मिला कर लाते है जिससे लोग पेट के रोगी हो रहे है. खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस मामले में रोक नही लगायी तो लोग गंभीर रोग के शिकार हो जायेगे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने बाल किशोर पुलिस इकाई की गोष्ठी का किया आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

- गुमशुदा/अपहृत बच्चों की बरामदगी, बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के दिए निर्देश
- पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के दिए भी दिए निर्देश

जनपद महोबा के रिज़र्व पुलिस लाइन में स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, वन्दना सिंह की अध्यक्षता में SJPU & AHTU की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी SOP, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/ विवेचक के समक्ष आ रही समस्या, पीड़िता के आवासन, बाल श्रम, नशामुक्त आभियान, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैगिंग समानता, नारी शक्ति, बच्चा चोरी के अफवाहो पर जारी डीजी परिपत्र, किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन, पॉक्सो एक्ट के मुकदमे पंजीकृत करते समय कार्यवाही और बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य और दिशा-निर्देश का पालन आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, बाल संरक्षण, वर्तमान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा, शिक्षा विभाग, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम पर्वतन अधिकारी, प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग जनपद महोबा, जीआरपी, जिला अभियोजन कार्यालय, महिला थाना / एसजेपीयू प्रभारी.निर्देशक चाइल्ड लाइन महोबा के साथ-साथ सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# एसपी महोबा ने जनसुनवाई कर सुनीं फरियादियों की समस्या

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह मौजूद रही।

# डीएम की अध्यक्षता में डैशबोर्ड की प्रगति एवं समीक्षा बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में विकास कार्यो के संबंध में सी.एम. डैश बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं में प्रगति की जानकारी ली इसी प्रकार ए श्रेणी, बी श्रेणी और सी व डी श्रेणी में शामिल परियोजनाओं की स्तिथि देखी।जिलाधिकारी ने उक्त प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई श्रुटि न हो अथवा कोई डेटा पोर्टल पर छुट्ने ना पाए, जिससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने बी,सी, डी और ई ग्रेड बाली परियोजनाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और समय अंतर्गत निस्तारण करें। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर निर्माण कार्य की कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द बाउंड्री वॉल का कार्य को पूर्ण कराया जाए। कार्यदायी संस्था ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय पनवाड़ी, चरखारी, कबरई, जैतपुर में निर्माण कार्य 90त्न पूर्ण कर लिया गया है, नवम्बर माह में चारों बिल्डिंगों को हैंडओवर किया जाएगा। नवीन जिला कारागार निर्माण कार्य को 50त्न कार्य पूर्ण कर लिया गया है मार्च 2025 तक इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। चरखारी नगर पुनर्गठन पेयजल योजना में 81त्न काम को पूरा कर लिया गया है जून 2025 तक इस काम को पूर्ण कर लिया जाएगा।जिलाधिकारी नें पुलिस आवास परियोजना में विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द विद्युत कनेक्शन दिया जाए तथा गोरख गिरी पर्वत में चल रहे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि कबरई कुन्हेटा मार्ग चौड़ीकरण एवम् सुदृढ़ीकरण कार्य को माह दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, , मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आसाराम, डी एस टी ओ मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## 2.7 किग्रा अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध गांजा बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ.नि. सुबाषचन्द्र तिवारी मय हमराह कर्मियों के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महोबा झांसी हाइवे मार्ग टिकरिया मोड़ बहद ग्राम महोबकंठ के पास से अभियुक्त लक्ष्मी चन्द्र सेन पुत्र रामस्वरूप सेन निवासी ग्राम कैथा थाना राठ जिला हमीरपुर को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 02 किलो 70 ग्राम सूखा गाँजा नाजायज की बरामदगी करते हुये गिरफ्तार किया गया । अवैध गाँजा बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं. 202/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है ।

# न्यायालय के स्टे ऑर्डर के बाद भी प्रशासन ने दुकान में चस्पा किया नोटिस

- न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा जिला प्रशासन, पीड़ित ने कहा प्रशासनिक अधिकारियों को भी करा चुके मामले से अवगत

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

रेलवे स्टेशन प्रांगण के बाहर बनी दुकान में नगर पालिका द्वारा नोटिस चस्पा कर दो दिवस के अंदर दुकान खाली करने के निर्देश देने का मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित ने नगर पालिका द्वारा किए जा रहे माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना को लेकर प्रशासनिक अमले को भी पहले ही स्टे ऑर्डर की कॉपी लगा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है लेकिन लगातार नगर पालिका परिषद द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने का सिलसिला थम नहीं रहा है।

बता दें पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया की उसकी मृतक मां शाहिदा खातून पत्नी इस्माइल खान(भूतपूर्व सैनिक) निवासी फतेहपुर बजरिया महोबा के पुत्रगण हैं श्रीमती शाहिदा खातून की दुकान संख्या नगर पालिका में तीन और माननीय न्यायालय में आठ नंबर रेलवे स्टेशन प्रांगण की बाहर स्थित है जिसमें प्राधिकरण काबिज होकर चाय नाश्ता की दुकान करते चले आ रहे हैं इसके संबंध में माननीय न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन एफटीसी महोबा में वाद संख्या 90 सन 2016 मुमताज अहमद आदि बनाम भारत संघ आदि विचाराधीन है जिसमें वादीगणो को माननीय न्यायालय से स्टे का आदेश प्राप्त है जिसमें माननीय न्यायालय ने दिनांक 8 /9/ 2016 को यह आदेश किया कि वर्तमान में यह




निश्चित नहीं है कि विवादित स्थल का वास्तविक स्वामी नगर पालिका परिषद महोबा है अथवा रेलवे महोबा है यह स्वीकृत तत्व है कि विवादित स्थल पर वादीगण काफी अर्शा पूर्व से अपनी दुकान रखकर अपना जीवोपार्जन कर रहे हैं उपरोक्त तथ्य परिस्तिथियों के आधार पर न्यायालय का यह मत है कि विवादित स्थल की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु उभय पक्ष विवादित स्थल पर यथा स्थिति बना रखें और उसकी प्रकृति में कोई परिवर्तन ना करें उपयोग के आधार पर उभय पक्षों को आदेशित किया जाता है कि विवादित स्थल पर वाद के निस्तारण तक यथास्थिति बनाए रखें पीड़ित ने बताया कि उक्त आदेश की जानकारी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा सहित जनपद के जिलाधिकारी मृदुल चौधरी पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल और सदर एसडीएम जितेंद्र कुमार को पत्राचार के माध्यम से दी जा चुकी है इसके बावजूद भी नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए दुकान नंबर 3 और न्यायालय में दर्ज दुकान नंबर 8 में दुकान खाली करने का एक नोटिस चश्मा कर दिया गया है एवं दो दिनों में दुकान को खाली करने का आदेश किया गया है पीड़ित ने आरोप लगाया है कि माननीय न्यायालय के आदेशों को व्यक्तिगत एवं रजिस्टर डाक सेवा करने के बावजूद भी नगर पालिका के जिम्मेदार एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उसे जबरन दुकान से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है प्रार्थी तनवीर एवं तौकीर द्वारा शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रार्थिगणों की आय का स्रोत समाप्त हो जाएगा और परिवार का भरण पोषण नहीं हो सकेगा उन्होंने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय इस्माइल खान भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं और उनकी माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है भूतपूर्व सैनिक के परिवार के प्रति प्रशासनिक अधिकारियों का यह रवैया बड़ा दुखदाई है। भूतपूर्व फौजी का बड़ा बेटा पीड़ित तनवीर छोटा बेटा तौकीर ने जनपद के जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को मामले में दखल देकर न्याय की गुहार लगाई है और न्यायालय के स्टे यथास्थिति का पालिका को पालन करने की बात कही है।

# प्रेमा स्मृति उपवन का चेयरमैन ने किया लोकार्पण

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।




हैदरगढ़ की माटी के लाल कहे जाने वाले व क्षेत्र में शिक्षा के क्रांतिदूत एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती प्रेमा अवस्थी की याद में चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा कस्बा में पुरानी तहसील के पीछे बनवाए गए %प्रेमा स्मृति उपवन% का आज उनके पुत्र ग्राम्यांचल सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ अवस्थी व चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया गया।

बताते चलें कि पूर्व विधायक स्वर्गीय पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती प्रेमा अवस्थी की स्मृतियों को संजोने के लिए चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा कस्बा में प्रेमा स्मृतियों उपवन का निर्माण कराया गया है। पूर्व विधायक स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ अवस्थी की जयंती के मौके पर उनके पुत्र ग्राम्यांचल सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ अवस्थी व चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस मौके पर ग्राम्यांचल सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष पंडित श्री अवस्थी ने कहा कि हैदरगढ़वासी हमारे दिल के बेहद करीब बसते है, हैदरगढ़ के लोग हमारे परिवार के अभिन्न अंग हैं यहां के लोग का हम व हमारे परिवार के प्रति उनका अपनत्वपन का शब्दों में बयां कर पाना बड़ा मुश्किल है। कोषाध्यक्ष श्री अवस्थी ने आगे कहा कि चेयरमैन छोटे भाई आलोक तिवारी द्वारा हमारी माताजी श्रीमती प्रेमा अवस्थी की यादों को संजोने के लिए माता जी के नाम से स्मृति उपवन का निर्माण कराया गया है इसके लिए हम आप सभी लोगों का हृदय भाव से कृतज्ञ रहेंगे। चेयरमैन आलोक तिवारी ने कहा कि मातृत्व प्रेम स्वर्गीय श्रीमती प्रेमा अवस्थी का सदैव हमें मिलता रहा है हमें याद है कि सदैव हमें बेटा कहकर ही पुकारती थी आज वो हम सभी के बीच नहीं है लेकिन हम सभी उनके बताये गए रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी दीपू तिवारी, माता पिता धाम के संरक्षक पंकज मिश्रा, राजकुमार सोनी, बैजनाथ मौर्य, नितिन मौर्य, महेंद्र मिश्रा, नवीन महाराज, अरविंद बाजपेई, लिपिक मनोज यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## मानसिक बीमार महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। काफी दिनों से मानसिक बीमारी से परेशान एक 32 वर्षीय महिला ने रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम सहाबपुर मे शुक्रवार की दोपहर जब सभी लोग जुम्मे की नमाज पढ़ने गये थे तभी मो0 आदिल की 32 वर्षीय पत्नी जेबा खातून ने अपने घर के कमरे मे रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका का काफी समय से मानसिक संतुलन ठीक नही था जिसका इलाज लखनऊ मे चल रहा था। मृतका के पिता हाजी मोहम्मद इसरार पुत्र मो0 सफी निवासी बड़ी चौक थाना व कस्बा सफदरगंज की सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## स्कूल जा रहे मासूम को पिकप ने रौंदा, मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।




स्कूल जा रहे मासूम छात्र को पिकअप ने रौंदा घटनास्थल पर ही छात्र की दर्दनाक मौत हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो रो के बुरा हाल।पुलिस मौके पर पहुंचकर कर रही जांच पड़ताल।

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के आरियामऊ निवासी सत्यप्रकाश तिवारी का पुत्र दिव्यांश उम्र करीब 5 वर्ष जो एसएस एकडेमी कोटवाधाम में नर्सरी का छात्र है। रोज की भांति आज शुक्रवार की सुबह वह पैदल स्कूल जा रहा था। स्कूल के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार पिकअप ने छात्रा को कुचलते हुए सनावा की तरफ भाग गया।ग्रामीण ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुचे परिजनों का बुरा हाल है । कोतवाली बदोसराय थानाध्यक्ष सहित भारी पुलिस पहुच गई और भाग रही पिकअप को मरौचा गांव के पास दौड़ाकर पकड़ लिया है।वही शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई कर रही है। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस कोटवाधाम में तैनात है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं लोगों में दहशत व्याप्त हो गया स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों में घबराहट हुआ दहशक का माहौल व्याप्त है आए दिन तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन इस पर कोई लगाम नहीं लग पा रहा है। इस संबंध में कोतवाली बदोसराय थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस मौजूद है विधिक कार्रवाई की जा रही। ग्रामीणों ने स्कूल के पास में स्पीड ब्रेकर ना होने के चलते इस घटना से जोड़ रहे हैं और ग्रामीणों की मांग है कि स्कूल के पास में स्पीड ब्रेकर बनवाया जाने की मांग की है।

## सर्प दंश का शिकार हुई महिला, जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। शुक्रवार सुबह शौच के लिए निकली एक 55 वर्षीय महिला को किसी जहरीले जीव ने काट लिया जानकारी होने पर घर वाले घटनास्थल पर पहुंच गए तब तक महिला बेहोशी की हालत में चली गई थी। ऑटो रिक्शा की मदद से उसे घर वाले सीएससी हैदरगढ़ इलाज के लिए लेकर पहुंचे , जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला कोतवाली क्षेत्र के पेचरूआ गांव का है जहां की निवासिनी इंदरि पुत्री बिरजू रावत आज सुबह तड़के शौच के लिए गांव के बाहर स्थित एक बाग में गई हुई थी इसी बीच वहां एक जहरीले जीव ने उन्हें डस लिया । इलाज के लिए पहले सीएससी फिर जिला अस्पताल लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। परिजनों ने देर शाम गांव में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। अचानक मौत से जहां परिवार सकते में है वहीं घर में कोहराम मचा हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश महासचिव का आकस्मिक निधन



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। शुक्रवार की शाम को मिले दुःखद समाचार से पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (UPAJ) के प्रदेश महामंत्री राधेश्याम कर्ण का शुक्रवार की शाम हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन होने की सूचना से पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व श्री कर्ण जी वरिष्ठ पत्रकार थे, बेबाक लेखनी पत्रकार हितों के लिए उनका संघर्ष प्रदेश में अलग पहचान बनाया था। स्व कर्ण जी के कुशल संगठनात्मक क्षमता से ही उपज संगठन पत्रकार हितो को लेकर पूरे प्रदेश में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा था। स्व कर्ण जी की अंत्येष्टि उनके गृह जनपद रायबरेली में शनिवार को होगी। राधेश्याम कर्ण के निधन की सूचना से उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट इकाई बाराबंकी के जिला संयोजक दिलीप कुमार श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव जिला महामंत्री रत्नेश कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कश्यप, कोषाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों ने शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करके दुःख व्यक्त किया है।

- पत्रकारों में शोक की लहर, दी गई श्रद्धांजलि

### नशेड़ियों ने दो लोगों से की मारपीट

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। शराब के नशे में चूर एक जुट होकर कई लोगों ने दो लोगों को लात घूसों से मारा पीटा जिसकी शिकायत थाना जैदपुर में की गयी। जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के बरेहठा निवासी कुलदीप कुमार पुत्र सुरेश कुमार ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि लगभग नौ बजे रात में गांव के प्रवेश कुमार,जुगुल किशोर, विपिन उर्फ मोहित पुत्रगण बाबूलाल व बाबूलाल पुत्र ईश्वरदीन शराब के नशे में चूर प्रार्थी को गन्दी गन्दी गाली देने लगे,जब गाली का विरोध किया तो प्रार्थी व उसके भाई किशनचंद व पिता को लात घूसों से मारने के साथ जान से मारने की धमकी दी है। वहीं जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ग्राम चौपाल लगाकर सचिव ने सुनी समस्याएं

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के ग्राम पंचायत किटूरी व ठेकवा माफी के पंचायत भवन में गांव की समस्या गांव में समाधान अभियान के तहत पंचायत सचिव के नेतृत्व में चौपाल बैठक आयोजित की गई।इस मौजूद चौपाल में सैकड़ो ग्रामीण नाली, रास्ता ,साफ सफाई सहित अन्य समस्याओं को बताया। शुक्रवार को किटूरी पंचायत भवन में ग्राम प्रधान अमरेश कुमार व ठेकवा माफी में प्रधान बड़की की अध्यक्षता आयोजित चौपाल में गांव के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। जिसमें ग्राम पंचायत में नाली साफ सफाई सहित विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। जिस पर सचीव के द्वारा सभी को आश्वासन दिया गया कि गांव में साफ सफाई के साथ ही जो अन्य समस्याएं हैं उनका निस्तारण एक सप्ताह में किया जाएगा।इस अवसर पर सचिव सुरेश यादव, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### निःसंतान महिला ने घर मे फांसी लगाकर दी जान, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा मजरे रहरामऊ मे बीती रात्रि एक 50 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली एक वर्ष पूर्व मृतका के पति की मृत्यु हो चुकी है तथा निसंतान होने के कारण मृतका घर मे अकेली रहती थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बीती रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम भग्गापुरवा मजरे रहरामऊ निवासी 50 वर्षीय माला देवी पत्नी स्व0 संजय कुमार ने अपने ही घर के एक कमरे मे पंखे से साडी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली मृतका के पति संजय कुमार पुत्र सत्यनाम की एक वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है तथा कोई संतान न होने के कारण घर मे अकेली रहती थी। मृतका मनरेगा योजना मे होने वाले विकास कार्यो की सोशल ऑडिट टीम मे ब्लाक रिसोर्स परसन पद पर काम करती थी। शुक्रवार की सुबह 9 बजे तक घर का दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने घर के अंदर खिड़की से देखा तो माला का शव फंदे से लटकता देख पुलिस को सूचना दी मौक़े पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही मृतका के भाई नवल किशोर पुत्र सत्यनाम निवासी ग्राम ठाकुरपुरवा थाना बदोसराय ने परिजनों पर हत्या की अशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम भग्गापुरवा मे 50 वर्षीय महिला ने फांसी से आत्महत्या कर ली है शव को पोस्टमार्टम आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### बिजली चोरी पकड़ने के लिए अलसुबह टीम ने की छापेमारी



जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। विभाग द्वारा लगातार बिजली चोरों पर पैनी नजर रखते हुये सुबह सुबह बिजली विभाग के लोगों को अपने गांव में देखने से मच गया हड़कंप। कांबिंग अभियान में बकाया वसूली करने के साथ 40 लोगों के कनेक्शन को भी चेक किया गया। साथ ही चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्यवाही की गयी। आलाधिकारियों के आदेशानुसार जैदपुर विद्युत वितरण केन्द्र जैदपुर द्वारा बिजली की चोरी की रोक थाम व बकाया वसूली के लिये विभागीय टीम शुक्रवार को सुबह सुबह कांबिंग अभियान में रानीगंज फीडर के 40 कनेक्शन चेक कर 4 बकायादारों के कनेक्शन को काट कर 61000 रू राजस्व वसूली की । साथ ही धर्मराज पुत्र इंदल प्रसाद, पुष्पा देवी पत्नी,अमरेश कुमार, चन्दरेश कुमार पुत्र मनीराम, संतोष कुमार पुत्र राम कैलाश मीनापुर याकूतगंज को बाईपास कटिया फंसाकर चोरी करते पकड़ा गया जिनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर विभागीय कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन, वकार मेहंदी रोहित शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, रूपेंद्र सिंह, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। इस संबंध में एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि लगातार हो रही दिक्कत के चलते बिजली चोरों पर पैनी नजर रखा जा रहा है। अभियान के अंतर्गत चेकिंग बकाया वसूली का कार्य जारी है।

## सरकारी सुरक्षित जमीनों पर खेती और पेड़ कटवा रहे हल्का लेखपाल

- पांच नवंबर को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करने का ऐलान
- आईजीआरएस पर झूठी रिपोर्ट लगाने में माहिर हल्का लेखपाल शनीकांत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

स्थानीय तहसील क्षेत्र में राजस्व विभाग द्वारा खुलेआम उड़ाई जा रही हैं उच्च न्यायालय वा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों की धज्जियां, जहां सुरक्षित सरकारी जमीनों से अवैध अतिक्रमण हटवाते हु? उच्च न्यायालय वा उत्तर प्रदेश सरकर के आदेशों का पालन सूनिश्चित कराना चाहिए था तो वहीं ग्राम पंचायत गेरावां व बली गेरांवा में हल्का लेखपाल शानीकांत द्वारा भू- माफियों से मासिक अवैध वसूली करते हुए माननीय उच्च न्यायालय और योगी सरकर के आदेशों की धजजियां उड़ाते हुए तमाम सरकारी सुरक्षित जमीनों पर खेती करवा रहे हैं और तो और सरकारी रास्ते की जमीन घटा संख्या 378 पर लगे सरकारी पेड़ों को भी हल्का लेखपाल शनीकांत की मिलीभगत से भूमाफियाओं व वन माफियाओं की साठ-गांठ से पेड़ों को कटवा दिया गया जिसके बाद ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ से शिकायत किया शिकायत के बाद भी हल्का लेखपाल पर प्रशासन मेहरबान हो रहा है, भ्रष्ट लेखपाल व भू माफियाओं पर कार्यवाही ना होने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है वहीं किसानों ने 5 नवंबर को तहसील परिसर में विशाल धरना प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया है जानकारी के अनुसार ग्रामीण लगातार 1 वर्षों से भ्रष्ट हल्का लेखपाल सनीकांत पर करवाई किए जाने को लेकर उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ और तहसील दिवस में प्राथना पत्र दे रहे हैं परंतु आज तक कोई करवाई नहीं हुई मुख्यमंत्री को दिये गए ऑनलाइन शिकायती प्राथना पत्र पर भी हल्का लेखपाल सनीकांत द्वारा बार–बार फर्जी रिपोर्ट लगाई गई।

# देवा मेला में बही कविताओं की रसधार, मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

- एससीएसटी आयोग के चेयरमैन ने दीप प्रज्वलित कर की आखिल भारतीय कवि सम्मलेन की शुरुआत
- अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों ने पढ़ी अपनी रचनाएं



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

देवा मेला के ऑडिटोरियम में गुरुवार की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन कार्यक्रम की शुरुआत की। कवि सम्मेलन कार्यक्रम के संयोजक राय स्वरेश्वर बली और सह संयोजक कवि डॉ अम्बरीष अम्बर के नेतृत्व में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए नामचीन कवियों ने अपनी अपनी रचनाएं पढ़ी। कवि सम्मेलन की शुरुआत लखनऊ की कवयित्री शशि श्रेया ने माँ सरस्वती वंदना की वंदना पढ़कर की। इसके बाद अंबेडकर नगर के ओज कवि अभय सिंह निर्भीक ने देश के सैनिकों पर अपनी कविता, सीना ताने स्वाभिमान का सीमाओं पर हम रहते हैं....सैनिक के चरणों में सादर शीश झुकाता हूँ, इसके बाद खाकी वर्दी के बेटों की सच्चाई भी सुन लेना तुम आदि पर देशभक्ति का जोश भरा। इसके बाद मैनपूरी के हास्य कवि, विनोद राजयोगी ने अपनी कविता रोज किसी दुकान का ताला टूट रहा है, कविता पढ़ी तो श्रोताओं की तालियों से ऑडिटोरियम गूंज उठा। इसके बाद एक से बढ़कर एक कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली की कवयित्री शैलजा सिंह ने अपनी पक्तियां, यहीं कहीं पर खो गया कॉलेज वाला प्यार, पर खूब तालियां बटोरी। विख्यात गीतकार विष्णु सक्सेना ने अपनी रचना, रेत पर नाम लिखने से क्या फायदा, एक आई लहर कुछ बचेगा नहीं, तुमने पत्थर सा दिल हमको कह तो दिया पत्थरो पर लिखोगें तो मिटेगा नहीं और दूसरी रचना, तू जो ख्वाबों में भी आ जाये तो मेला कर दे, गम के मरुस्थल में भी बरसात कर दे। देर रात तक कवि सम्मेलन चलता रहा। कवि सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता बलिया के ओज कवि नंद जी नंदा ने किया और संचालन रायबरेली के ओज कवि डॉ नीरज पांडेय शून्य ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही सर्वश्री एसीजेएम रोहित शाही, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम आर जगत साईं, एसडीएम केडी शर्मा, सीओ सुमित त्रिपाठी और मेला कमेटी के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सूचना न देने पर धुरियापार के प्रधान एवं सचिव के वित्तीय अधिकार को रोका

धुरियापार, उरुवा, गोरखपुर।

जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गयी सूचना को उपलब्ध न कराने के कारण विकास खंड उरुवा के सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत धुरियापार के ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगायी गयी।

ग्राम पंचायत धुरियापार के निवासी राजेश जायसवाल ने 6/ 4/ 2024 को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ग्राम पंचायत धुरियापार में माह मई 2021 से ग्राम पंचायत को सरकारी योजनाओं के तहत मिली धनराशि, ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर खर्च धनराशि, मनरेगा के मजदूरों द्वारा किया गया कार्य, कार्यवाही रजिस्टर की नकल व पारित प्रस्ताव की छाया प्रति तथा आवास एवं शौचालय के लाभार्थियों का विवरण सूचना जारी होने की तिथि तक जानकारी देने की मांग खंड विकास अधिकारी /जन सूचना अधिकारी विकासखंड उरुवा से की थी। विकासखंड उरुवा से सूचना न मिलने पर जिलाधिकारी गोरखपुर एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। इस विषय में विकासखंड उरुवा के सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश कुमार यादव ने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश पर जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गयी सूचना न देने के कारण ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाई गयी है। ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना को उपलब्ध करा देने के बाद वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर लगी रोक हटा दी जाएगी।

## दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस ने? एक व्यक्ति को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ घेरा बंदी कर धर दबोचा, जिसके विरुद्ध जैदपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

बताते चलें कि जैदपुर पुलिस ने रसूलपुर तिराहा बीबीपुर रोड की तरफ़ से कच्ची अवैध शराब लेकर जा रहे भाई लाल पुत्र नन्हेंलाल देवपूरा शेषपुर हकीम को मुखबिर की सूचना पर घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया गया। जिसके पास दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर संबंधित धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर कराया गया अन्नप्राशन संस्कार



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र मीरापुर,कटका, लोधपुरवा मदारपुर शहरी सहित 172 आंगनबाड़ी केंद्रों पर छः माह पूरे करने वाले बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही बच्चों की माता को स्तनपान के साथ अनुपूरक आहार उपयोग करने की जानकारी दी गई।बाल कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शुक्रवार को सीडीपीओ अर्चना वर्मा, सुपर वाइजर अर्चना सिंह, व रागनी ने धुसेडिया, बदोसराय सहित कई आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीडीपीओ ने बताया कि बाल कुपोषण को कम करने में अनुपूरक आहार की अहम भूमिका होती है। छह माह तक बच्चों का वजन लगभग दो गुना बढ़ जाता एवं एक वर्ष पूरा होने तक वजन लगभग तीन गुना एवं लंबाई जन्म से लगभग डेढ़ गुना बढ़ जाती है। जीवन के दो वर्षों में तंत्रिका प्रणाली एवं मस्तिष्क विकास के साथ सभी अंगों में संरचनात्मक एवं कार्यात्मक डष्टिकोण से बहुत तेजी से विकास होता है। इसके लिए अतिरिक्त पोषक आहार की जरूरत होती है। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर माह छह माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया जाता है। यह कार्यक्रम माह में एक बार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया जाता है।

## ग्राहक सेवा केन्द्र का विधायक ने किया उद्घाटन



सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

सहजनवां क्षेत्र के भीटी रावत में 25 अक्टूबर दिन शुक्रवार को सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने पंजाब नेशनल बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक शुक्ला ने कहा कि आज गांव-गांव में ग्राहक सेवा केंद्र के खोले जाने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। बैंक के मुख्य शाखा द्वारा संचालित इस मिनी बैंक के माध्यम से घर में बैंक की सुविधा मिल रही है। खाता खुलवाने से लेकर पैसों की जमा और निकासी की सुविधा घर तक पहुंचना एक उपलब्धि है। इस मौके पर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक प्रद्युम्न यादव ने बताया की हमारे यहां ग्राहकों को पैसे की निकासी, खाता खोलने, फोटो कापी,आनलाइन की व्यवस्था समेत मोबाईल फोन से सम्बंधित सामान भी उचित मूल्य पर मिलेगा, उक्त मौके पर संचालक प्रद्युम्न यादव, मनोज सिंह क्षेत्रिय मंत्री, ब्लाक प्रमुख पिपरौली दिलीप यादव, चंदन तिवारी, स्कंद विक्रमादित्य गिरी, कृष्णचंन्द्र यादव, अवनीश यादव,संजय यादव, अनुराग, पिन्टू यादव (भावी जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नम्बर 26) सचिन मौर्या, अन्य स्थानीय लोग भारी संख्या में उपस्थिति रहे।

# धार्मिक पर्वों के जरिए बच्चों में स्वदेशी के प्रति स्वाभिमान व स्वावलंबन की शिक्षा

- प्राथमिक विद्यालय अमरखेड़ा में दीपावली पर बच्चे बना रहे दिए
- शिक्षकों के निर्देशन में रचनात्मकता की बेहतर शुरुआत



उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

स्कूली बच्चों में संस्कारों से युक्त शिक्षा के साथ-साथ उन्हें स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करने के साथ-साथ स्वावलंबन स्वाभिमान और नैतिक मूल्यों का समावेश तथा रचनात्मकता की तरफ उन्हें जोड़ने की अनोखी मुहिम के क्रम में प्राथमिक विद्यालय आमखेड़ा में इस बार दीपावली की तैयारी कुछ इस ढंग से की जा रही है ताकि बच्चों में स्वदेशी के प्रति भाव पैदा हो सके विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक बच्चों की रचनात्मकता को हाथों से बनने वाले दियों के जरिए उनमें विकसित कर रहे हैं।

आज प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में बच्चों द्वारा दीपक सजाए गए एवं दिवाली की विभिन्न तैयारियां प्रारंभ की गई। जैसा की सर्वाधिक है की दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जानी है, रोशनी के इस महापर्व को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। विद्यालय के छात्रों ने अपने हाथ से दीपक बनाकर उनको विभिन्न प्रकार के रंगों से सजाया एवं स्वदेशी दीपक अपने का अनुरोध सभी लोगों से किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बालकृष्ण ने बच्चों को स्वदेशी के बारे में विस्तृत जानकारी दी और यह बताया है कि यह किस प्रकार हम लोगों के लिए बेहद उपयोगी है और रोजगार को लेकर इसके कितने मायने हैं। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विपिन उपाध्याय ने बच्चों को दिवाली पर्व की महत्व एवं उसकी उपयोगिता के बारे में बताया और यह बताया कि इस दिन हमें घर की साफसफाई में अपने घर के बड़े लोगों का साथ देना चाहिए। विद्यालय के सहायक अध्यापक श्याम जी ने बच्चों को दीपक सजाने में मदद की एवं शिक्षामित्र बहिनें सविता कुशवाहा, अनू गुप्ता ने बच्चों को दीपकों को विभिन्न प्रकार के रंगों से रंगने में मदद की इस प्रकार दिवाली की शुरुआत प्राथमिक विद्यालय आमखेड़ा में की गई।

# शिकायत पर टीम ने किया ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का निरीक्षण

सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।



अश्वनी कुमार। पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत नरौली मे लगातार शिकायतकर्ता के द्वारा भ्रष्टाचार का आरोप ब्लॉक व ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के ऊपर लगाया जा रहा था वही जिलाधिकारी के निर्देशपर जाच अधिकारी पहुंचे ग्राम पंचायत में और शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों का स्थलीय जाच किया गया और ग्राम सभा के ही शिकायत कर्ता रिपुसूदन गुप्ता व कासी यादव मिथिलेश नरायन पांडेय,के द्वारा नरौली में विकास कार्यों में अन्मिता को लेकर लगातार शिकायत किया जा रहा था। उसी क्रम में जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी श्रद्धा मिश्रा व ग्राम विकास अधिकरण के सहायक अभियंता बीएन सिंह मौके पर पहुंचकर लगभग छह बिंदुओंपर जांच किया गया वहीं जांच के दौरान मौके ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार सचिव अरविंद कुमार, टीए टेक्निशियन सहायक रविंद्र नाथ यादव, अश्वनी कुमार, भूतपूर्व प्रधान बजरंगी यादव, राहुल चौबे, उदय भान घनश्याम व समस्त ग्रामवासी मौके पर उपस्थित रहे।

वही इस संदर्भ में जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी श्रद्धा मिश्रा ने बताया रिपोर्ट मिलने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

# चार कुंटल सिंथेटिक खोया कराया गया नष्ट

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आगामी दीवाली पर्व व अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में खाद्य प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही कर नमूना संग्रहित किये गये। जिसका विवरण इण्डर्सट्रयल एरिया उरई से दादी मिल्क प्रोडक्ट के प्रतिष्ठान का निरीक्षण सचल दल के साथ किया गया। प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ बर्फी का नमूना, रिफाइन्ड, वनस्पति, मिल्क पाउडर संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। इसीक्रम में मध्य प्रदेश के भिण्ड जिला से प्रात:काल कानपुर खोया लेकर जा रही पिकअप गाड़ी को माधौगढ़ बस स्टैण्ड के पास रोककर मौजूद खाद्य कारोबारकर्ता नौसाद पुत्र श्री हाफिज का खोया मानक के अनुरूप न होने के संदेह के आधार पर नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही शेष बचे हुये खोये मात्रा लगभग 400 किलोग्राम मूल्य लगभग 88 हजार को उपजिलाधिकारी माधौगढ़ की उपस्थिति में नष्ट करा दिया गया। माधौगढ़ तहसील के ग्राम लिड़ऊपुर में स्थित सत्यनारायण दुबे की खोया की भट्टी का निरीक्षण उपजिलाधिकारी महोदय की उपस्थिति में किया गया मौके पर खोया निर्माण हेतु तैयार दूध व भण्डारित कीम का नमूना संग्रहित किया गया। जबकि ग्राम कुकरगाँव में स्थित रविन्द्र वर्मा की किराना की दुकान का निरीक्षण मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। उक्त खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ बेसन का नमूना संग्रहित किया गया। आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। टीम में डॉ0 जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य)–प्प, प्रेम कुमार त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अनिल कुमार संखवार, कन्हैयालाल यादव, महेश प्रसाद, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहें।


## सूचना

मैने अपने बड़े पुत्र ओमवीर उर्फ शिवम यादव व पुत्रवधू सुषमा के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**योगेन्द्र सिंह पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम वघौना पोस्ट उखरा, थाना नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भुवनपुर ताजपुर विकास खण्ड राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 23/10/2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुवनपुर ताजपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 24/10/2024 से दिनांक 29/10/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 29/10/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | बृजपाल के घर से तोताराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/15 वित्त | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 2.2 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | कश्मीर के घर से तालाब तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/15 वित्त | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 1.72 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**ग्राम प्रधान -भुवनपुर ताजपुर, राजेपुर** **सचिव-भुवनपुर ताजपुर, राजेपुर**

# सपा मुखिया ने भाजपा को बताया महाभ्रष्टाचारी

**कन्नौज व संगम क्षेत्र में सम्राट हर्षवर्धन की लगवाएंगे भव्य प्रतिमा**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**


सपा मुखिया को भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट करते सपा नेता

समाजवादी पाटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा कि महाभ्रष्ट भाजपा के सरकार में किसान खाद के लिए परेशान घूम रहा है। भाजपा के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी समितियों पर कब्जा करके खाद की कालाबाजारी करके किसानों को लूट रहे हैं।

उन्होने कन्नौज के सम्राट राजा हर्षवर्धन की इलाहाबाद में संगम क्षेत्र से प्रतिमा हटाए जाने का भी विरोध किया। कहा कि सपा सरकार आने पर संगम क्षेत्र व कन्नौज शहर में राजा हर्षवर्धन की भव्य प्रतिमा लगवाएंगे। विधानसभा उपचुनाव को लेकर करहल विधानसभा सीट पर प्रचार कर वापस लखनऊ लौट रहे सपा मुखिया व कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव एक्सप्रेस-वे के तिर्वा कट पर मीडिया को देख रूक गए। यहां उन्होने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। सभी खाद के कारखाने भाजपा समर्थित पूंजीपतियों के है। इसके बावजूद भी प्रदेश भर में खाद की किल्लत से आखिर किसान परेशान क्यों है। भाजपा को महाभ्रष्टाचारी बताते हुए कहा कि इसके नेता व कार्यकर्ता लूट मचाए हैं। खाद की कालाबाजारी में सभी संलिप्त है। इसी बजह से खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है। समितियों पर भी भाजपा कार्यकर्ता जिस चाहते है। उसी को खाद मिल रही है। आम किसान निराशा होकर वापस लौट रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि कुम्भ मेले का इतिहास बताता है कि कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन कुम्भ मेले के दौरान हजारों साधु सन्तो को दान किया करते थे। इसी बजह से उनकी प्रतिमा संगम क्षेत्र में लगाई गई थी। भाजपा के लोगों ने सिर्फ इस बजह से सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा हटवा दी कि उनका सम्बन्ध कन्नौज से था। कन्नौज से भाजपा हार गई। इस बजह से खुन्नस निकाली गई। कहा कि सपा सरकार बनने पर कन्नौज शहर में सम्राट हर्षवर्धन की एक भव्य प्रतिमा लगवाएंगे। साथ ही संगम क्षेत्र में भी फिर से उनकी एक भव्य प्रतिमा लगवाई जाएगी। इस दौरान समाजवादी छात्रसभा के जिला उपाध्यक्ष सुखेन्द्र यादव ने सपा मुखिया को भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर दिलशाद हुसैन, सुरजीत यादव, अभिषेक यादव, धर्मेन्द्र सहित कई सपा नेता मौजूद रहे।

## सौ शैय्य अस्पताल मे मोतियाबिन्द का ऑपरेशन शुरू

**छिबरामऊ।** दिलू नगला स्थित सौ शैय्य अस्पताल मे लगभग एक साल बाद मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत की गई। सबसे पहले एक ऑपरेशन किया गया।लगभग एक साल पहले सौ शैय्य अस्पताल मे तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष का स्थानांतरण होने के बाद मोतियाबिन्द ऑपरेशन बन्द हो गया था। वही पिछले महिने अयोध्या स्थानांतरण पर आये नेत्र चिकित्सक डॉक्टर अविनाश गुप्ता ने सौ शैय्य अस्पताल मे ज्वाइन किया। उनके यहा पर आने से नेत्र रोग से पीड़ित मरीजो की अस्पताल मे संख्या बडी है।वही चिकित्सधिकारियो ने ऑपरेशन की सुविधा शुरू करने का प्रयास किया। और उनका यह प्रयास रंग भी लाया।जिसमे सबसे पहले रानीदेवी पत्नी रामाकांत का सफल मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किया गया।



## समधन नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में जुटें टाउन कर्मचारी

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वच्छता मिशन अभियान को सफल बनाने में जुटे कर्मचारी समधन नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर पूरे नगर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों द्वारा वार्ड वार्ड मोहल्लों में सफाई की जा रही है। नगर पंचायत कार्यालय के सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छ भारत अभियान चलाते हुए दारासराय, लोहिया नगर, गर्दाबाद मोहल्ले में नालों व नालियों की साफ सफाई की गई। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने नगर की जनता से साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखनें की सलह दी है। आगे कहा कि किसी तरह की गंदगी ना होने दें अपने-अपने घरों से निकलने वाला कूड़ा कचरा खुले स्थान पर न फेंकें। इस मौके पर कार्यालय के बड़े बाबू अंकित दुबे, दीपक श्रीवास्तव, हनीफ अली, प्रशांत शाक्य व सफाई नायक नरेश चन्द्र, सुनील कुमार मौजूद रहे।

# चार वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज डॉ. अजय कुमार के मार्ग दर्शन मे क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सौरिख पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तगण 1.राममोहन उर्फ दीपू पुत्र अशोक तिवारी 2.नीलेश उर्फ अनुज पुत्र अशोक तिवारी 3. गौरव उर्फ बडकू पुत्र स्व. शारदानन्द तिवारी 4.चमन तिवारी उर्फ जिद्दी पुत्र सुधाकर तिवारी निवासीगण ग्राम व पोस्ट सलेमपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभि. राममोहन उर्फ दीपू पुत्र अशोक तिवारी निवासी ग्राम व पोस्ट सलेमपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज नीलेश उर्फ अनुज पुत्र अशोक तिवारी निवासी ग्राम व पोस्ट सलेमपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज गौरव उर्फ बडकू पुत्र स्व. शारदानन्द तिवारी निवासी ग्राम व पोस्ट सलेमपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज चमन तिवारी उर्फ जिद्दी पुत्र सुधाकर तिवारी निवासी ग्राम व पोस्ट सलेमपुर थाना सौरिख साह्व जयप्रकाश शर्मा उनि जाहर सिंह कां. निहाल सिंह कां. कमलकिशोर कां. दिलीप चौहान आदि।

# बेसिक शिक्षा है बच्चों के विकास की नींव का आधार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम तेराजाकेट स्थित गेस्ट हाउस में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी-निकाय के सदस्य मौजूद रहे। छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र चौधरी ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

शनिवार को छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि बच्चों को जिम्मेदार व राष्ट्रभक्त नागरिक बनाने के लिए बेसिक शिक्षा नींव का कार्य करती है। समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा जो विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य कराया जा रहा है। वह अद्वितीय है। बेसिक के शिक्षक एवं विद्यार्थी का कार्य सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। किसी भी व्यक्ति की प्रशंसा उसमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। इस हेतु बेसिक शिक्षा विभाग की पत्रिका प्रदीपिका एक सराहनीय पहल है। विकास खण्ड के प्रत्येक विद्यालय से प्रधानाध्यापक तथा विद्यालय सेवित क्षेत्र से ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी के द्वारा संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण में प्रतिभाग किया गया। डीबीटी के माध्यम से बच्चों के माता, पिता, अभिभावकों के आधार सीडेड बैंक खातों में यूनीफार्म, स्वेटर, जूता-मोजा स्कूल बैग एवं स्टेशनरी (04 नोटबुक, 02 पेन, 02 पेन्सिल, 02 रबर व 02 कटर) हेतु धनराशि 1200 रुपये भेजे जाने के प्रति, बालिका शिक्षा एवं आपरेशन कायाकल्प के सम्बन्ध में सभी प्रतिभागियों को अकादमिक रिसोर्स पर्सन डॉ. पंकज यादव ने जानकारी साझा की।

# कारखाने में काम कर रही चार महिलाओं की हालत बिगड़ी, दो की मौत

**सूचना पर पहुंचे डीएम और एसपी ने कारखाने का किया निरीक्षण**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के मकरंदनगर चौकी क्षेत्र के गदनपुर बड्डू मोहल्ले में मच्छर मारने की अगरबत्ती बनाने का एक कारखाना संचालित है। इस कारखाने में कई लेबर काम करते हैं। यहां काम करते वक्त महिलाओं की हालत बिगड़ गई। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से गदनपुर बड्डू मोहल्ला निवासी प्रिया (22) और गौरी (19) की मौत हो गई। जबकि विद्या (25) और प्रीती (19) की हालत गम्भीर है। कारखाने में महिलाओं की हालत बिगड़ने और 2 महिलाओं की मौत होने की जानकारी मिलते ही डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ सिटी कमलेश कुमार और कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे फोर्स के साथ पहुंच गए। यहां परिजनों से मिलकर अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा दिया। कारखाने का निरीक्षण किया। पुलिस ने प्रिया और गौरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि कारखाने में काम करने वाली दो महिलाओं की मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। कारखाने की जांच के लिए टीम को लगाया गया है। अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कोतवाली पुलिस ने व्यापारियों से मांगे सुझाव: आलोक दुबे

**पुलिस ने बैठक कर जानी व्यापारियों की समस्याएं**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद व्यापारी व कोतवाल आलोक दुबे।

आगामी त्यौहार दीपावली के मददेनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में पुलिस और व्यापारियों की बैठक की हुई। बैठक में व्यापारियों नेताओ ने बाजार में सुरक्षा से संबंधित समस्याओं की जानकारी कोतवाली प्रभारी को दी।

जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने नगर में रूट मार्च कर सुरक्षा का जायजा लिया। शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में पुलिस व व्यापारियो की बैठक हुई। जिसमें कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने व्यापारियों से कहा कि यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने का प्रयास करता है। तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को दें। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस की तरफ लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी, धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा। तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुलिस टीम के साथ नगर में रूटमार्च कर सुरक्षा व शांति का जायजा लिया और दुकानदारों से वार्ता कर त्योहार को भाईचारे से मनाने की अपील की।

इस मौके पर व्यापारी नेता नीरज मिश्रा, शिवम राज वर्मा, गगन मनीष गुप्ता, विजय दुबे,सुगम दुबे, सुमित गुप्ता, भूरा कठेरिया सहित तमाम व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अबधेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी के निर्देशानुसार संगठन में जो छोटे-छोटे पदाधिकारी हैं या संगठन के सदस्य वह एक दो मीटिंग में नहीं आते हैं तो उनकी महत्वता उतनी नहीं होती है लेकिन जो वरिष्ठ पदाधिकारी हैं उनकी आवश्यकता प्रत्येक मीटिंग में होती है वरिष्ठ पदाधिकारी की यह धारणा बना लेना की तीन मीटिंग में लगातार जो नहीं आएगा वह निष्क्रिय माना जाएगा यह धारणा गलत है वरिष्ठ पदाधिकारी को प्रत्येक मीटिंग अटेंड करना उचित रहता है। जिससे अन्य पदाधिकारी की समस्या को सुना जा सके उसके बारे में विचार विमर्श किया जा सके और यदि किसी विशेष कार्य है तो संगठन के ग्रुप के माध्यम से अपनी समस्या को बताते हुए पूर्व से सूचना देना चाहिए कि इस डेट में हम किसान पंचायत में सम्मिलित होने में असमर्थ हैं हमारे



प्रदेश के उपाध्यक्ष लालू यादव युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष कानपुर सुरेश दुबे जिला संगठन मंत्री आशीष भदोरिया रोहित चौहान नादनपुर यह सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारी है और देखा जा रहा है कि लगातार कई मीटिंग से अनुपस्थित है। यदि संगठन में आपको किसी बात को लेकर समस्या है तो वरिष्ठ पदाधिकारी से वार्तालाप करें संगठन में आप कार्य नहीं करना चाहते हैं तो वरिष्ठ पदाधिकारी से वार्ता कर समाधान करें उचित नहीं लगता है यह भी पता चल जाता है।

बहाना बना कर पदाधिकारी किसान पंचायत में नहीं आते हैं जो उचित नहीं है जो निष्कर्ष है उन पदाधिकारी को आगे आने वाली 24 अक्टूबर की किसान पंचायत में निष्क्रिय किया जाये इस संबंध में वरिष्ठ पदाधिकारी की मौजूदगी में निर्णय लिया जाएगा।

## मिष्ठान गोदाम पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मारा छापा, की कार्रवाई



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अभिसूचना के आधार पर गुरसहायगंज के टाढा ग्राम में स्थित मिठाई निर्माण प्रतिष्ठान की उपजिलाधिकारी छिबरामऊ व थाना गुरसहायगंज की पुलिस टीम एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा औचक छापे में जांच की गयी। इस दौरान निरीक्षण परिसर में अत्यंत अस्वास्थ्यकर दशाओं में डोडा बर्फी, सफेद बर्फी मिठाई, लाल रंग की बर्फी मिठाई, को तैयार करते हुए एवं ट्रे में कटिंग के लिए रखे हुए लगभग 30 कुंतल पाया गया। साथ ही काफी खराब हो चुकी कालातीत मिठाईयां भण्डारित पायी गयी। अपमिश्रण का संदेह होने पर डोडा बर्फी, सफेद बर्फी मिठाई, लाल बरफी मिठाई, के साथ निर्माण में प्रयोग किये जा रहे है। स्किम्ड मिल्क पाउडर, सूजी, सोया रिफाइंड, स्टार्च, आदि के एक-एक नमूने, कुल 8 नमूने संग्रहित करते हुए शेष स्टॉक को सीज करके खाद्य कारोबार कर्ता प्रतिनिधियों की अभिरक्षा में दे दिया गया। बिना खाद्य लाइसेन्स प्राप्त किये कारोबार करने के कारण तत्काल प्रभाव से उनके परिसर पर नियमानुसार एक नोटिस चस्पा करते हुए खाद्य करोबार को अग्रिम आदेशों तक के लिए बंद करा दिया गया एवं उक्त के अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थाने की पुलिस को भी अवगत करा दिया गया है। यह अभियान उमेश प्रताप सहायक आयुक्त(खाद्य) के नेतृत्व तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सन्तोष कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, अनिल कुमार राठौर, अरविन्द कुमार साहू द्वारा नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

# खाद न मिलने से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

**सूचना पर पहुंचे एसडीएम किसानों को दिलाया भरोसा**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**


किसान सेवा सहकारी समिति के बाहर प्रदर्शन करते किसान

हसेरन में स्थिति किसान सेवा सहकारी समिति के बाहर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के भानू गुट के सैकड़ो पदाधिकारियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया।

किसानों को खाद न मिलने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। किसानों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन की जानकारी होते ही एसडीएम तिर्वा मौके पर पहुंच गए। उन्होने किसानों को समझाबुझाकर शांत करा दिया।

कस्बा के किसान सेवा सहकारी समिति के बाहर दरी बिछाकर सैकड़ो किसानों ने प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया कि किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है।

जिससे उनको काफी दिक्कतें हो रही है। इस मुद्दे पर जमकर किसानों ने हंगामा किया। सरकार के विरोध में नारेबाजी की। इसकी जानकारी होते ही एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होने धरना दे रहे किसानों से वार्ता की।

उन्होने आश्वासन दिया कि सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# भारी मात्रा में मिलावटी मिठाई पकड़ी, गोदाम सीज

**30 कुंतल मिलावटी मिठाई खाद्य सुरक्षा टीम ने की नष्ट**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मिलावटी मिठाई के कारखाने में छापेमारी करती टीम।

दीपावली त्योहार के मददेनजर पुलिस प्रशासन व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गांव के एक घर में छापेमारी की। जिसमें टीम ने लगभग 30 कुंतल मिलावटी मिठाई पकड़ी और साथ ही अन्य सामग्री भी बरामद की। जिसकी कीमत लगभग 08 लाख रुपये आंकी गई। इस दौरान टीम ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी कर दी है। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टडहा निवासी रविकांत पुत्र अनंतराम के घर पर उप जिलाधिकारी छिबरामऊ उमाकांत तिवारी व खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त उमेश प्रताप, सीएफएसओ संतोष कुमार, अरविंद कुमार साहू, संतोष श्रीवास्तव, अनिल राठौर, सर्वेश कुमार एवं कोतवाली गुरसहायगंज प्रभारी आलोक कुमार दुबे के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर मिलावटी मिठाई को लेकर छापेमारी की। जिसमे उन्होंने 30 कुंतल मिलावटी मिठाई, मिल्क केक, व बर्फी सहित बनाने के उपकरण एवं रिफाइन, स्कीम मिल्क पाउडर बरामद किया। दो कारीगरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार त्योहारों पर नकली व सिंथेटिक मिठाइयों की पूरी खेप जिले में खपाने की तैयारी थी। इस दौरान अवैध रूप से गुणवत्ताहीन मिठाइयां बनी पाई गई। जिसे टीम ने नष्ट करवा दिया। आठ खाद्य पदार्थो के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे है। छापेमारी से मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

# यू-विन पोर्टल पर समय से करें फीडिंग: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एंव आयुष विभाग की आयोजित बैठक की समीक्षा की। बताया गया कि जनपद में रामाश्रम एंव शहर में दो स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शहर में योग शिविर का आयोजन लोहिया पार्क में कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचकर्म, आयुर्वेद की एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। पाँच क्रियाएँ या पाँच उपचार. पंचकर्म कहलाता है। वमन, विरेचन, नस्यम, बस्ती, रक्तमोक्षण, यह पाँच प्रमुख प्रकार की क्रियाएं होती हैं। उन्होनें जिला चिकित्सालय में आयुर्वेद की पंचकर्म पद्धति से बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होनें जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा करते हुये कहा कि 0 से 1 वर्ष के बच्चों का शत- प्रतिशत पंजीकरण का कार्य सुनिश्चित करें। कहा कि पोर्टल पर सही व सटीक सूचनाएं ही फीड की जाये।कहा कि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी यह सुनिश्चित करें। कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर होने वाली डिलवरी के पश्चात बीसीजी का वैक्सीनेशन लगाया जा रहा है अथवा नही। उन्होंने कहा कि यू विन पोर्टल पर समस्त प्रकार की फीडिंग समय से होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी पर्व को दृष्टिगत रखते हुये डाक्टरों की आकस्मिक ड्युटी की व्यवस्था पहले से कर ली जाये। कहा कि पर्व के दृष्टिगत एम्बुलेंस 108, 102 अलर्ट मोड में रहे। अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता होनी चाहिए। इस आशय का प्रमाण पत्र चिकित्साधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध करायेगें। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का भुगतान समय से किया जाये। उन्होनें कहा कि फैमली प्लांनिंग का टारगेट पूर्ण करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी संबंधित को निर्देशित करें। आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों को शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही शिकायतों का निस्तारण किया जाये।



## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने दिखाया हुनर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** राजपूत रेजिमेंट सेंटर में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। एनसीसी फतेहगढ कमान अधिकारी कर्नल विजेन्द्र शारदा के निर्देशन में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटीसी- 41 का आयोजन राजपूत रेजिमेंट सेंटर फतेहगढ में हुआ। कैम्प में कन्नौज, कायमगंज, इटावा सहित आदि जनपद के एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। कैम्प में ड्रिल प्रतियोगिता, फायरिंग प्रतियोगिता, खो खो, मैच, रस्सा खीच प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता व सामुहिक नृत्य आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर के एनसीसी कैडेट्स ने कई प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर पुरस्कार प्राप्त किया। शिविर के समापन पर सभी कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय के चेयरमैन राजीव कुमार, उपनिदेशक डॉ रजनीकांत, प्राचार्य डॉ हरिओम, सीटीओ पल्लवी यादव ने विजयी कैडेट्स को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गांव की चौपाल में सीडीओ ने सुनी जनता की समस्याएं

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**




सीडीओ ने गांव की चौपाल में पहुंचकर जन समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण करने के निदेश दिये गये है। समधन क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया उन्होंने इस दौरान कहा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थी को देने को कहा है। ग्रामीणों ने अब तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिये गये लाभ के बारे में बीडीओ मनोज गुप्ता की ओर से बिन्दुवार जानकारी दी गई इससे पहले उन्होंने गोशाला में पहुंचकर गोवंश को मिठाई खिलाकर फूलमाला डालकर पूजन किया गया और उनके चारे भूसा व हरे चारा व दाना की जानकारी ली गई। इसके अलावा बाल विकास महिला व पुष्टाहार विभाग की ओर से तीन नवविवाहिताओ की गोदभराई कार्यक्रम में भाग लिया वाद में सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर गरीब बेसहारा पात्र लोगों को हर कीमत मिलना चाहिए तभी सरकार का लक्ष्य हासिल हो सकता है। इस अवसर पर बीडीओ मनोज गुप्ता, एडीओ पंचायत रवि प्रताप सिंह, सीडीपीओ पूजा सिंह, सुपरवाइजर संगीता देवी, सचिव विमल दुबे, प्रधान अंजली ठाकुर, पंचायत सहायक शिवा यादव, रोजगार सेवक बृजेश कुमार लालू के अलावा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 9वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जन जागरुकता रैली

**मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुआ कार्यक्रम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज प्रांगण में 9वें आयुर्वेदिक दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 24.10.2024 को वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बैच 2023, 2022, 2021, 2020 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण 29.10.2024 धनवन्तरि दिवस के दिन किया जायेगा। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजना दीक्षित, प्रो. डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ. भारतीय पांचाल, डॉ. आनन्द बाजपेयी, डॉ. पीयूष माधव आदि शिक्षकों ने योगदान दिया। शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम (9वां आयुर्वेद दिवस) के अनुसार पीजी स्कॉलर के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन एवं 9वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजना दीक्षित, प्रो. डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. देवाशीष विसवाल, डॉ. विजय मोहन गुप्ता, डॉ. निरंजन एस., डॉ. सीबा प्रसाद मिश्रा, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. बिघ्नेश्वर, डॉ. सुमन कुन्दू, डॉ. स्वेता यादव, डॉ. संकल्प सिंह, डॉ. अंकिता शर्मा, डॉ. विकास बाबू, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. भारती पांचाल, डॉ. अविधा सिंह, डॉ. सौम्या, डॉ. भाग्यश्री, डॉ. शिल्पा विस्ट एवं कार्यक्रम के संचालक विभाग स्वास्थ्यवृत्त एवं योग के डॉ. अरुण पाण्डेय समेत सभी शिक्षकगण और अनूप कुमार, प्रवीन कुमार एवं छात्र-छात्राओं ने रैली को सफल बनाया और साथ ही कालेज प्रांगण में बने सेल्फी प्वाइंट पर अपनी फोटो भी खिंचवाई।




जागरुकता रैली निकालते शिक्षकगण एवं छात्र-छात्रायें

# आवारा सांड के हमले में अधेड़ घायल



अस्पताल में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव पुन्थरदेहामाफी निवासी जिलेदार उम्र 46 वर्षीय पुत्र नन्दराम खेत पर जा रहा था, तभी वहाँ पर आवारा सांड ने उस पर हमला कर दिया। जिससे जिलेदार का पैर टूट गया और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल जिलेदार को 108 एम्बुलेन्स के ईएमटी अनुपम धनकर ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# रामलीला कार्यक्रम में पहुंचे कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के पक्षकार अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्री आदर्श रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला कार्यक्रम चल रहा है। जिसको देखने कल वृंदावन धाम से पधारे कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के पक्षकार अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह व पंडित शिवशरण अवस्थी ने पहुंचकर लक्ष्मण शक्ति व कुंभकरण वध की लीला को देखा। मुख्य मेला प्रबंधक शैलेश अवस्थी, कौशल किशोर अग्निहोत्री, मंत्री महेश चंद्र अवस्थी, मुख्य व्यवस्थापक गोपाल सक्सेना व प्रशांत अवस्थी ने उनका फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

उसके बाद उन्होंने उपस्थित हजारों की संख्या में जन समूह को संबोधित किया। अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने लोगों को धर्म के प्रति जागरूक रहने की नसीहत देते हुए कहा जिस प्रकार हमने अयोध्या में रामलला का मंदिर निर्माण कराया है उसी प्रकार हम सबको मथुरा में भी श्री कृष्ण जन्मभूमि की जमीन को अराजकतत्वों से मुक्त कराना है। इस लड़ाई में हम सबको एक रहने की आवश्यकता है, तभी हम लोग इस लड़ाई को जीत सकते हैं। पंडित शिवशरण अवस्थी ने 27 नवंबर को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद कार्यक्रम में वृंदावन धाम में आने के लिए सभी से आह्वान किया।

उन्होंने लोगों से कहा कि पूरे देश के संत एक साथ एक मंच पर होंगे। इस मौके पर गौरव शर्मा, अशोक कुमार यादव, फौजी विमल पाठक, जितेंद्र अवस्थी, शीलू, शिवेंद्र, रामू, बादल सक्सेना, निक्कू सिंह, प्रभात शुक्ला, अनूप अवस्थी सहित हजारों रामलीला दर्शक मौजूद रहे।



अधिवक्ताओं को सम्मानित करते कमेटी के सदस्य

# न्यायालय के आदेश पर दंपति सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जय भीम ना कहने पर पीड़ित एवं उसके पुत्र सहित 2 महिलाओं के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिये एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 2 महिलाओं सहित 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम चौसपुर रूनी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि 3 अगस्त 2024 को दोपहर 1 बजे छोटे स्पीकर से भजन गीत सुन रहा था, तभी मेरा सगा भतीजा राजकुमार आया और गलियां देने लगा और कहा कि साले भजन सुन रहा है। हमारे समाज के लोग भजन नहीं सुनते है। जब इसका विरोध किया तो मारपीट करने लगा। उसने डायल 112 पुलिस को बुलाया। पुलिस समझा बुझकार चली गयी और उसके बाद राजकुमार, पवन, उसकी मां व पत्नी ने एक रॉय होकर मेरे घर में लाठी-डंडे लेकर घुस आए। मेरा स्पीकर तोड़ दिया। सभी लोगों ने मारापीटा। यह सब देख पत्नी व पुत्रवधू बचाने आई, तो पवन ने छेड़छाड़ की और कपड़े फाड़ दिए। जब मेरा पुत्र आ गया, तो उक्त सभी लोग धमकी देकर भाग गए। जब रिपोर्ट लिखाने के लिए थाना कमालगंज गया, तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

पुलिस अधीक्षक को रजिस्डर्ड डाक द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा। उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके बाद न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की। न्यायाधीश ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें दीपावली का त्यौहार: थानाध्यक्ष

**थानाध्यक्ष ने लोगों से क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी की तथा त्यौहार को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली के त्यौहार को लेकर नवागंतुक थाना अध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक बुलायी। नगरवासियों से अपील की कि वह त्यौहार को शांतिपूर्वक व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना प्रांगण में नवागंतुक थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने आगामी दीपावली के त्यौहार को लेकर कस्बे के संभ्रात लोगों की बैठक बुलायी। जिसमें थानाध्यक्ष ने लोगों से क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी की तथा त्यौहार को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की। सभी लोगों से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। वहीं बैठक में आए नगर पंचायत के कई सभासदों ने थानाध्यक्ष से शिकायत कर बताया की एक ग्रुप से किसी ने पोस्ट डाली है जिसमें लिखा है कि सभासद थाने में दलाली करते हैं और उनके चौराहे पर पुतला फूंककर जूते की माला डाली जाएगी। ऐसी पोस्ट से आहत कई सभासदों ने थानाध्यक्ष के सामने अपनी बात रखी। जिस पर एक किसान यूनियन के नेता से कहासुनी होने लगी। जिस पर थानाध्यक्ष ने मामला शांत कराया और कल दोनों पक्षों को बुलाकर मामले को सुलझाने की बात कही।

इस मौके पर नवागंतुक थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश कुमार, दरोगा इंद्रजीत सिंह, दरोगा नरेश चंद्र सिंह, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा संतोष कुमार तथा थाने का समस्त पुलिस फोर्स तथा किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, यशवीर आर्य, महंत सुरेश गिरी सहित एक सैकड़ा लोग मौजूद रहे।



बैठक लेते थानाध्यक्ष व मौजूद लोग

# अधेड़ ने नाबालिक को शौचालय में बंदकर किया कुकर्म

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव घसिया चिलौली निवासी 50 वर्षीय अधेड़ पप्पू पुत्र लालता प्रसाद ने 8 वर्षीय नाबालिग किशोर को लालच देकर बहका लिया। इसके बाद उसे अपने साथ ले गया। दरिंदे ने बालक को शौचालय में बंद कर उसके साथ कुकर्म किया। जब अधेड़ बच्चे को ले जा रहा था।

उस समय बच्चे की चाची कुछ दूर खड़ी देख रही थी। उसने भागकर सूचना बच्चे के घर पर दी। संयोग से उस समय घर पर कोई नहीं था। चाची आवाज लगा रही थी। आवाज सुनकर पड़ोस में गई बच्चे की दादी आ गई। दादी से चाची ने कहा कि तुम्हारे नाती को गांव का एक आदमी पकड़कर ले गया। उसे बचा लो कहीं उसकी हत्या ना कर दे। यह सुनते ही दादी दौड़कर मौके पर पहुंची। दादी के आने की आहट पाते ही आरोपी शौचालय से निकलकर भाग गया। बाहर आए बच्चे ने अपने साथ किए गए कुकर्म की पूरी बात दादी को बताई। मौके पर गांव के काफी लोग जमा हो गए। दादी ने बताया कि मेरे नाती के साथ आज जिसने बुरा काम किया है। इसी आदमी ने इससे पहले भी कुकर्म का प्रयास किया था। उस समय पुलिस को बताया था, लेकिन मामला रफादफा करा दिया गया था। आज फिर बच्चे के साथ इसी आदमी ने कुकर्म किया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। खोजबीन कर पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पीड़ित पक्ष ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को लिखित तहरीर दी।

# बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग से महंत की झोपड़ी जलकर राख

**हजारों की नगदी सहित व सामान जला, ग्रामीणों ने पंप सेट चलाकर पाया काबू**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बिजली के शार्टसर्किट से महंत की झोपड़ी जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पम्पिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार ढाईघाट शमशाबाद की गंगा नदी जहां पिछले 15 वर्षो से महंत कुलाहडा दास निवास कर रहे हैं। महंत कुलाहडा दास ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह झोपड़ी में बैठे हुए थे। 11 बजे के करीब ऊपरी गुजरी विद्युत लाइन में शार्ट सर्किट हो गया। जिससे निकली चिंगारी झोपड़ी पर जा गिरी। जिससे झोपड़ी में आग लग गयी और झोपड़ी धू-धू कर जलने लगी। लोगों ने शोर मचाकर अंदर बैठे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन झोपड़ी के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि आगजनी की घटना के बाद जब लोगों ने आग बुझाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थायें की, तब तक झोपड़ी लगभग पूरी जलकर खाक हो गई थी। फिर भी लोगों ने आग बुझाने तथा अन्दर रखे सामान को बचाने की व्यवस्था की। कड़ी मशक्कत के बाद आगजनी की घटना पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया था। महन्त के अनुसार आगजनी की घटना में लगभग 15 हजार की नगदी जल गई। इसके अलावा तीन पंखे, दो तख्त, रजाई गद्दा तथा दो बोरी आटा और गेहूं, कपड़े जलकर खाक हो गए। महंत के अनुसार आगजनी की घटना में 25 हजार रूपये का नुकसान होने का अनुमान है। बताते हैं आगजनी की घटना की सूचना स्थानीय पुलिसकर्मियो को भी दी गई। अफसोस सब कुछ जलकर खाक हो गया था।



आग से जली झोपड़ी

# बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर से चार लोग घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर से चार लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम गूजरपुर निवासी बाइक चालक धर्मेंद्र कुमार पिता बालिस्टर सिंह व माता दुर्गा देवी को बाइक पर बैठाकर किसी कार्य से कायमगंज गया था।

शुक्रवार को कायमगंज से वापस आते समय नगला नान तथा अमलैया आशानंद के निकट दोनों वाहनों की गुजरते समय आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में जहां एक ओर बाइक चालक धर्मेंद्र कुमार, पिता बलिस्टर सिंह तथा माता दुर्गा देवी घायल हो गईं, वहीं दूसरी ओर ई-रिक्शा चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई। वहीं भीड़ में कुछ लोगों ने डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 में सवार कार चालक महिपाल सिंह तथा कमांडर रवीकर ने सभी घायलों को कार के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया। जहां समाचार लिखे जाने तक उपचार जारी था।



घायल को सीएचसी ले जाती पुलिस

# आगामी दीपावली को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर तत्काल पुलिस को दें सूचना**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर आगामी दीपावली के त्यौहार को लेकर आम जन में विश्वास के उद्देश्य से कायमगंज कोतवाली प्रभारी ने कोतवाली से पैदल फ्लैग मार्च निकाला।

फ्लैग मार्च नगर के बाजार होते हुए कोतवाली में सम्पन्न हुआ। कोतवाली प्रभारी राम अवतार ने बताया कि पैदल मार्च का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का विश्वास दिलाना है। साथ ही अपराधी एवं गुन्डा तत्वों पर भय व्याप्त करना है।

उन्होंने सभी से त्यौहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से और व्यापारियों से निडर होकर व्यापार करने की बात कही। कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह ने लोगों से अपील की कि किसी प्रकार की पोस्ट जो सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ सकती हो ऐसी पोस्ट शेयर कमेंट न करें एवं इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने बताया कि आगामी त्यौहार और बाजार में भीड़भाड़ को देखते हुए यह मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक शमशुद्दीन, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल सिद्दू सिंह, कांस्टेबिल अंकित गंगवार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



पैदल मार्च करती पुलिस



सरकारी गोदाम में लगी खाद

# जनपद में आयी 13320 बोरी फास्फेटिक उर्वरक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जनपद की समितियों पर 13320 बोरी फास्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति करायी गयी है एवं वफर गोदाम से लगातार उर्वरक की आपूर्ति करायी जा रही है। जनपद में सहकारी समितियों एवं निजी बिक्री केंद्रों पर 23000 बोतल नैनो यूरिया एवं 23800 बोतल नैनो डीएपी की भी आपूर्ति करायी गयी है। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि किसान नैनो डीएपी का मूल्य 600 रुपया प्रति 500 मिली का प्रयोग एक एकड़ आलू की फसल में पहली सिंचाई के बाद प्रयोग करें। इसके प्रयोग से 85 से 90 प्रतिशत तत्व पौधा लेता है एवं कम खर्च से समुचित आलू का उत्पादन होगा। उन्होंने किसानों से कहा कि जनपद में पर्याप्त उर्वरक है। आलू की फसल को देखते हुए उन्हें पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान भाई 5-5 बोरी एक बार में उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

# न्याय न मिलने पर परिवार सहित आमरण अनशन पर बैठा पीड़ित का परिवार



तहसील परिसर में आमरण अनशन पर बैठा पीड़ित परिवार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अधिकारियों की गणेश परिक्रमा कर हार चुके पीड़ित व्यक्ति ने न्याय न मिलने पर परिवार के साथ तहसील परिसर में आमरण अनशन शुरु कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगादरवाजा निवासी गोविन्द कौशल पुत्र स्व. ओमशिव कौशल ने बताया कि मुझे लगातार कुछ राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग प्रशासन की मदद से झूठे मुकदमे में फंसाने एवं मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न कर जान से मारने का प्रयास कर रहे हैं। मेरे पास सुरक्षा की दृष्टि से 2013 से शस्त्र लाइसेन्स प्राप्त है जो कि राजनीतिक षड्यंत्र रचकर जमा करा लिया गया एवं शस्त्र लाइसेंस निरस्त की कार्यवाही के लिए भेज दिया है। मेरा कोई अपराधिक रिकार्ड नहीं है और न ही कभी शस्त्र का दुरुपयोग किया गया। मुझे जान का खतरा है। ऐसी स्थिति में मुझे सुरक्षा की आवश्यकता है। सभी अधिकारियों के पास लगातार भागने के बाद भी मुझे न्याय नहीं मिला। तब मजबूर होकर मैं तहसील परिसर में परिवार के साथ आमरण अनशन पर बैठा हूँ।

# सर्राफा कारीगर की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस घटना की कर रही जाँच**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सर्राफा कारीगर की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। ससुरालीजन बिना मायके पक्ष को सूचना दिये शव का अंतिम संस्कार करने पहुंचे। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला बजरिया सालिग्राम निवासी सर्राफा कारीगर अंकित वर्मा का विवाह बीते 23 जून 2022 को कच्चे कटरा शाहजहाँपुर निवासी 22 वर्षीय नेहा उर्फ तनु पुत्री सुंदर लाल के साथ हुआ था। बीती रात उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। ससुराल पक्ष के लोग बिना मायके पक्ष को सूचना दिये शव का अंतिम संस्कार करने पहुंचे। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता सुन्दर लाल ने पुलिस को तहरीर दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिकोना चौकी प्रभारी यतेन्द्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस घटना की जाँच कर रही है।



मृतका की फाइल फोटो

# पूर्व विधायक स्व. पंडित विमल प्रसाद तिवारी की 18वीं पुण्यतिथि आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक स्व. पंडित विमल प्रसाद तिवारी की 18वीं पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह की अध्यक्षता में प्रणति निवेदित कार्यक्रम का आयोजन महावीरगंज द्वितीय स्थित ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आज 11:30 बजे से होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में माता प्रसाद पाण्डेय नेता प्रतिपक्ष विधानसभा भाग लेंगे। इसके अलावा पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखदा मिश्रा भी कार्यक्रम में भाग लेंगी। कार्यक्रम चिन्मय गोस्वामी भागवत आचार्य राधा माधव मंदिर द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों को भी सम्मानित किया जायेगा।

# धूमधाम से मनी बैरिस्टर बृजनंदन लाल कटियार की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बढ़पुर स्थित उत्सव भवन गेस्ट हाउस में बाबू बृजनंदन लाल कटियार बारएटला लंदन की 132वीं जयंती का आयोजन बाबू बृजनंदन लाल बैरिस्टर फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष आदित्य कटियार के नेतृत्व में किया गया। फतेहगढ़ कोऑपरेटिव बैंक के बाहर लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, अजय गंगवार सन्नू बाबू, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कुलदीप गंगवार, विजय कटियार ने भाग लिया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख कैलाश चंद्र कटियार ने अध्यक्षता की। महेन्द्र कटियार, विजय वर्मा, राजेश कुमार आदि लोगों ने दीप प्रज्वलित कर मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

**▸ बाबू बृजनंदन लाल कटियार फर्रुखाबाद के थे अंबेडकर : धर्मेन्द्र कनौजिया**

विजय कटियार ने कहा कि वह 6 वर्ष के लिए विधान परिषद के सदस्य भी चुने गए।

उन्होंने अपने विधान परिषद के कार्यकाल में कृषकों, मजदूर, वंचितों पर लगा लगान, माल गुजरी में छूट दिलवाने का प्रस्ताव लाकर कानून बनवाया तथा उसे लागू भी करवाया। जवाहर सिंह गंगवार ने कहा कि उस समय तीन ही बार हुआ करती थी, जिसमें की एक इलाहाबाद, दूसरा कानपुर तीसरा जो फर्रुखाबाद बार था। उनके पिता गेंदन लाल कटियार जो मोतीलाल नेहरू के सहपाठी हुआ करते थे, वह कई बार



बैरिस्टर बृजनंदन लाल जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग

बढ़पुर स्थित उत्सव भवन गेस्ट हाउस में आए। वहीं चाचा नेहरू और इंदिरा गांधी भी कई बार आईं। उन्होंने कहा कि वकीलों के लिए बेहतरीन व्यवस्था करने के लिए उन्होंने बार की स्थापना कराई। उन्होंने कई विद्यालय बनवाए और उसमें फंड भी दिया। जिससे कि लोग पढ़ाई कर सके। उन्होंने धर्म को बढ़ावा देते हुए बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर का निर्माण कराया। जिसका ट्रस्ट बनाया, जिसमें से आज भी पैसा कमला नेहरू अस्पताल में भेजा जाता है। कैलाश चंद्र कटियार ने कहा कि बैरिस्टर साहब की संपत्ति बढ़पुर ही नहीं आसपास जिलों में थी, उन्होंने उस समय जो जिले के लिए किया है, वह आज तक कोई भी नहीं कर सका है। कुलदीप गंगवार ने कहा कि सहकारिता बैंक के जनक थे, बाबू बृजनंदन लाल के द्वारा अंग्रेजी हकूमत से लड़कर सहकारिता बैंक की स्थापना करके कृषकों के हित में निम्न दर पर ऋण सुविधा तथा आम जनमानस को ऋण तथा बचत के अवसर प्रदान किया। अजय गंगवार सन्नू ने कहा कि बाबू बृजनंदन लाल ने जनता को योग्यता अनुसार रोजगार दिया, नौकरी दी व ऋण उपलब्ध कराकर किसानों तथा व्यापारियों को मजबूत बनाया। बाबू बृजनंदन लाल कटियार ने उस समय महिलाओं बालिकाओं को शिक्षित करने हेतु बहुत सी कुरीतियों को दूर करते हुए विधान परिषद में प्रस्ताव लाए। महेंद्र कटियार ने कहा कि बाबू जी जैसे महापुरुष इस बढ़पुर में जन्मे यह बात हम सभी के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभासद धर्मेंद्र कनौजिया ने कहा कि बाबू बृजेंद्र लाल कटियार फर्रुखाबाद के अंबेडकर थे। उन्होंने जो फर्रुखाबाद के लिए किया है, वह कोई भी नहीं कर सकता। आज मैं बहुत खुश हूं कि उनकी जयंती के अवसर पर सभी लोग आए और अपना अनमोल समय दिया। उन्होंने संचालन करते हुए आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। बाबू बृजनंदन लाल फाउंडेशन के अध्यक्ष आदित्य कटियार ने भी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सचिन कटियार, सुधीर कटियार, सुमित गंगवार, अमित वर्मा, राजेश कुमार, रितेश वर्मा, वैभव, अंकुर कटियार, वैभव मिश्रा, बंटी कटियार, संजीत कटियार, हरवीर यादव, उत्कर्ष दीक्षित, मंजेश कटियार, मुन्ना यादव, सुबोध कटियार आदि मौजूद रहे।

# मतदाता सूची पुर्नरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा अमृतपुर की बैठक सम्पन्न


बैठक में मौजूद एसडीएम व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा अमृतपुर की तहसील सभागार में मतदाता सूची पुर्नरीक्षण कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन हुआ। विधानसभा मतदाता सूची विशेष पुर्नरीक्षण 1 जनवरी 2025 के आधार पर 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक जारी रहेगा। 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक विशेष अभियान के तिथियां 9, 10, 23, 24 नवम्बर रखी गयी है। समस्त राजनैतिक दलों को बुलाया गया और उनके सुझाव मांगे गये। भाजपा की ओर से प्रभारी मुकेश गुप्ता ने भाग लिया। अपर जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अधिकारियों ने मतदाता पुर्नरीक्षण के लिए सभी लोगों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते है।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में बढ़पुर बना विजेता

**शमशाबाद रहा उपविजेता,सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर किया गया सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय बैडमिंटन, जिमनास्टिक, वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में समस्त विकास क्षेत्र की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला क्रीडा अधिकारी कर्मवीर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरुस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन सिंगल्स बालक वर्ग में बढ़पुर विजेता व शमशाबाद उपविजेता रहा।

बैडमिंटन बालिका सिंगल्स में बढ़पुर विजेता व मोहम्मदाबाद उप विजेता रहा। बैडमिंटन डबल्स बालक वर्ग में बढ़पुर विजेता व शमशाबाद उप विजेता रहा।


प्रतियोगिता के बाद मौजूद विजेता खिलाड़ी

बैडमिंटन डबल्स बालिका वर्ग में बढ़पुर विजेता व शमशाबाद उप विजेता रहा। जमनास्टिक में मोहम्मदाबाद विजेता व बढ़पुर उप विजेता रहा। वॉलीबाल बालक वर्ग में शमशाबाद विजेता व नवाबगंज उप विजेता रहा।

वॉलीबाल बालिका वर्ग में मोहम्मदाबाद विजेता व शमशाबाद उप विजेता रहा। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, दुर्गा वर्मा, कुलदीप यादव, अरुण यादव, मनीष, आलोक यादव, संजीव कुमार, अंकित यादव, अभिषेक शाक्य, शैलेन्द्र कनौजिया, अभिषेक पाल, नितिन यादव, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत छावनी क्षेत्र में हुआ वृक्षारोपण


वृक्षारोपण करते कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** छावनी परिषद फतेहगढ़ में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे लगाये गये। निदेशक रक्षा सम्पदा विभाग के निर्देशानुसार छावनी क्षेत्र में पेड़ लगाने की शुरुआत हुई। सिनेटरी इंस्पेक्टर नवाब सिद्दीकी ने मां के नाम एक पेड़ लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। हर माह में चार पेड़ आवश्यक है। प्रत्येक कर्मचारी को पेड़ लगाना है। किला घाट रोड पर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर छावनी क्षेत्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएसवीडी पब्लिक स्कूल पांचालघाट में कैप्टन वाइस कैप्टन का चुनाव संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीएसवीडी पब्लिक स्कूल पांचालघाट में छात्रों का कैप्टन वाइस कैप्टन चुनाव हर वर्ष की भांति सत्र 2024-2025 हेतु सम्पन्न हुआ। चुनाव में 5 प्रत्याशी मैदान में उतरे। शुभम कक्षा 7, जानवी कक्षा 10, नव्या कक्षा 9, नित्या अग्निहोत्री कक्षा 10, चंदन कक्षा 8, मतदान कर्मियों में अध्यापक निर्भय मिश्रा पीठाधीन अधिकारी व कीर्ति मतदान अधिकारी प्रथम तथा ज्ञानप्रकाश मतदान अधिकारी द्वितीय तथा रुबी मतदान अधिकारी तृतीय रही। प्रबंधक महेशपाल सिंह उपकारी ने प्रथम वोट डाला। प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी व एमडी हरभान सिंह व प्रशासक अनुराग सोमवंशी ने भी मतदान किया। विद्यालय में लगभग उपस्थिति 285 छात्रों ने मतदान किया।

सहयोग उपप्रधानाचार्य सचिन पाल, आकृति, अभिनव पाल, सोनाली, शिव ने किया। कर्मचारी सरिता, आरती, सुखपाल, जितेंद्र, इब्राहिम ने भी मतदान किया। मतदान प्रतिशत 88 प्रतिशत रहा। मतदान की पेटी को प्रत्याशियों के सामने सीलबंद किया गया। चुनाव परिणाम 29 अक्टूबर को घोषित किया जायेगा।



मतदान के दौरान मौजूद प्रबंधक व शिक्षक एवं छात्र

# हर सनातनी गाय को कराये भोजन : मुनीश मिश्रा


गाय को रोटी खिलाते मुनीश मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सनातन धर्म में गाय को माता माना गया है। भोजन का पहला निवाला प्रसाद के रुप में गाय को खिलाया जाता है। वर्षों से चली आ रही पम्परा को समाजसेवी व छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष मुनीश मिश्रा ने अपने पूर्वजो द्वारा बनायी इस पम्परा को बखूबी निभा रहे है।

उन्होंने बताया कि हर सनातनी को गाय की पूजा करना चाहिए और भोजन बनने के बाद पहली रोटी गाय को खिलाना चाहिए। इससे पुण्य मिलता है और मनुष्य की बुद्धि शुद्ध होती है। क्योंकि दान पुण्य के साथ भोजन खिलाना भी एक परोपकार है। ऐसे कार्य करने वाले व्यक्ति सत्संगी बनते है और अध्यात्म से जुड़ते है। क्योंकि संगत ही लोगों को अच्छा बनाती है और बुरी संगत लोगों को बर्बाद करती है। पूजा पाठ के अलावा दान पुण्य करना, पशु-पक्षी, गाय आदि को भोजन कराना बहुत शुभ माना गया है। हर कार्य में गाय का गोबर शुद्धता का प्रतीक होता है, इसलिए गाय का पूजन, गाय को भोजन कराना व उसे चारा खिलाना उत्तम माना गया है। इस कार्य में मुनीश मिश्रा गायों की सेवा करते है और उन्हें भोजन खिलाते है।

# अब रात में भी खुले रहेगें पेट्रोल पम्प, मिला आश्वासन

**▸ व्यापारियों ने बताया कि रात 10 बजे के बाद पेट्रोल की जरूरत पड़ती है तो बंद मिलते है पेट्रोल पम्प**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल फतेहगढ़ के व्यापारियों ने रात में एक पेट्रोल पम्प खोलने की अनुमति दिलाये जाने को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि रात 10 बजे के बाद पेट्रोल की जरुरत पड़ती है तो पेट्रोल पम्प बंद मिलते है।

ऐसे में फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद में एक पेट्रोल पम्प रात में अवश्य खुला रहने की अनुमति दी जाये। नगर मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि रात्रि में एक पेट्रोल पम्प फर्रुखाबाद व एक पेट्रोल पम्प फतेहगढ़ खुला रहेगा। नगर मजिस्ट्रेट ने पूर्ति निरीक्षक को इस प्रस्ताव को निस्तारित करने के लिए कहा। जिस पर उन्होंने स्वीकार किया। इस निस्तारण के बाद सभी व्यापारियों ने धन्यवाद दिया। इस दौरान फतेहगढ़ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रविकांत गुप्ता, प्रबल महेश्वरी, लालजी सक्सेना, मुकेश गुप्ता, संदेश अग्रवाल, संदीप सक्सेना, नदीम, नितिन गुप्ता, मोहित यादव, गौरव, शुभम, अजय आदि लोग मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

## डीएचए रायबरेली और बाबू इलेवन देवा के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**बाराबंकी।** देवा में चल रही राज्यस्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिता में शुक्रवार को सेमीफाइनल के मैच खेले गए। जिसमें डीएचए रायबरेली और बाबू इलेवन देवा की टीमों ने फाइनल मैच में अपना अपना स्थान पक्का कर लिया है। आज हुए पहले मैच में डीएचए आजमगढ़ और डीएचए रायबरेली के बीच खेला गया। जिसमें कड़े संर्घष के बाद अंतिम छड़ों में डीएचए रायबरेली की टीम ने 1-0 से फतेह हासिल की। इसके बाद दूसरे मैच का मुकाबला बाबू इलेवन देवा और आरएसए शिवगढ़ रायबरेली के बीच खेला गया, जिसमें बाबू इलेवन देवा की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। आज विजयी हुई दोनों टीमों ने फ़ाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।



श्वेता दुबे को सदस्य बनाते विकास पाण्डेय

# विकास पाण्डेय ने सदस्यता अभियान को दी गति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत बड़ी संख्या में सदस्य बनाये गये। भाजपा के नगर पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने मिस्ड कॉल देकर सदस्य बनाये। साथ ही महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्वेता दुबे को विकास पाण्डेय ने सदस्य बनाया और फार्म सौंपा। सदस्यता अभियान को गति देते हुए गली-मोहल्लों में जाकर भाजपा से जोड़ा और सदस्य बनाये। विकास पाण्डेय ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। हर वर्ग को जोड़ने का लक्ष्य है उसे मैं पूरा कर रहा हूं। साथ ही नये सदस्यों को बनाया जा रहा है। पश्चिमी नगर क्षेत्र में सदस्यता अभियान ठीकठाक चल रहा है। कार्यकर्ता निरंतर सदस्यता अभियान में भाग ले रहे है। तीसरा चरण 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर को पूर्ण होगा। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को 50 सदस्य बनाकर सत्यापित कराना है। जिससे वह सक्रिय सदस्यता अभियान को गति दे सकें।

# फतेहगढ़ मण्डल के कासिम बाग में चलाया गया सदस्यता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है। सदस्यता अभियान के तहत भाजपा फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने सदस्यता अभियान के तहत लोगों को कासिम बाग कॉलोनी में भाजपा की सदस्यता दिलाई। सभी पदाधिकारी को संदेश दिया है कि सभी लोग अपने बूथ पर सदस्यता अभियान चलाकर भाजपा को मिस कॉल देकर जोड़ेंगे। वहीं महामंत्री आशू राठौर ने कहा कि प्रीति एक पदाधिकारी के सदस्य संख्या देखी जाएगी कि कितने लोगों ने कितने सदस्य बनाए हैं। प्रदेश को जल्द से जल्द भेजी जाएगी।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान, राजकुमार वर्मा, अनू दुबे, राहुल, सुनील गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


सदस्यता अभियान के दौरान मौजूद भाजपा नेता

## बच्ची की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव राईपुर चिनघटपुर निवासी मिस्टी उम्र 9 माह पुत्री अमित सिंह को बीते दिन लैट्रीन होने पर परिजनों ने गाँव के झोलाछाप के यहाँ से उपचार करवाया था। शुक्रवार को उसकी हालत बिगड़ने पर परिवारीजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां डाक्टर अमित कुमार ने मिस्टी को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मॉ पूनम सहित बड़ा भाई राम लखन सहित अन्य परिजनों में कोहराम मच गया।

# धूमधाम से मनायी गई बैरिस्टर बाबू बृजनंदन लाल की जयंती


बैरिस्टर बृजनंदन लाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बैरिस्टर बाबू बृजनंदन लाल की जयंती पर फतेहगढ़ कोआपरेटिव बैंक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया ने फतेहगढ़ पहुंचकर माल्यार्पण कर बाबू बृजनंदन लाल कटियार को नमन किया। बैरिस्टर बृजनंदन लाल फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष आदित्य कटियार ने माल्यार्पण किया। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाबू जी को याद करते हुए नमन किया। इस मौके पर सभासद राकेश गंगवार, धीरू सारस्वत, श्याम बाबू, सचिन कटियार, उत्कर्ष दीक्षित, सभासद शक्ति सिंह, रमेश सैनी, नंदकिशोर सैनी, विभव कटियार, रविन्द्र गुप्ता, अमित वर्मा, रीतेश, अंकुर कटियार, संजीत कटियार, कृष्णकांत वर्मा आदि लोगों ने माल्यार्पण किया।

# सुरभि इंटरप्राइजेज के नवीन प्रतिष्ठान का धूमधाम से हुआ शुभारम्भ, ग्राहकों को दिये गये उपहार


प्रतिष्ठान का फीता काटकर शुभारम्भ करतीं सुरभि सिंह


ग्राहकों को उपहार देकर सम्मानित करते प्रो0 विवेक सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** धनतेरस एवं दीपावली को लेकर सुरभि इलेक्ट्रानिक वालों का नवीन प्रतिष्ठान सुरभि इंटरप्राइजेज का शुभारम्भ हुआ। नगला दीना भोलेपुर फतेहगढ़ रोड पर नवीन प्रतिष्ठान सुरभि इंटरप्राइजेज का उद्घाटन विवेक कुमार सिंह की पुत्री सुरभि सिंह ने फीता काटकर किया। नवीन प्रतिष्ठान का शुभारम्भ पूजा अर्चना के साथ फीता काटकर हुआ। नये प्रतिष्ठान में ग्राहकों को उचित दर पर

**दीपावली बाजार दर्शिका**

इलेक्ट्रानिक वस्तुएं एक ही दुकान पर मिलेगी। एलईडी, स्मार्ट एलईडी टीवी, स्पीकर, होमथिएटर, मिक्सी, प्रेस, फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन, पंखे, बैटरी आदि विभिन्न इलेक्ट्रानिक वस्तुएं उपलब्ध है। सुरभि इंटरप्राइजेज के संचालक विवेक सिंह ने बताया कि नवीन प्रतिष्ठान में इलेक्ट्रानिक की सभी वस्तुएं उपलब्ध है। नये प्रतिष्ठान पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ रही। लोगों ने शुभारम्भ अवसर पर अपनी जरुरत से संबंधित वस्तुएं खरीदी। विवेक सिंह ने ग्राहकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उपहार भेंट किये। इस मौके पर विवेक सिंह की पत्नी नीलम सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अरुण कुमार, वरुण कुमार, चंद्रेश राजपूत, राकेश अरोड़ा, भानू प्रताप आदि मौजूद रहे।

**▸ नवीन प्रतिष्ठान में टीवी, फ्रिज, कूलर, एलईडी, मिक्सी, होम थिएटर, प्रेस, पंखे आदि उपलब्ध है**

# कृषि निवेश मेला में किसानों को बतायी कृषि तकनीकी विधियां

**▸ उप कृषि निदेशक ने आईपीएम की विभिन्न विधियों के बारे में दी जानकारी**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड फतेहपुर के हैदरगंज प्राथमिक विद्यालय में कृषि सूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत विकास खण्डस्तरीय रबी कृषि निवेश मेला का आयोजन विधायक, कुर्सी, साकेन्द्र प्रताप वर्मा की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी, राजित राम, भूमि संरक्षण अधिकारी, गोमती सौरभ कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, फतेहपुर, सहायक विकास अधिकारी, कृषि, फतेहपुर सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय कृषक एवं महिला कृषक उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक द्वारा खरीफ में कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं सामयिक कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में किसानो को अवगत कराते हुये बताया गया कि वर्तमान समय में फसल उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हेतु सर्वाधिक उपयोगिता आईपीएम एवं विषमुक्त खेती की है। उप कृषि निदेशक द्वारा आईपीएम की विभिन्न विधियों के बारे में भी बताया गया। पराली प्रबन्धन के बारे में अवगत कराते हुये बताया गया कि पराली जलाने से हमारे खेतों के मित्र कीट भी मर जाते हैं जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है। साथ ही इससे पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। अतः किसान भाई पराली कदापि न जलायें। जिला कृषि अधिकारी द्वारा रबी हेतु कृषि निवेशों यथा बीज/ उर्वरक की उपलब्धता एवं उसके मूल्य नियंत्रण/ गुणवत्ता नियंत्रण के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा मौसम के बदलाव में पशुओं में होने वाले रोगों एवं उनके निदान के बारे में बताया गया।






राष्ट्रपति मुर्मु ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के द्वितीय दीक्षांत समारोह में कहा

# चिकित्सा पेशेवरों का काम जिम्मेदारियों भरा

एजेंसी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिरकत की। इस समारोह में उन्होंने 10 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 514 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया।

दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में देश की सेवा करते हुए मुझे कई समारोह में भाग लेने का अवसर मिलता है। शिक्षा संस्थानों में जाकर मुझे अधिक प्रसन्नता होती है। मुझे संतोष का अनुभव होता है कि हमारे देश का भविष्य आप जैसे प्रतिभावान युवाओं के हाथों में सुरक्षित है। आज उपाधि एवं पदक प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को मैं बहुत-बहुत बधाई देती हूं एवं उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना करती हूं। जिन अभिभावकों और शिक्षकों के समर्थन तथा सहयोग से आपने यह रास्ता तय किया है, वे भी बधाई के पात्र हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से शिक्षा प्राप्त करना सौभाग्य की बात है। यहां से शिक्षा प्राप्त करके आपकी प्रतिभा और विकसित हुई होगी। चिकित्सा पेशेवरों का कार्य अत्यंत जिम्मेदारी भरा है। आपके निर्णय अनेक बार जीवन रक्षा से जुड़े होते हैं। मैं समझती हूं कि आपको इस जिम्मेदारी का बोध है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह आप पूरी तन्मयता एवं क्षमता से करेंगे। मेडिकल पेशेवर के तौर पर आप प्रायः ऐसी परिस्थितियों से गुजरते हैं जो बहुत चुनौतीपूर्ण होते हैं। उनका सामना करने के लिए आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना सीख लेते हैं।

भावुकता से मुक्त होकर कार्य करने और संवेदनशीलता की कमी होने के बीच बहुत थोड़ा सा ही फासला होता है। दुनिया के अनेक प्रतिष्ठित एवं श्रेष्ठ चिकित्सकों ने मेडिकल प्रोफेशनल्स को मानवीय मूल्यों के साथ काम करने की सलाह दी है। उनमें डॉ. फ्रांसिस वेल्ड पीबॉडी का नाम बहुत महत्वपूर्ण है। उनका लेख विश्व के कई चिकित्सा संस्थानों में विद्यार्थियों को पढ़ने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि जब आपने यह कार्यक्षेत्र चुना होगा, तब आपके मन में दया, करुणा और संवेदना के आदर्श रहे होंगे। आपको हमेशा याद रखना है कि ये मानवीय मूल्य हमको मजबूत बनाते हैं इसलिए हमेशा अपने कार्यक्षेत्र में इन जीवन-मूल्यों के साथ काम करें। इससे आपको कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी तथा आपका जीवन सार्थक होगा। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि देश के सभी नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। एक दशक में देशवासियों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। 'आयुष्मान भारत योजना' के अंतर्गत अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक भी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो रही हैं। पिछले दस वर्षों में मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस तथा पीजी की सीटों में भी बढ़ोतरी हुई है। नए एम्स भी स्थापित किए गए हैं।

**कम खर्च में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं व शिक्षा देने में एम्स बेहतर**

राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स संस्थान, कम खर्च में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं एवं मेडिकल शिक्षा देने के लिए जाने जाते हैं। एम्स संस्थानों के साथ देशवासियों का विश्वास जुड़ा हुआ है इसीलिए बहुत बड़ी संख्या में लोग दूर-दूर से एम्स में इलाज कराने आते हैं। जिस डॉक्टर के साथ एम्स का नाम जुड़ा होता है, उसके प्रति मरीजों में सम्मान की भावना बढ़ जाती है। मुझे यह जानकर हर्ष होता है कि एम्स रायपुर भी इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। वर्ष 2012 में स्थापित इस संस्थान ने अपनी कुछ वर्षों की यात्रा में ही बहुत प्रतिष्ठा अर्जित की है। इसके लिए इस संस्थान से जुड़े सभी लोगों की मैं सराहना करती हूं।

# सुकमा में दंपति समेत छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 24 लाख का इनाम था घोषित

एजेंसी



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ की जा रही लगातार कार्रवाई का असर दिख रहा है। शुक्रवार को सुकमा जिले में एक नक्सली दम्पति समेत 6 नक्सलियों ने पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन सभी पर कुल 24 लाख का इनाम घोषित था। इनमें नक्सल दम्पति पर 10 लाख, एक महिला, एक पुरुष नक्सली पर 5-5 लाख एवं दो पुरुष नक्सली पर 2-2 लाख का इनाम घोषित था। पूर्व में ये कई नक्सली वारदातों में शामिल थे। छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में महिला नक्सली कमला उर्फ बण्डी दूधी पिता स्व. दूधी कोसा (पति पवन उर्फ कमलू हेमला) (सिलगेर एलओएस कमाण्डर, एसीएम इनामी 5 लाख रुपये) 35 वर्ष निवासी पामलूर थाना किस्टाराम जिला सुकमा, पवन उर्फ कमलू हेमला पिता सुक्कू (दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रेस टीम लेपटॉप आपरेटर (एसीएम) इनामी 5 लाख रुपये) 27 वर्ष निवासी सावनार मूकापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, बण्डू उर्फ बण्डी सोड़ी पिता स्व. मंगडू (दक्षिण सब जोनल ब्यूरो समन्वय दलम, एसीएम इनामी 5 लाख रुपये) 27 वर्ष निवासी आमापेंटा थाना किस्टाराम जिला सुकमा, महिला माड़वी नागुल सुशीला पिता माड़वी बाबूराव (किस्टाराम एलओएस डिप्टी कमाण्डर, एसीएम इनामी 5 लाख रुपये) 26 वर्ष निवासी ग्राम बडेकेवाल थाना चितंगुफा जिला सुकमा, कुंजाम रोशन उर्फ महादेव पिता जोगा (प्लाटून नम्बर 04 का पार्टी सदस्य, ईनामी 2 लाख रुपये) 18 वर्ष, निवासी भण्डारपदर थाना भेज्जी जिला सुकमा एवं दशरू उर्फ कोटेश सोड़ी पिता लच्छा (पूर्व सीसीएम सुदर्शन उर्फ दूला दादा का गार्ड पामेड़ एरिया कमेटी पार्टी सदस्य इनामी 2 लाख) 28 वर्ष निवासी बुर्कलंका थाना किस्टराम जिला सुकमा शामिल हैं।

# आबकारी नीति में अमनदीप ढल को जमानत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली अबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमे में शराब व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल को शुक्रवार को जमानत दे दी। शीर्ष अदालत के इस आदेश से उनके जेल बाहर आने का रास्ता साफ हो गया, क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धन शोधन से संबंधित मुकदमे में उन्हें पहले ही जमानत दे चुका है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की शीर्ष अदालत की पीठ ने ढल की अपील पर जमानत संबंधी यह आदेश पारित किया। पीठ ने जमानत याचिका मंजूर करते हुए कहा, ÷इस मामले के लगभग 300 गवाह हैं, जिनसे सीबीआई को पूछताछ करनी है। अभियुक्त डेढ़ साल से हिरासत में है और अधिक हिरासत से कोई भी उद्देश्य पूरा नहीं होगा। उच्च न्यायालय ने सीबीआई मामले में इस साल चार जून को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय से पहले निचली अदालत ने नौ जून 2023 को सीबीआई मामले में ढल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई ने ढल को 18 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। उन पर कथित आबकारी नीति (विवाद के बाद रद्द कर दी गई) घोटाले में शामिल होने का आरोप है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से संबंधित ईडी द्वारा दर्ज धन शोधन के मामले में ढल को 17 सितंबर को जमानत दी थी। इस प्रकार अब उनके जेल से बाहर निकलने का रास्ता साफ हो गया। ढल से पहले कई आरोपियों को दोनों मामले में जमानत मिल चुकी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने की पूर्व सीएम कोड़ा की याचिका खारिज**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोयला खदान घोटाले में दोषसिद्धि को निलंबित करने की झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। श्री कोड़ा ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर की याचिका में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए शीर्ष अदालत से राहत देने की गुहार लगाई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि दोषसिद्धि पर रोक को साधारण परिस्थितियों में अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि इसके लिए कई कारकों पर विचार किया जाना है। पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें श्री कोड़ा की याचिका खारिज कर दी गई थी।

## अहमदाबाद में 50 से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठिए हिरासत में

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने 50 से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिरासत में लिया है। इनके अलावा 200 से अधिक घुसपैठियों से पूछताछ भी की जा रही है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजित राजियान के अनुसार कुछ दिन पहले 3-4 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़कर उनके विरुद्ध केस दाखिल किया गया था। उनसे पूछताछ के बाद यह सारी जानकारी सामने आई है। इसके बाद 50 बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिरासत में लिया गया है। अन्य 200 लोगों से भी इस सिलसिले में पूछताछ जारी है। पकड़े गए लोगों के पास से बांग्लादेश का लैंड रिकॉर्ड, आईडी कार्ड और जन्म का प्रमाण पत्र मिला है। इनके फोन में यह सारी डिजिटल सामग्री मिली हैं। जानकारी के अनुसार पकड़ीं गईं महिलाओं में से अधिकांश वेश्यावृत्ति से जुड़ी थीं। इसके अलावा घरों में नौकरानी और श्रमिक के काम से भी वे जुड़ीं हैं।

# सदन में नए विधायकों को बोलने का अधिक अवसर मिले : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**वरिष्ठ विधायकों ने नए सदस्यों को प्रशिक्षण देने की रखी मांग**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में स्पीकर के चुनाव के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को कहा कि इस बार 40 विधायक पहली बार चुनकर आए हैं। ऐसे में स्पीकर को उन सभी को बोलने का अधिक अवसर देना चाहिए।

पंद्रहवीं विधानसभा में पिछली बार की 9 की अपेक्षा 13 महिलाओं के चुनकर विधानसभा पहुंचने पर मुख्यमंत्री सैनी ने महिला शक्ति को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विपक्ष के सकारात्मक सुझावों पर भी अमल करेगी। प्रदेश की जनता ने भरोसा करके तीसरी बार भाजपा को सत्ता सौंपी है। नॉन स्टॉप हरियाणा के विकास के लिए तीन गुणा रफ्तार से काम करने का प्रयास किया जाएगा। आज विधानसभा में स्पीकर चुनाव के बाद ज्यादातर वरिष्ठ विधायकों ने इस बात पर जोर दिया कि नए विधायकों को बोलने के लिए अधिक समय दिया जाए और उनकी मदद के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। विधायकों की इस बात का स्पीकर ने भी समर्थन किया। वर्ष 2019 में भी नए विधायकों के लिए लोकसभा अधिकारियों के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सदन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि स्पीकर का पद बड़ा महत्वपूर्ण है। उनकी ड्यूटी बनती है कि वे सदन के सभी साथियों को साथ लेकर चलें। विपक्ष का भी विशेष तौर पर ख्याल रखा जाए। अंग्रेजी की एक कहावत सुनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा कि स्पीकर कभी बोलते नहीं लेकिन सभी को बोलने का मौका देते हैं।

## खबरें एक नजर में

### ब्रांडिंग के आधुनिक तरीके अपनाएं शिल्पकार : ईरा गुप्ता



**जीवनगढ़, समृद्धि न्यूज।** अपलीक हैडीक्रफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, अलीगढ़ (उप्र) द्वारा 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) वर्कशॉप-2024-2025'' का आयोजन कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से दिनांक 21 अक्टूबर, से सुबह 11 बजे से षाम 4:00 बजे तक स्थान होटल रॉयल क्लासिक, अलीगढ़ (उ0प्र0) में प्रारम्भ किया जा चुका है जिसके तारतभ्य में पांचवें दिन कार्यक्रम का सुभारम्भ प्रोडयूसर कम्पनी की डायरेक्टर व मास्टर ट्रेनर-शगुफता परवीन एवं डिजाइनर ईरा गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया। कम्पनी की डायरेक्टर शगुफता परवीन ने डिजाइनर ईरा गुप्ता को पुष्पगुच्छ सप्रेम भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर कम्पनी की डायरेक्टर शगुफता परवीन ने आज के इस कार्यशाला के आयोजन के बारे में अवगत कराते हुए अपलीक हस्तशिल्पियों को बताया कि यह उद्यमिता विकास कार्यक्रम उनके दक्षता, निपुणता, कार्य कुशलता, प्रोडक्शन, डिजाइन, मार्केटिंग प्रणाली को बढ़ाने हेतु 21 अक्टूबर से प्रारम्भ की गयी थी जिसकी पांचवें दिन की सभी हस्तशिल्पियों के उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कराये गये। तत्पश्चात लखनऊ से आई डिजाइनर ईरा गुप्ता ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम में अपलीक क्राफ्ट के हस्तशिल्पियो को जो अपना-अपना स्वरोजगार या कारीगरी का कार्य करते हैं उनको बताया कि किस प्रकार नई नई डिजाइनिग, ब्रांडिंग और प्रमोशन से हस्तशिल्प अपने कार्य, और प्रोडक्शन को बढ़ाकर अपने उद्यम की मार्केटिंग प्रणाली को बढ़ाने पर जोर देना चाहिए डिजाइनर ने एप्लिक क्राफ्ट की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की चर्चा करते हुए कहा कि इस पारंपरिक कला को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़कर वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा हमारे शिल्पकारों के पास हुनर की कोई कमी नहीं है लेकिन आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में टिके रहने के लिए ब्रांडिंग और प्रोमोशन के आधुनिक तरीकों को अपनाना आवश्यक है।

### उपराष्ट्रपति रोड्रिग्ज ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** वेनेजुएला की कार्यकारी उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने शुक्रवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति एनक्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने, लोगों के बीच आपसी संबंधों को बढ़ाने, योग और आयुर्वेद को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा केंद्रित रही। इससे पहले आज सुबह भारत ने वेनेजुएला की कार्यकारी उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज का नई दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि वेनेजुएला की कार्यकारी उपराष्ट्रपति का भारत में कार्य यात्रा पर आने पर हार्दिक स्वागत है। उनकी यात्रा भारत-वेनेजुएला द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### पश्चिमी देशों में अशांति के पीछे रूस का हाथ होने के आरोप बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान कहा कि रूस पर ये आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं कि कुछ पश्चिमी देशों में अशांति के पीछे उसका हाथ है। श्री पुतिन ने कहा, 卐आज संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पूछा गया कि क्या कुछ पश्चिमी देशों की राजधानियों में अशांति के पीछे हमारा हाथ है, जो पूरी तरह से बेबुनियाद आरोप है।卐 उन्होंने कहा कि रूस टकराव नहीं चाहता है, बल्कि वह अपनी राह पर चल रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अक्टूबर को कजान में आयोजित किया गया। इस वर्ष रूस ने एक जनवरी, 2024 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। इस सम्मेलन में, रूस 200 से अधिक राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। रूस, ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका के अलावा, अब इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और सऊदी अरब भी शामिल हैं। रूस की ब्रिक्स अध्यक्षता निष्पक्ष वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर केंद्रित है।

### 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**मुरादाबाद, समृद्धि न्यूज।** मझोला थाना क्षेत्र में जमीन बेचने के नाम पर 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। मझोला के लाइनपार कुंदनपुर निवासी पंकज सैनी ने थाना मझोला में संजय, विपिन और गोपाल के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने में केस दर्ज कराया। उसने बताया कि पत्नी और मौसी रीता के नाम पर एक जमीन खरीदी थी। नामजद आरोपितों ने इस जमीन के लिए 22 लाख रुपये लिए थे। बैनामा कराने के बाद पता चला कि आरोपित पहले ही यह जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच चुके थे। पीड़ित का कहना है कि उसने इस मामले की पुलिस से शिकायत की तो आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। उन्होंने रकम वापस करने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर शुक्रवार को मामले में आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

### एसजीपीसी के वार्षिक चुनाव में पंथ विरोधी ताकतें कर रही हैं हस्तक्षेप

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवार घोषित होने के बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि कई कुर्बानियों के बाद अस्तित्व में आये सिख संगठन के प्रबंधन पर कब्जा करने की खातिर आज पंथ विरोधी ताकतें कुछ हथकंडे अपना रही हैं, जिससे खालसा पंथ को एकता के साथ सचेत रहने की जरूरत है। एडवोकेट धामी ने शिरोमणि अकाली दल और शिरोमणि कमेटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और सरकार के इशारे पर एसजीपीसी पर पंथ विरोधी ताकतों द्वारा कब्जा करने की साजिश की कड़ी आलोचना की। मीडिया से बातचीत करते हुये एडवोकेट धामी ने कहा कि सिखों ने इतिहास में बहुत कठिन समय देखा है, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारियों के चुनाव को प्रभावित करने के लिये पैसे से सदस्यों को खरीदने की कोशिश की गयी हो। भाजपा, कांग्रेस, आप, आरएसएस और पंथ विरोधी ताकतें शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारियों के चुनाव में सीधा दखल देकर शिरोमणि कमेटी के सदस्यों को अकाली दल के उम्मीदवार के खिलाफ करने के लिये तरह-तरह की कोशिशें कर रही हैं।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मार की आत्महत्या

**बीजापुर।** जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरपारा में स्थित सीआरपीएफ 199 बटालियन में तैनात प्रधान आरक्षक ने ड्यूटी के दौरान अपनी सर्विस रायफल एके 47 से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए बीजापुर अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद एम्बोम्बिंग प्रकिया के लिए शुक्रवार को जवान के शव को मेकॉज जगदलपुर लाया गया। सीआरपीएफ अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के रेवाड़ी निवासी पवन कुमार (44) सीआरपीएफ 199 बटालियन पतरपारा में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ था। वह मुख्यालय के टावर मोर्चा नंबर दो पर ड्यूटी पर था। उसने ड्यूटी के दौरान एके 47 से स्वयं पर गोली चला ली। घटना की जानकारी लगते ही आला अधिकारियों की टीम भी पतरपारा कैम्प पहुंची। जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए बीजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया। जवान ने आत्महत्या क्यों की? इस बात की जानकारी किसी भी साथी को नहीं है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ बैठक में शामिल हुए।

# जेनेरिक दवाओं को सस्ती-सुलभ बनाएगी दवा इंडिया

**दवा इंडिया ने की वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उत्तरी भारत में बड़े विस्तार की घोषणा**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** ज़ोटा हेल्थकेयर लिमिटेड के तहत हेल्थकेयर उद्योग में अग्रणी दवाइंडिया, उत्तरी भारत में एक महत्वपूर्ण विस्तार अभियान की घोषणा की। लखनऊ के सफायर बैंक्वेट हॉल में एक विशेष लॉन्च समारोह में दवाइंडिया ने अपनी महत्वाकांक्षी विकास रणनीति का अनावरण किया। इस कार्यकम का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश में स्थानीय स्तर पर जेनेरिक दवाओं के विस्तार को बढ़ाना और कम्पनी के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करना था।

उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं को सस्ती और सुलभ बनाने के अपने मिशन के हिस्से के रूप में, दवाइंडिया का लक्ष्य वित्त वर्ष 2025 के अंत तक उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिला मुख्यालयों में ज्यादा से ज्यादा आउटलेट स्थापित करना है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 250.सहित पूरे देश में 1,200 से अधिक आउटलेट संचालित करते हुए, जेनेरिक दवाइयों की पहुँच जनता तक बेहतर बनाने के अपने सशक्त प्रयास जारी रखता है। ज़ोटा हेल्थकेयर लिमिटेड के ग्रुप सीईओ डॉ. सुजीत पॉल ने कहा, हमारा मिशन हमेशा से हर भारतीय के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफ़ायती बनाना रहा है।÷ ÷उत्तरी भारत, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में यह विस्तार हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा एक मौलिक अधिकार है, और # Change, #Comeoutandvote # Careforall जैसी पहलों के माध्यम से, हम स्थायी सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं। हम उत्तरी भारत के लोगों के लिए समर्पण और सेवा का वही स्तर लाने के लिए रोमांचित हैं जिसके लिए दवाइंडिया पूरे देश में जाना जाता है। यह विस्तार, उत्तरी भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के दवाइंडिय के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किफायती स्वास्थ्य सेवा समाधान बड़ी आबादी तक पहुँचें। इस पहल में उत्तर प्रदेश के लिए विशेष कार्यक्रम शामिल होंगे, जैसे कि #Change अभियान, जो वंचित समूहों को मुफ्त सैनिटरी पैड प्रदान करके और जागरूकता सत्र आयोजित करके मासिक धर्म स्वच्छता और महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना। इसके अतिरिक्त, #Comeoutandvote अभियान नागरिकों को उनके वोट के अधिकार का प्रयोग करने की याद दिलाकर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है।

## इमरान खान की दोनों बहनों को मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) इस्लामाबाद ने आज पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की दोनों बहनों अलीमा खान और उज्मा खान को जमानत प्रदान कर दी। दोनों को इस माह की शुरुआत में राजधानी इस्लामाबाद की डी चौक में धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, डी चौक में पीटीआई के प्रदर्शन के मद्देनजर धारा 144 लगाई गई थी। पीटीआई के डी चौक पर प्रदर्शन करने के फैसले पर अडिग रहने के मद्देनजर राजधानी में कई सड़कों को बंद कर दिया गया था। पुलिस की कड़ी नाकाबंदी के बावजूद दोनों बहनें डी चौक पर पहुंच गई थीं। इस्लामाबाद-पेशावर के एक हिस्से पर खाई खोदी गई थीं।पुलिस ने कथित तौर पर अशांति फैलाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में इमरान की दो बहनों सहित 100 से अधिक पीटीआई सदस्यों को हिरासत में लिया था। उज्मा और अलीमा की ओर से नियाजुल्लाह नियाजी, अंसार महमूद कियानी और अन्य वकील अदालत में पेश हुए।

# उत्तर रेलवे ने त्योहार को लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए चलाईं विशेष ट्रेन

समृद्धि न्यूज




**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे दिवाली और छठ पूजा पर्वों के इस मौसम में, अपने परिवारों के साथ दिवाली और छठ पूजा का त्यौहार मनाने के लिए अपने घर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए इस वर्ष सर्वाधिक त्यौहार स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों के साथ त्यौहारों की खुशियां साझा कर रही है। आज उत्तर रेलवे मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे श्री अशोक कुमार वर्मा ने दिवाली और छठ पूजा के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा की गई विशेष व्यवस्था के बारे में मीडिया को संबोधित किया।

एक अक्टूबर से 30 नवंबर 2024 तक, स्पेशल ट्रेनों के अब तक 3144 फेरे घोषित किये जा चुके हैं। लगभग 85त्न त्यौहार विशेष ट्रेनें पूर्व दिशा में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम जाने वाले यात्रियों के लिए चलाई जा रही हैं। दिवाली और छठ पूजा त्योहारों के दौरान सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 26 अक्टूबर 2024 से 7 नवम्बर 2024 तक विशेष ट्रेनों के 195 फेरे (इसी अवधि के दौरान 2023 में 138 फेरे चलाये गए थे) की योजना बनाई गई है। इन तेरह दिनों में उत्तर रेलवे प्रत्येक दिन दिल्ली एरिया से 65 ट्रेनों का संचालन करेगी जबकि पिछले वर्ष इन तेरह दिनों में 59 ट्रेनों का संचालन हुआ था। इन तेरह दिनों में लगभग 1 लाख 20 हजार यात्रियों को अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध हो पाएंगी।

यात्रियों की भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए, पूर्व दिशा की ओर जाने वाली, 12566 बिहार संपर्क क्रांति, 12394 सम्पूर्ण क्रांति, 12554 वैशाली और 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, जैसी ट्रेनों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 16 से चलाया जायेगा । नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 16 पर पहली बार अनारक्षित यात्रियों के सुगम एवं सुरक्षित प्रवेश के लिए, कतार में लगने के लिए अलग प्लेटफार्म प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर सभी विभागों के नामित कर्मचारियों द्वारा संचालित एक सुसज्जित मिनी-नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। टर्मिनस स्टेशनों पर अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए स्टेशन के प्रमुख स्थानों पर आरपीएफ/वाणिज्यिक कर्मचारियों की देखरेख में कतार बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

# भारत शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए बाध्य : आफिस नजरूल

एजेंसी



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार प्रोफेसर आफिस नजरूल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रत्यर्पण करना भारत के लिए बाध्यकारी है। अगर भारत ने इनकार किया तो ढाका विरोध दर्ज कराएगा। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली 2013 में हस्ताक्षरित आपराधिक प्रत्यर्पण संधि के तहत ऐसा करने के लिए बाध्य है।

बांग्लादेश के अखबार ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, बांग्लादेश में अशांति के महीनों बाद शेख हसीना को कार्यालय छोड़ने और भारत भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अभियोजकों का दावा है कि 77 वर्षीय हसीना इस गर्मी में सैकड़ों छात्रों और प्रदर्शनकारियों की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें 18 नवंबर को अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया है। मानवता के खिलाफ कथित अपराधों का हवाला देते हुए न्यायाधिकरण ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को इस तारीख से पहले हसीना और उनके साथ आरोपित 45 अन्य लोगों को पेश करने का निर्देश दिया।

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ कथित तौर पर गायब होने, हत्या और सामूहिक हत्याओं के लिए 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। बढ़ती हिंसा के बीच पांच अगस्त को हसीना एक सैन्य हेलीकॉप्टर से भारत भाग गईं। इस हिंसा में 1,000 से अधिक लोग मारे गए। इसके बाद उनका राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिया गया। बावजूद इसके भारतीय अधिकारियों ने हसीना को नई दिल्ली के बाहरी इलाके में एक सुरक्षित घर में कड़ी सुरक्षा के बीच आश्रय दिया है।